www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in
डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84
वर्ष-37, अंक-30, मूल्य ₹10.00

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in
प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 27.07.2020 से 02.08.2020

अधिक संक्रमण वाले जिलों में अब सप्ताह में 2 दिन रहेगा लॉकडाउन

रात्रिकालीन कर्फ्यू रात 8 बजे से सुबह 5 बजे तक रहेगा

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, कोरोना संक्रमण रोकने के लिए अब प्रदेश के अधिक संक्रमण वाले जिलों में सप्ताह में 2 दिन लगातार पूर्ण लॉकडाउन रहेगा। इस दौरान आवश्यक सेवाएं छोड़कर सभी गतिविधियां प्रतिबंधित रहेंगी। लॉकडाउन रविवार को रहेगा ही, दूसरा दिन शनिवार हो या सोमवार, यह जिला क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के निर्णय अनुसार तय किया जाएगा। सभी जिलों में रात्रिकालीन कर्फ्यू रात्रि 8 बजे से प्रातः 5 बजे तक रहेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिए कि यदि कोई अधिकारी-कर्मचारी मास्क नहीं लगाता है, फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करता है अथवा अन्य तरीके से कोरोना गाइडलाइन का उल्लंघन करता है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जबलपुर में एक शादी समारोह में कुछ शासकीय अधिकारियों द्वारा गाइडलाइन का उल्लंघन किए जाने को मुख्यमंत्री ने अंत्यत गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए कि उनकी सूची उपलब्ध कराई जाए, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

गांवों पर दें विशेष ध्यान

समीक्षा में बताया गया कि प्रदेश के 53 गांवों में कोरोना संक्रमण था, जिनमें से अब 17 गांवों में संक्रमण बचा है। श्री चौहान ने निर्देश दिए कि गाँवों में विशेष सावधानी रखी जाए, जिससे संक्रमण आगे न बढ़े।

ग्वालियर एवं मुरैना में लॉकडाउन से मिला लाभ

ग्वालियर एवं मुरैना जिले की समीक्षा में पाया गया कि वहां लॉकडाउन से कोरोना संक्रमण में कमी आई है। ग्वालियर में गत दिनों 15 प्रतिशत तक पॉजिटिविटी पहुंच गई थी, जो कि अभी किए गए लॉकडाउन के बाद 7 प्रतिशत रह गई है। मुरैना में लॉकडाउन से पॉजिटिविटी दर 1.6 प्रतिशत रह गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिला क्राइसिस समूह की बैठक कर आगे के लॉकडाउन पर विचार किया जाए। लॉकडाउन धीरे-धीरे खोला जाए।

'बुरहानपुर मॉडल' को अपनाएं

श्री चौहान ने कहा कि बॉर्डर जिला होने के बावजूद बुरहानपुर ने कोरोना संक्रमण रोकने में जो कार्य किया है वह सराहनीय है। अन्य सभी जिले, विशेष रूप से अन्य राज्यों के सीमावर्ती जिले, बुरहानपुर मॉडल को अपनाएं। बुरहानपुर ने दूसरे राज्य से तथा संक्रमित क्षेत्रों से आने वाले व्यक्तियों की मॉनीटरिंग का अच्छा सिस्टम बनाया और उन्हें उनके घरों में 14 दिन तक क्वारेंटाइन किया। इससे संक्रमण रोकने में काफी मदद मिली।

संक्रमण रोकने के लिए मेल-मिलाप कम करना होगा

कोरोना संक्रमण की समीक्षा में पाया गया कि भोपाल सहित अन्य जिलों में जहाँ संक्रमण बढ़ा है, उसका एक प्रमुख कारण लोगों का आपस में मेल-मिलाप है। इसके लिए लोगों को जागरूक करना होगा कि अनावश्यक मेल-मिलाप न हो तथा मिलते समय फिजिकल डिस्टेंसिंग का पूरा पालन किया जाए। कहीं भी अधिक संख्या में लोग इकट्ठे न हों।

आशा कार्यकर्ता को पल्स ऑक्सीमीटर

बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने सुझाव दिया कि हर गांव में आशा कार्यकर्ता को पल्स ऑक्सीमीटर और टैम्प्रेचर गन उपलब्ध करवाए जाएं, जिससे कोरोना मरीजों की जल्दी पहचान आसान हो सके। उन्होंने फीवर क्लीनिक को अधिक प्रभावी बनाए जाने की भी बात कही।

राज्यपाल श्री लालजी टंडन का निधन

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने दी श्रद्धांजलि

भोपाल, राज्यपाल श्री लालजी टंडन के अवसान पर प्रदेश में पांच दिन 21 से 25 जुलाई तक राजकीय शोक घोषित किया गया। प्रदेश में इस दौरान राष्ट्र ध्वज झुके रहें। राजकीय शोक की अवधि में प्रदेश में मनोरंजन के कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किये गये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल श्री लालजी टंडन जीवनभर राष्ट्र सेवा में संलग्न रहे। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा। श्री टंडन सार्वजनिक जीवन में शुचिता के प्रतीक थे। मध्यप्रदेश में राज्यपाल के रूप में उन्होंने हमेशा जनहित में मार्गदर्शन और प्रेरणा दी। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश में उनके सुझाए नवाचार को हम सबने देखा है। उन्होंने राजभवन में न सिर्फ गौशाला का संचालन करवाया, बल्कि वे स्वयं यह कहते भी थे कि मैं इस प्रयोग को सफल करके बताऊंगा। वे आने वाले प्रत्येक अतिथि का हृदय से सत्कार करते थे। राजनीति में आपसी सौहार्द और संबंधों को हमेशा उन्होंने वरीयता दी। हमेशा उनकी सोच यही थी कि राजनीति सेवा का माध्यम है। दल कोई भी हो, लेकिन सभी को मिलजुल कर राष्ट्र की सेवा करना चाहिए। श्री चौहान ने कहा कि 12 अप्रैल 1935 को जन्में श्री लालजी टंडन ने सात दशकों की सुदीर्घ समाज सेवा का सार्वजनिक जीवन बड़ी जीवंतता से जिया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से गहरा तादात्म्य स्थापित किया। सबको साथ लेकर चलने और अजातशत्रु रहकर समाजहित में कार्य करने की अटूट आत्मशक्ति उनके व्यक्तित्व में समाहित थी। निरंतर क्रियाशील रहने के कारण ही जन कल्याणकारी कार्यों की बड़ी लम्बी श्रृखंला उनके खाते में है। वे उन चंद जन नेताओं में रहे जिन्होंने राष्ट्र सेवा और नैतिक मूल्यों की साधना राजनीति के माध्यम से की और अन्त्योदय की भारतीय अवधारणा को साकार किया।

श्री चौहान ने कहा कि सार्वजनिक जीवन की ऐसी उदात्त, व्यापक और तपी हुई पृष्ठभूमि के साथ विधान परिषद में जब वर्ष 1978 में टंडन जी पहुंचे थे तो वहां भी उन्होंने अपनी छाप छोड़ी और संसदीय मर्यादाओं को नयी ऊंचाइयां दीं। उत्तरप्रदेश विधान परिषद के दो बार सदस्य रहने के अलावा उन्होंने वहां नेता सदन की भी भूमिका निभायी। श्री लालजी टंडन विधानसभा के लिए तीन बार चुने गये। वहां नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में उन्होंने बताया कि विरोध के स्वर कैसे होने चाहिए और शालीन रहकर भी सरकार को जन-आवाज सुनने के लिए किस प्रकार बाध्य किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तरप्रदेश के वरिष्ठ मंत्री के रूप में तो टंडन जी का हर कदम प्रगति की एक नयी दास्तान बनता चला गया और नये-नये कीर्तिमान रचे जाने लगे। स्वर्गीय श्री टंडन ने पांच बार मंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने के साथ ऊर्जा, आवास, नगर विकास और जल संसाधन जैसे भारी भरकम विभाग संभाले।

राज्यपाल स्वर्गीय श्री लालजी टंडन के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित करते हुये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान।

कोरोना के संक्रमण को रोकना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

ग्वालियर, कोरोना महामारी के संक्रमण को रोकना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। संक्रमण की रोकथाम के साथ-साथ आमजनों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। आर्थिक गतिविधियां निरंतर चलती रहें और कोविड का संक्रमण न फैले इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्वालियर प्रवास के दौरान कोरोना संक्रमण के संबंध में अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बात का ध्यान रहे कि लॉकडाउन के कारण आमजनों एवं रोज कमा कर खाने वाले छोटे-छोटे व्यवसायियों को परेशानी न हो। साथ ही आर्थिक गतिविधियां भी चलती रहें। उन्होंने संक्रमण की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के साथ-साथ आमजनों को जागृत करने के लिए भी विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।

श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के साथ-साथ भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जो लोग कोविड पॉजिटिव पाये जाते हैं, उनका बेहतर से बेहतर इलाज किया जाए।

कलेक्टर श्री कौलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए किये जा रहे प्रयासों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में अस्पतालों के प्रबंधन के लिए ऑनलाइन व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। प्रशासन के पास अब हर अस्पताल की व्यवस्थाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

स्ट्रीट वेंडर्स को बैंक ऋण के लिए स्टाम्प ड्यूटी में छूट

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में मंत्रिपरिषद की बैठक सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद ने दिवंगत निरीक्षक श्री यशवंत पाल की पुत्री सुश्री फाल्गुनी पाल को विशेष प्रकरण मानकर उप निरीक्षक के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किये जाने तथा स्वर्गीय निरीक्षक श्री देवेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी की पत्नी श्रीमती सुषमा चन्द्रवंशी को विशेष प्रकरण मानकर उप निरीक्षक (विशेष शाखा) के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया।

मंत्रिपरिषद ने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना और राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स के लिए प्रारंभ ग्रामीण पथ व्यवसायी उत्थान योजना के अन्तर्गत बैंकों से ऋण प्राप्त करने के लिये भारतीय स्टाम्प अधिनियम के अन्तर्गत लगने वाला स्टाम्प शुल्क अधिकतम 50 रुपये करने का निर्णय लिया।

उद्यानिकी फसलों के लिए नवीन दिशा-निर्देशों को स्वीकृति

मंत्रिपरिषद ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत उद्यानिकी फसलों के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना को खरीफ 2020-21 से रबी 2022-23 की अवधि के लिए भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी नवीन दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में क्रियान्वयन की स्वीकृति प्रदान की।

औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन

मंत्रिपरिषद् ने उद्योग संवर्धन नीति 2014 के अन्तर्गत परिधान क्षेत्र में 25 करोड़ रुपये से अधिक पूंजी निवेश की विनिर्माण इकाइयों को मेगा स्तर की औद्योगिक इकाई मान्य किये जाने संबंधी संशोधन को स्वीकृति प्रदान की।

मंत्रिपरिषद् द्वारा उद्योग संवर्धन नीति, 2014 में संयंत्र एवं मशीनरी में 25 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश की मेगा स्तर की निर्धारित विनिर्माण इकाइयों जैसे-खाद्य प्रसंस्करण, जैव प्रौद्योगिकी, हर्बल तथा लघु वनोपज और आईटी परियोजनाओं मय परिधान क्षेत्र की विनिर्माण इकाइयों में 'विस्तार /डायवर्सिफिकेशन' अंतर्गत निवेश प्रोत्साहन सहायता का लाभ देने के लिए न्यूनतम पूंजी निवेश की सीमा 10 करोड़ रुपये के स्थान पर 5 करोड़ रुपये किये जाने का निर्णय लिया गया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

पिछला सप्ताह

18 जुलाई

आईआईटी में दाखिले के लिये जरूरी नहीं होंगे बारहवीं कक्षा में 75% अंक

● भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने कोरोना महामारी के कारण शैक्षणिक सत्र-2020 के लिये दाखिला नियमों में ढील देने का फैसला किया है। केंद्रीय मानव संसाधन और विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने बताया कि आईआईटी के ज्वॉइंट एग्जामिनेशन बोर्ड ने जेईई एडवांस्ड क्वालिफाइड छात्रों के लिये योग्यता संबंधी नियमों में बदलाव किया है। पहले आईआईटी में प्रवेश के लिये जेईई क्वालिफाई करने के साथ-साथ बारहवीं कक्षा में कम से कम 75 प्रतिशत अंक हासिल करना जरूरी था, लेकिन अब आईआईटी में प्रवेश के लिये जेईई क्वालिफाइड करने के साथ सिर्फ बारहवीं कक्षा पास करना जरूरी होगा।

● केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पंजीकरण के लिये लंबित आवेदनों को 30 जुलाई से पहले पूर्ण करने के निर्देश जारी किये हैं। सीबीआईसी ने कहा कि नियम के अनुसार, किसी भी आवेदन पर 3 कार्य दिवस में आपत्ति नहीं ली जाती है तो पंजीयन को स्वीकृत माना जाता है और जीएसटी नंबर जारी कर दिया जाता है।

19 जुलाई

विमानन क्षेत्र में निवेश के लिये बनाया गया विशेष प्रकोष्ठ

● केंद्र सरकार ने नागर विमानन क्षेत्र में निवेश की जल्द मंजूरी देने के लिये एक

विशेष प्रकोष्ठ का गठन किया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि आठ सदस्यीय निवेश मंजूरी प्रकोष्ठ (आईसीसी) निवेश की मंजूरी के लिये सिंगल विंडो की तरह काम करेगा। संयुक्त सचिव श्री अंबर दुबे को निवेश मंजूरी प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जरूरत के अनुसार, एक अन्य सदस्य की नियुक्ति भी कर सकते हैं। इस प्रकोष्ठ के गठन का उद्देश्य विमानन क्षेत्र में निवेश के लिये आने वाले प्रस्तावों को जल्द मंजूरी प्रदान करना है।

● भारत में कोरोना वैक्सीन का मानव परीक्षण का चरण शुरू हो चुका है। यह वैक्सीन इलाज के लिये इस्तेमाल होने लायक स्थिति में वर्ष 2020 के बाद ही आ पायेगी। यह दावा भारतीय चिकित्सा एसोसिएशन (आईएमए) के बोर्ड ऑफ हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. वी.के. मोंगा ने किया। डॉ. मोंगा ने कहा कि वायरस संक्रमण के लिये वैक्सीन विकसित करना एक लंबी प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि वैक्सीन विकसित करने के लिये कई स्तर और चरण होते हैं। इसमें बहुत सारी प्रक्रियायें शामिल हैं।

20 जुलाई

जेईई एडवांस के सिलेबस में नहीं होगा बदलाव

● इस वर्ष आयोजित होने वाले ज्वॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) एडवांस के सिलेबस में कोई

बदलाव नहीं किया जायेगा। आईआईटी दिल्ली द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। आईआईटी दिल्ली ने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट में यह कहा जा रहा था कि जेईई एडवांस 2020 के परीक्षा पैटर्न में बदलाव हो सकता है, लेकिन यह स्पष्ट किया जाता है कि सिलेबस में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020 में जेईई एडवांस परीक्षा आईआईटी दिल्ली द्वारा आयोजित कराई जा रही है। यह परीक्षा इस वर्ष 27 सितंबर को प्रस्तावित है।

● कोरोना महामारी के कारण देशभर में शैक्षणिक संस्थान बंद हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई है। स्कूल कब और कैसे खोले जायें, इसके लिये केंद्र सरकार ने देशभर के अभिभावकों से सुझाव आमंत्रित किये हैं। केंद्रीय मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर कहा कि राज्य सरकारें अभिभावकों से पूछें कि वे स्कूलों को कब खोले जाने पर सुविधाजनक महसूस करते हैं।

● कोरोना महामारी पर नियंत्रण हासिल करने वाले ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में एक बार फिर संक्रमण पैर पसारने लगा है। ऑस्ट्रेलिया में विक्टोरिया राज्य में कोरोना मरीजों की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न और मिशटेल में मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मास्क नहीं पहनने पर जुर्माना लगेगा। वहीं न्यूजीलैंड में भी कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं।

21 जुलाई

उम्मीदवारों को हवाई यात्रा का किराया देगा यूपीएससी

● संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) उन उम्मीदवारों को हवाई यात्रा का किराया देगा, जो साक्षात्कार और पर्सनैलिटी टेस्ट के लिये दिल्ली आयेंगे। यूपीएससी के अनुसार, लगभग 700 उम्मीदवारों ने पिछले वर्ष यूपीएससी की प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा पास की है। इन उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिये दिल्ली आना है। यूपीएससी आमतौर पर साक्षात्कार वाले उम्मीदवारों को रेल किराया देता है, लेकिन मौजूदा समय में कोरोना महामारी के कारण ट्रेनों की कमी को देखते हुये हवाई यात्रा का किराया देने का निर्णय लिया गया है। यूपीएससी इन उम्मीदवारों को एक सीलबंद पैकेट भी देगा, जिसमें मास्क, सेनेटाइजर और ग्लव्स होंगे।

Government of India
Union Public Service Commission

● महाराष्ट्र सरकार ने बाम्बे उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को प्रतिवर्ष 50 हजार रुपये का भुगतान करने का निर्णय लिया है। इस राशि का उपयोग न्यायाधीश अपने लिये चश्मा खरीदने में कर सकेंगे। महाराष्ट्र सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं। इस आदेश के तहत न्यायाधीश और उन पर निर्भर परिवार के सभी सदस्य इस राशि से अपने लिये चश्में खरीद सकेंगे।

● न्यूजीलैंड में वैज्ञानिकों ने एक नया ज्वालामुखी अलर्ट सिस्टम बनाया है। वैज्ञानिकों ने बताया कि नये सिस्टम में एल्गोरिदम पढ़ने वाली मशीनें लगाई गई हैं, जो रियल टाइम डाटा का विश्लेषण करती हैं और भविष्य में होने वाले ज्वालामुखी विस्फोटों के बारे में जानकारी देती हैं। इस सिस्टम को बनाने वाले वैज्ञानिक शेन क्रोनिन ने बताया कि यह सिस्टम रियल टाइम डाटा संग्रह कर ज्वालामुखी विस्फोट की सटीक और समय पर जानकारी दे सकता है।

22 जुलाई

अलग-अलग तारीखों में आयोजित होंगी जेईई मेन और एनडीए परीक्षाएं

● केंद्रीय मानव संसाधन और विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने जेईई मेन और एनडीए परीक्षाओं के आपस में टकराने को लेकर छात्रों के भ्रम को दूर करते हुये कहा कि विद्यार्थियों को इन परीक्षाओं की तिथि को लेकर चिंता नहीं करनी चाहिये। उन्होंने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के अधिकारियों से कहा कि ये दोनों परीक्षाएं एक ही तारीख पर आयोजित नहीं हों, ऐसा कार्यक्रम बनाया जाये। उल्लेखनीय है कि जेईई मेन की परीक्षाएं 18 जुलाई से 23 जुलाई 2020 को आयोजित होनी थीं, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था। अब यह परीक्षा 1 से 6 सितंबर के बीच आयोजित होनी हैं, वहीं यूपीएससी की एनडीए परीक्षा भी 6 सितंबर को आयोजित होनी है। इन दोनों परीक्षाओं में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों ने सरकार से अपील की थी कि ये दोनों परीक्षाएं एक ही तिथि पर न हों।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
JEE (Main)

● भारत में निजी कंपनियों ने ट्रेनों के संचालन में दिलचस्पी दिखाई है। रेल मंत्रालय द्वारा आयोजित आवेदन पूर्व सम्मेलन में 16 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रेल मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि रेलवे ने 109 रूट के लिये 151 निजी ट्रेनों के परिचालन के लिये आवेदन आमंत्रित किये हैं। रेलवे ने कहा कि इससे रेलवे में निजी क्षेत्र के 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है। निजी ट्रेनों की गति 160 किलोमीटर प्रति घंटा तक होगी। इन ट्रेनों के परिचालन में लोको पायलट और गार्ड रेलवे के कर्मचारी होंगे, जबकि गाड़ी में भोजन सहित अन्य व्यवस्थायें निजी ऑपरेटर्स करेंगे।

● कोरोना महामारी के कारण विश्वभर में बंद पड़ी पर्यटन व्यवस्थाएं फिर शुरू होने लगी हैं। यूरोप के दूसरे सबसे बड़े पर्वत और प्रसिद्ध पर्यटन स्थल माउंट ब्लांक पर्यटकों के लिये खोल दिया गया है। यह पर्वत फ्रांस और इटली की सीमा पर स्थित है। एक अनुमान के अनुसार, कोरोना काल में पर्यटक समुद्र तटों पर भारी भीड़ के कारण पर्वतीय क्षेत्रों का रुख करेंगे।

23 जुलाई

छह से ग्यारह सितंबर तक होगी दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) दिल्ली विश्वविद्यालय के लिए प्रवेश परीक्षा 6 से 11 सितंबर तक आयोजित करेगी। यह प्रवेश परीक्षा स्नातक, स्नातकोत्तर, एफ. फिल और पीएचडी के विभिन्न कोर्स में दाखिले के लिए होगी। यह परीक्षा ऑनलाइन मोड में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रवेश शाखा ने नोटिस जारी कर बताया कि स्नातक, स्नातकोत्तर, एम. फिल और पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया गया है। अब उम्मीदवार 31 जुलाई, 2020 तक आवेदन कर सकते हैं।

● देश में कोरोना महामारी संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने आईटी और बीपीओ कंपनियों के लिए वर्क फ्रॉम होम की अवधि को बढ़ा दिया है। सरकार द्वारा इन कंपनियों के लिए जारी वर्क फ्रॉम होम दिशा-निर्देशों के तहत यह अवधि 31 दिसंबर तक बढ़ाई गई है। इससे पहले यह अवधि 31 जुलाई को समाप्त हो रही थी। उल्लेखनीय है कि भारत में आई.टी. कंपनियों के 85 प्रतिशत कर्मचारी घर से ही काम कर रहे हैं।

● अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के खिलाफ बड़ा कदम उठाते हुए ह्यूस्टन स्थित चीनी महावाणिज्य दूतावास को बंद करने को कहा है। माना जा रहा है कि अमेरिकी सरकार के इस कदम से दोनों देशों के संबंधों में तनाव बढ़ा जाएगा। अमेरिका के इस कदम का चीन में विरोध शुरू हो गया है। चीन के एक अधिकारी ने इस आदेश को अपमानजनक और अनुचित बताते हुए चेतावनी दी है।

24 जुलाई

एक अक्टूबर से अनिवार्य होगा जीएसटी ई-चालान

● केंद्र सरकार नई जीएसटी ई-चालान योजना अधिसूचित करने जा रही है। इस योजना के तहत 500 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा कारोबार करने वाली कंपनियां सेंट्रलाइज्ड गवर्नमेंट पोर्टल पर सभी चालान जनरेट कर सकेंगी। यह सुविधा एक अक्टूबर से लागू होगी। जीएसटी काउंसिल के सुझाव पर छोटे कारोबारियों को इससे छूट दी गई है। सीबीआईसी के प्रिंसिपल कमिश्नर योगेंद्र गर्ग ने कहा कि मौजूदा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) रिटर्न फाइलिंग सिस्टम को नई प्रणाली में प्रस्तावित सुविधाओं को शामिल करके और बेहतर बनाया जायेगा।

● अमेरिका में एच-1 बी सहित तमाम नॉन इमीग्रेशन वीजा पर अमेरिकी सरकार के आदेश का विरोध तेज हो गया है। इस आदेश के खिलाफ अमेरिका की पांच शीर्ष व्यापारिक संस्थाओं ने कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। ट्रंप प्रशासन के इस फैसले के खिलाफ 174 भारतीयों का एक समूह भी मुकदमा दायर कर चुका है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में एच-1 बी वीजा के तहत बड़ी संख्या में भारतीय आईटी पेशेवर कार्य कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 22 जून को एच-1 बी सहित कई वीजा श्रेणियों पर साल के आखिर तक रोक लगाने का ऐलान किया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सेन्ट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी (सिपेट)
Central Institute of Plastics Engineering & Technology (CIPET)
(Dept. of Chemicals & Petrochemicals, Ministry of Chemicals & Fertilizers, Govt. of India)
जी-सेक्टर, गोविन्दपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जे.के. रोड, भोपाल - 462023 (म.प्र.) भारत
दूरभाष: 0755-4028622/23, ई-मेल: cipet.bhopal@gmail.com
काउन्सलर आधारित टेस्ट के माध्यम से प्रवेश : जेईई 2020
ऑनलाइन आवेदन हेतु : http://eadmission.cipet.gov.in
सिपेट प्रवेश परीक्षा 2020
डिप्लोमा, पोस्ट डिप्लोमा व पी.जी. डिप्लोमा
DPT, DPMT, PD-PMD, PGD-PPT
सुविधाएँ : छात्रवृत्ति (शासननियमानुसार), हॉस्टल
नौकरी के सुनहरे अवसर एवं उत्कृष्ट प्लेसमेंट
जेईई आवेदन की अंतिम तिथि: 31 जुलाई, 2020
जेईई की तिथि: 5 अगस्त, 2020
हेल्पलाईन: 9589015185, 7869955238, 9993170682
Shreeram
R-44151/2020

PEOPLE'S UNIVERSITY
(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)
PEOPLE'S COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES & RC
Recognized by the Paramedical Council of Madhya Pradesh,
Director of Medical Education and Higher Education Department
ADMISSION OPEN 2020-21
MPT Masters of Physiotherapy - (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports) 2 yrs PG Degree Program, Eligibility : BPT
BPT Bachelor of Physiotherapy* 4½ yrs Degree Course
BMLT Bachelor of Medical Lab Technology* 3 yrs Degree Course
DMLT Diploma in Medical Lab Technology* 2 yrs Diploma Course
DDT Diploma in Dialysis Technology* 2 yrs Diploma Course
*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology
Attached with People's Teaching Hospital 1000 bedded (ISO 9001:2015) Training facilities such as dissection/demonstration hall, Anatomy Museum OPD/IPD postings, community/ field visit etc. ▮ Separate hostel facility Scholarship facility available. ▮ Medical camps, Health & Nutritional awareness Camp. etc. Institutional NSS & NCC Activities. ▮ Educational Visits and Student's Tour.
Ph. 0755-4005295, M. 98262 44676
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.) 462037
E-mail: pcps.pu2017@gmail.com
Shreeram
R-44158/2020

रोज़गार और निर्माण वर्ष 37, अंक 30, 27.07.2020 से 02.08.2020

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह ● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत वार्यगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : mpmdtp@yahoo.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

ग्राम-सभा की वीडियोग्राफी

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि ग्राम विकास सरकार की पहली प्राथमिकता है। ग्रामों के चहुँमुखी विकास के लिए ग्राम-सभाओं की महती भूमिका होती है। गाँवों में होने वाले विकास कार्यों का चयन एवं समीक्षा ग्राम-सभा के माध्यम से हो। ग्राम-सभाओं के आयोजन की वीडियोग्राफी भी करवायी जाए। मंत्री श्री सिसोदिया ने उक्त निर्देश विकास आयुक्त कार्यालय भोपाल स्थित विंध्याचल भवन में विभागीय समीक्षा बैठक में दिए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष में होने वाली चार ग्राम-सभाओं के अतिरिक्त भी आवश्यकतानुसार प्रत्येक दो माह में ग्राम-सभा की बैठक बुलायी जाए। ग्राम-सभा का पर्याप्त प्रचार प्रसार एवं मुनादी कराएं, जिससे अधिक से अधिक ग्रामवासी ग्राम-सभा में उपस्थित हो सकें। उन्होंने कहा कि ग्राम-सभा में मनरेगा के अंतर्गत किए जाने वाले कार्य, कार्यरत मजदूरों और जॉब कार्डधारियों के नाम पढ़कर सुनाए जाएं। अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास ने बताया कि विगत वर्षों की तुलना में मनरेगा के अंतर्गत वर्ष 2020-21 में लेबर नियोजन सर्वाधिक हुआ है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 संक्रमण के दृष्टिगत मनरेगा मजदूरों को मास्क, सेनिटाइजर आदि भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस योजना में प्रदेश में किए जाने वाले नवाचारों में श्रम सिद्धि अभियान की भी जानकारी दी गई। श्री सिसोदिया ने कहा कि श्रमिकों को ग्राम-स्तर पर सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। स्व-सहायता समूहों के क्लस्टर बनाकर उनके द्वारा निर्मित उत्पाद को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रत्येक मिडिल और हाईस्कूल में वाउण्ड्रीबॉल बनायी जाएगी। गौशालाओं को गौ-संवर्धन योजनाओं से जोड़ा जाएगा। मंत्री श्री सिसोदिया ने निर्देश दिए कि मनरेगा के अंतर्गत अधिकाधिक स्थायी संपत्तियों का निर्माण किया जाए। ग्रामों में बनने वाली सीमेंट-कांक्रीट रोड में आवश्यकतानुसार दोनों तरफ मुरमीकरण का शोल्डर भरे जाने के प्रावधान से संबंधित कार्यवाही से अवगत कराया जाएगा। मनरेगा के अंतर्गत कार्यस्थलों में श्रमिकों को दी जाने वाली अन्य सुविधाएं जैसे - झूलाघर, मेडिकल किट आदि व्यवस्थाओं का सतत परीक्षण किया जाए। जॉब कार्ड श्रमिक के पास ही हो यह सुनिश्चित किया जाए। श्रम सिद्धि अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले सर्वे में सोशल ऑडिट के विलेज, सोशल एनीमेटर एवं स्व-सहायता समूह के सदस्यों को संलग्न किया जाए तथा एक पंचायत का सर्वे कार्य दूसरे पंचायत की टीम से कराया जाए। मनरेगा के अंतर्गत पंचायत भवनों एवं शाला भवनों में आवश्यकतानुसार एवं प्रावधानानुसार वाउण्ड्रीबॉल निर्माण तथा पौधरोपण के कार्य किए जाएं। मनरेगा के अंतर्गत शालाओं में किचन सेट के साथ डायनिंग हॉल का आवश्यकतानुसार निर्माण किया जाए। निर्माणाधीन गौशालाओं के कार्य में तेजी लाते हुए इन्हें शीघ्र पूरा कराया जाए। निर्मित गौशालाओं के संचालन का कार्य शीघ्र स्व-सहायता समूहों से अनुबंध कर पुनः सौंपा जाए। समूह को आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से गौ उत्पादों के उत्पादन और विक्रय को प्रोत्साहित किया जाए। मनरेगा के कार्यों में स्व-सहायता समूहों की अधिकाधिक सहभागिता बढ़ाई जाए। मंत्री महोदय ने बैठक में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसे निजी प्लेटफॉर्म का उपयोग कर समूह उत्पादों के विपणन संबंधी प्रयास किए जाएं। वीसी सखी एवं कृषि सखी की संख्या बढ़ाकर उनका सशक्तिकरण किया जाए। मनरेगा के जॉब कार्ड के सत्यापन में स्व-सहायता समूह सदस्यों की सेवाएं भी ली जाएं। क्लस्टर आधारित सामूहिक आजीविका गतिविधियों के प्रस्ताव तैयार किए जायें तथा सेनिटरी नैपकिन के निर्माण और इसके प्रचार-प्रसार तथा उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। मध्यप्रदेश सरकार ग्राम-सभाओं को लेकर सतत सजग रही है और समय-समय पर इसकी बेहतरी के लिए शासन द्वारा उपाय किए जाते रहे हैं।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

गतांक से आगे - जब सूर्य द्वारा अत्यधिक तप्त चट्टानें वर्षा से अचानक ठंडी होती हैं तो वे चटक कर टूट जाती हैं। जब यही प्रक्रिया हजारों वर्षों तक चलती रहती है तो बड़ी-बड़ी चट्टानें चूर-चूर होकर बालू बन जाती हैं। इसी प्रकार पाला भी चट्टानों को तोड़ सकता है। चटकी चट्टानों की दरार में फंसा हुआ पानी सर्दी पड़ने पर हिम का रूप धारण कर फैल जाता है। यह दबाव अक्सर चट्टानों को फोड़ देता है। इनके साथ अन्य संयोगों ने मिलकर भूमि की उस रूप में रचना की है, जिस रूप में आज हम देखते हैं। दृश्य भूमि की आकृतियां स्थलमंडल की चट्टानी उप-रचना से निर्धारित होती हैं। भू-वैज्ञानिक दृष्टि से कहा जाए तो वे सभी पदार्थ जिनसे पृथ्वी पटल का निर्माण हुआ है, चट्टानें हैं, चाहे वह ग्रेनाइट गोलाश्म हो, दाह्य कोयला हो, चिकनी मिट्टी हो या बालू-कंकड़ के अदृढ़ खंड हों। स्थलमंडल को कई जलवायु प्रदेशों में विभाजित किया जाता है। हम जानते हैं कि पृथ्वी का ऊपरी भाग अर्थात इसका दृश्य धरातल, विगत काल में आमूल-चूल परिवर्तनों का शिकार हुआ है। भू-वैज्ञानिकों का कहना है कि हजारों वर्षों के दौरान पृथ्वी के शीतलन एवं संकुचन के परिणाम के रूप में इतने सारे परिवर्तन हुए हैं।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस | 30 जुलाई

अच्छा मित्र होना है ज़रूरी

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

मित्र कैसा हो और उसका चयन कैसे हो इस बारे में आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने अपने निबंध मित्र में लिखा है कि, मित्र उसी को चुनना चाहिए जिसमें हमसे अधिक आत्मबल हो। इसके अलावा वह विश्वासपात्र, साफ दिल वाला, मृदुल और सच बोलने वाला हो। मित्र का कर्तव्य इस प्रकार बताया गया है- 'उच्च और महान कार्य में इस प्रकार सहायता देना, मन बढ़ाना और साहस दिलाना कि तुम अपनी निज की सामर्थ्य से बाहर का काम कर जाओ।' यह कर्तव्य उससे पूरा होगा जो दृढ़-चित्त और सत्य-संकल्प का हो। इसलिये हमें ऐसे ही मित्रों की खोज में रहना चाहिए, जिनमें हमसे अधिक आत्मबल हो। हमें उनका पल्ला उसी तरह पकड़ना चाहिए जिस तरह सुग्रीव ने राम का पल्ला पकड़ा था। मित्र हों तो प्रतिष्ठित और शुद्ध हृदय के हों। मृदुल और पुरुषार्थी हों, शिष्ट और सत्यनिष्ठ हों, जिससे हम अपने को उनके भरोसे पर छोड़ सकें, और यह विश्वास कर सकें कि उनसे किसी प्रकार का धोखा न होगा।

दोस्ती के कार्ड बांटने का शुरू हुआ सिलसिला

दोस्ती के प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले इस दिन की शुरुआत सन् 1919 में हुई, जिसका श्रेय हॉलमार्क कार्ड्स के संस्थापक जॉएस हॉल को जाता है। लोगों को इस दिवस को मनाने के लिए अपने दोस्तों को फ्रेंडशिप डे पर कार्ड भेजने के लिए प्रेरित किया गया। उन दिनों शुरू हुआ यह सिलसिला बदस्तुर आज भी जारी है। हां, लेकिन समय के साथ अब कार्ड्स की जगह वॉट्सएप मैसेज, डिजिटल कार्ड, वीडियो, इंस्टाग्राम और सोशल नेटवर्किंग साइट्स की पोस्ट ने ली है। हालांकि कुछ समय बाद लोगों को यह समझ आ गया कि इसके पीछे जॉएस हॉल का उद्देश्य कार्ड को बेचना था।

सन् 1958 में 30 जुलाई को औपचारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय फ्रेंडशिप डे (विश्व मैत्री दिवस) सबसे पहले दुनिया में दक्षिण अमेरिकी देश पराग्वे ने मनाया था। डॉक्टर अर्टरमिओ ने अपने दोस्त ब्राचो के साथ पराग्वे नदी के पास रात्रि भोजन किया था। इस प्रकार दक्षिण अमेरिकी देशों में सबसे पहले इस दिन को उत्सव के रूप में मनाने की शुरुआत हुई थी। तब से, 30 जुलाई को हर साल पराग्वे में मैत्री दिवस मनाया जाता है और इसे कई अन्य देशों द्वारा भी अपनाया गया है।

संयुक्त राष्ट्र ने 2011 में घोषणा की

आज हम ऐसी दुनिया में जी रहे हैं, जहां भरोसे की कमी है, भेदभाव, संस्कृति और जाति-धर्म के नाम पर संघर्ष, संवाद की कमी, एक-दूसरे के साथ अच्छा व्यवहार न करना, जमीन के टुकड़ों, खनिज-संसाधनों, समुद्र की सीमाओं के लिए आपसी संघर्ष यह सब ऐसी कड़वी हकीकत है, जो पूरी दुनिया की समस्या है। ऐसे में 2011 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस मनाने का निर्णय लेना एक अच्छा फैसला था। यह खास दिन संस्कृति, विचारधारा और देशों की सरहद से परे जाकर मित्रता निभाने के लिए प्रेरित करता है।

वर्ल्ड फ्रेंडशिप क्रुसेड ने यूनाइटेड नेशन से 30 जुलाई को मित्रता दिवस के रूप में मनाने का आग्रह किया था।

संयुक्त राष्ट्र ने 2011 को प्रतिवर्ष 30 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव बान की-मून ने कहा, 'इस अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस पर, चलिए हम सौहार्द्र का माहौल बनाएं, जो हमारी मानवता को मजबूत करे और मानव जाति के कल्याण को प्रोत्साहित करे।' इसका अंतर्निहित विचार देशों में, लोगों में और भिन्न-भिन्न मूल की संस्कृतियों में मित्रता को प्रोत्साहित करना है, जिससे कि उनके बीच शांति और मैत्री का संबंध और मजबूत हो। संयुक्त राष्ट्र विभिन्न समुदाय और संस्कृति वाले देशों और लोगों के बीच स्वस्थ संवाद को बढ़ावा देने हेतु अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, सरकारों और सामान्य लोगों को इवेंट और अन्य गतिविधियां आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

दुनिया के कई देशों में अगस्त के पहले रविवार को मनाते हैं फ्रेंडशिप डे

दक्षिण अमेरिकी देशों में जुलाई महीने को काफी पावन माना जाता है, इसलिए जुलाई के अंत में ही इस दिन को मनाते हैं। हालांकि दोस्ती का यह त्योहार दुनियाभर में अलग-अलग तिथियों को मनाया जाता है, लेकिन इसके पीछे की भावना हर

जगह एक ही है- 'दोस्ती का सम्मान'। दक्षिण अमेरिकी देशों से शुरू हुआ यह त्योहार उरुग्वे, अर्जेंटीना, ब्राजील में 20 जुलाई को, पराग्वे में 30 जुलाई को, जबकि भारत, मलेशिया, बांग्लादेश आदि दक्षिण एशियाई देशों सहित दुनियाभर के बाकी देशों में यह अगस्त महीने के पहले रविवार को मनाया जाता है।

दोस्ती का सेहत पर असर

दोस्ती न सिर्फ व्यक्ति को मानसिक तौर पर मजबूत बनाती है बल्कि स्वास्थ्य पर भी उसका सकारात्मक असर पड़ता है। जिसके पास सच्चे मित्र होते हैं वह खुश रहता है और तनाव भी उसे कम होता है। आत्मविश्वास बढ़ता है। किसी गंभीर दुख जैसे तलाक, बीमारी, बेरोज़गारी या किसी अपने की मौत के गम को भुलाने जैसी तकलीफ को दूर करने में भी एक दोस्त की भूमिका सबसे खास हो सकती है। व्यक्ति में मौजूद बुरी आदतें छुड़वाने में भी दोस्त एक सकारात्मक भूमिका निभा सकता है। आज के दौर में जब मानसिक तनाव और डिप्रेशन के मरीजों की संख्या इतनी ज्यादा बढ़ चुकी है, ऐसी स्थिति से बाहर निकालने में भी एक अच्छा और सच्चा दोस्त किसी दवाई का काम करता है।

वैश्विक महामारी से लड़ने के लिए वैश्विक मित्रता की ज़रूरत

आज जब पूरा विश्व कोविड-19 महामारी से जूझ रहा है। दुनिया के अधिकांश देश इस समय इसकी चपेट में हैं। इससे लड़ने के लिए सबसे जरूरी सबको मिलकर इससे लड़ना है। ऐसी स्थिति में वैश्विक सहयोग की मजबूत भावना की जरूरत है। अंतर्राष्ट्रीय संगठन इस खतरनाक महामारी से निपटने के लिए विश्व को मिलकर कोशिश करने की कह रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र हो या फिर अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, इन संगठनों को ग्लोबल सहयोग की जरूरत महसूस हो रही है। इस संदर्भ में आईएमएफ की महानिदेशक क्रिस्टालिना जार्जिवा ने भी समूचे विश्व समुदाय से अपील की है कि, वह विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग करें। उनका मानना है कि इससे न केवल कोविड-19 महामारी के संकट को कम से कम समय में काबू में किया जा सकेगा, बल्कि यह वैश्विक पुनरुत्थान के लिए भी जरूरी है। इन सब चिंताओं और चुनौतियों के मद्देनजर सभी देशों और प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को एकजुट होकर काम करना चाहिए, ताकि सदी के सबसे बड़े संकट से मुकाबला किया जा सके। पूरे विश्व में मानवता को बरकरार रखने और विश्व की सुंदरता को बनाए रखने के लिए जरूरी है मित्रता। एक राष्ट्र तथा एक विश्व को मजबूत और समृद्ध करने के लिए जरूरी है मित्रता और इस मित्रता को बनाए रखने के लिए यूनेस्को द्वारा देशों के मध्य सांस्कृतिक स्थानांतरण कार्यक्रम किए जाते हैं।

आज जिस तकनीकी युग में हम जी रहे हैं, उसने लोगों को एक-दूसरे से काफ़ी करीब ला दिया है। लेकिन साथ ही साथ इसी तकनीक ने हमसे सुकून का वह समय छीन लिया है जो हम आपस में बांट सकें। आज हमने पूरी दुनिया को तो मुट्ठी में कैद कर लिया है, लेकिन इसके साथ ही हम खुद में इतने मशगुल हो गए हैं कि अपनों से ही दूर हो गए हैं। सुप्रसिद्ध अमेरिकी लेखक डेल कार्नेगी ने मित्र बनाने की कला पर अनेक पुस्तकें लिखी हैं, उन्होंने अपनी एक पुस्तक में लिखा है- 'मेरी सारी संपत्ति लेकर मुझे कोई एक सच्चा मित्र दे दो।'

अमेरिकी धन कुबेर हेनरी फोर्ड का उदाहरण देते हुए उन्होंने लिखा है कि, उससे एक बार पत्रकारों ने पूछा- आपके पास अपार धन संपत्ति है, सभी सुख-सुविधाएं मौजूद हैं इतना सब होने पर आप जीवन में किस बात की कमी महसूस करते हैं? हेनरी फोर्ड ने कहा- धन संपत्ति के चक्कर में, मैं एक भी सच्चा मित्र नहीं बना सका। फ्रेंडस बहुत मिले परन्तु वह फ्रेंडशिप केवल साथ खाने-पीने, मौज, शौक की ही थी। जो सच्चे दिल से मुझे चाहे और मैं उसे चाहूं, ऐसा एक भी मित्र मुझे नहीं मिला। यह मेरे जीवन की एक बहुत बड़ी रिक्तता एवं कमी है।

(फोटो गूगल से साभार)

संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग
विजयाराजे वात्सल्य भवन, 28 ए, अरेरा हिल्स, भोपाल म.प्र.

फोन - 0755-2550909, 910, ईमेल - commwcd@nnic.in

क्र./मवाधि/पोषण अभियान/2020 - 21/4865 भोपाल, दिनांक 09.07.2020

विज्ञप्ति

संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग, भोपाल में विभिन्न योजनाओं के वेब एवं एण्ड्रायड एप्लीकेशन निर्मित करने हेतु समय-समय पर प्रशिक्षित एवं सक्षम मानव संसाधन की आवश्यकता होती है, जिसके लिए योग्य व्यक्तियों का empanelment किया जाना है। इन व्यक्तियों में निम्नानुसार योग्यता वांछित है -

Sr. No.	Post Name	Qualification	Experience	Renumeration Per Day
1.	Senior Android Developer	MCA/BE Computer Science/B Tach Computer Science or higher	Minimum 5 years experience with android technology Minimum 1 years experience of handling Government projects	Rs. 3000
2.	Senior Web Developer	MCA/BE Computer Science/B Tach Computer Science or higher	Minimum 7 years experience with dot net and SQL server Minimum 5 years experience of handling Government projects	Rs. 2500
3.	Junior Web Developer	MCA/BE Computer Science/B Tach Computer Science or higher	Minimum 2 years experience with dot net and SQL server Minimum 1 years experience of handling Government projects	Rs. 1500

व्यक्तियों का चयन संचालनालय स्तर पर लिखित परीक्षा एवं/अथवा साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति अपना बायोडाटा, संबंधित दस्तावेज एवं अनुभव संबंधी प्रमाणपत्रों का विवरण **दिनांक 27.07.2020 को सायं 5 बजे तक** पते पर **poshan.abhiyaan@mp.gov.in** ईमेल के माध्यम से प्रेषित कर सकते हैं। उक्त दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। यहां यह स्पष्ट किया जाता है कि यह इम्पैनलमेंट कार्य की गारंटी नहीं है। विभाग में उपयुक्त कार्य उपलब्ध होने की अवस्था में ही इम्पैनल्ड व्यक्ति को कार्य सौंपा जाएगा।
(संचालक म.बा.वि. द्वारा अनुमोदित)

संयुक्त संचालक
जी-12687/44137/2020 महिला एवं बाल विकास, मध्यप्रदेश

कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जल भवन, बाणगंगा, भोपाल 462003

ई-मेल - sepheprocho@mp.gov.in, दूरभाष क्रमांक 0755-2779411-12

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 063/नि.प्र./प्र.अ./लोस्वायांवि/2020-21 भोपाल, दिनांक 14.07.2020

धार जिले के सरदारपुर खण्ड के विकासखण्ड बदनावार एवं सरदारपुर की 75 वसाहटों की गुणवत्ता प्रभावित वसाहटों की समूह जलप्रदाय योजना के निर्माण कार्य की निविदा लागत रु. 1418.00 लाख का 90 दिनों के ट्रायल रन सहित तथा 2 वर्ष के संचालन एवं संधारण सहित प्रतिशत दर (एपेण्डिक्स 2.10) निविदा का ऑनलाइन आमंत्रण निम्न तालिकानुसार वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर किया गया है। निविदा प्रपत्रों के क्रय एवं जमा करने हेतु निर्धारित समय एवं तिथि का अवलोकन वेबसाइट पर किया जा सकता है।
निविदा में संशोधन की स्थिति में उसे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा किन्तु वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक	जिला	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (PAC) - (रु. लाख में)	धरोहर राशि (EMD) - (रु. लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य की अवधि
1.	2019_PHED_97912_1	धार	धार जिले के सरदारपुर खण्ड के विकासखण्ड वदनावर एवं सरदारपुर की 75 गुणवत्ता प्रभावित वसाहटों की समूह जलप्रदाय योजना के समस्त अवयवों का निर्माण कार्य 90 दिनों के ट्रायल रन सहित।	1418.14	10.00	30,00/-	निर्माण अवधि - 18 माह वर्षाकाल सहित एवं निर्माण उपरांत संचालन संधारण - 24 माह
			कुल रु.	1418.14			

अधीक्षण यंत्री (प्रोक्योरमेंट)
कार्यालय प्रमुख अभियंता
जी-12692/44138/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल

ऑल इंडिया कोऑर्डिनेटेड रिसर्च प्रोजेक्ट ऑन फुट एंड माउथ डिसीज
कार्यालय, संयुक्त संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएँ
राज्य पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला, भोपाल, म.प्र.

क्रमांक 00/एआईसीआरपी/एफएमडी/भोपाल दिनांक 00.00.2020

वॉक-इन-इंटरव्यू

पदनाम	:	यंग प्रोफेशनल-2 (YP II)
प्रोजेक्ट का नाम	:	ऑल इंडिया कोऑर्डिनेटेड रिसर्च प्रोजेक्ट ऑन एपिडेमियोलॉजिकल स्टडीज ऑन फुट एंड माउथ डिसीज
प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर	:	डॉ. सुनील परनाम, संयुक्त संचालक (रोग अनुसंधान)
कार्यस्थल	:	एफएमडी नेटवर्किंग यूनिट, भोपाल, (राज्य पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला भोपाल, मध्यप्रदेश)
पद संख्या	:	01 (एक)
नियोजन का प्रकार	:	संविदा आधार पर
आवश्यक योग्यता	:	माइक्रोबायोलॉजी, लाइफ साइंसेज, बायोकेमिस्ट्री, बायोटेक्नोलॉजी में मास्टर डिग्री या वेटरनरी/प्रासंगिक तकनीकी ग्रेजुएट
वांछनीय योग्यता	:	1. एलाईसा टेस्टिंग का अनुभव 2. डायग्नोस्टिक लैबोरेट्री का कार्य अनुभव 3. कम्प्यूटर/डाटा हैंडलिंग का कार्य अनुभव, 4. पशुओं से जांच नमूने एकत्र करने का अनुभव।
आयु सीमा	:	21 से 45 वर्ष (आयु में छूट नियमानुसार)
मानदेय YP II	:	रु. 25000/- प्रतिमाह फिक्स (आईसीएआर के नियमानुसार)
साक्षात्कार स्थल एवं समय	:	**11.08.2020**, सुबह 11.00 बजे, सभागृह, राज्य पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला राज्य पशु चिकित्सालय परिसर, जेल रोड, जहांगीराबाद, भोपाल, मध्यप्रदेश।

इच्छुक आवेदक उपरोक्त वॉक इन इंटरव्यू हेतु बताए गए स्थल एवं समय पर कम्प्यूटर टाइप आवेदन बायोडाटा एवं पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, ओरिजिनल सर्टिफिकेट को स्वयं द्वारा सत्यापित प्रतिलिपि के साथ उपस्थित हो सकते हैं। इस इंटरव्यू हेतु अलग से कोई कॉल लेटर नहीं भेजा जाएगा। उक्त पद पूर्णता अस्थाई एवं संविदा आधार पर है जिसकी अवधि 31 मार्च 2021 या प्रोजेक्ट के खत्म होने तक जो भी पहले हो तक है एवं यह संस्थान किसी भी प्रकार से प्रोजेक्ट अवधि उपरांत अभ्यार्थी को नियुक्ति नहीं देगा या देने के लिए बाध्य नहीं होगा। उक्त इंटरव्यू हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा या दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। उपरोक्त इंटरव्यू के साथ प्रैक्टिकल परीक्षा भी हो सकती है अतः शाम तक रुकने की व्यवस्था से आएं।

संयुक्त संचालक (रो अनु)
जी-12695/44139/2020 राज्य पशु, रोग अन्वेषण प्रयोगशाला, भोपाल मध्यप्रदेश

निविदा आमंत्रण सूचना (ई-पद्धति)
मध्यप्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, रानी अवंती बाई लोधी सागर
परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)
द्वितीय आमंत्रण

मध्यप्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्में जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती हैं, से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है -

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना की बायीं तट मुख्य नहर की आर.डी. 0.00 कि.मी. से आर.डी. 5.00 कि.मी. के मध्य निर्धारित स्थानों पर मिट्टी कार्य, पी.सी.सी. लाइनिंग, आर.सी.सी. लाइनिंग का सुधार कार्य एवं इनर्जी डिसीपेटर एवं वेव सप्रेसर का निर्माण कार्य। पाटन शाखा नहर की आर.डी. 0.00 कि.मी. से आर.डी. 10.00 कि.मी. के मध्य निर्धारित स्थानों पर मिट्टी कार्य, आर.सी.सी. लाइनिंग कार्य एवं रेलवे स्ट्रक्चर के डाउन स्ट्रीम में रिटेनिंगवॉल का निर्माण कार्य।

निविदा क्रमांक	अनुमानित लागत (लाख रुपये में)	धरोहर राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने अवधि
06/सा.मु.अ./2020-21 दिनांक 01.07.2020	रु. 1125.63 लाख (एक हजार एक सौ पच्चीस लाख त्रेसठ हजार मात्र) (यू.सी.एस.आर. 01/9/2017 पर लागू)	रु. 563000/- (पांच लाख त्रेसठ हजार रुपये मात्र)	रु. 30000/- (तीस हजार रुपये मात्र)	12 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये **www.mptenders.gov.in** का अवलोकन करें।
2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इन्टरनेट एकाउंट से भुगतान करने के उपरांत केवल ऑनलाइन निविदा क्रय की जा सकती है।
3. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक एवं समय - **दिनांक 30.07.2020** सायं 17.30 बजे तक।
4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो वह केवल वेबसाइट पर दर्शाया जायेगा। समाचार पत्र में नहीं।

मुख्य अभियंता
जी-12697/44140/2020 रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर

निविदा आमंत्रण सूचना (ई-पद्धति)
मध्यप्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, रानी अवंती बाई लोधी सागर
परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)
(प्रथम आमंत्रण)

मध्यप्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्में जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती हैं, से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है -

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना के अंतर्गत मुख्य नहर की आर.डी. 130.670 कि.मी. से आर.डी. 135.500 कि.मी., सड्डमर शाखा नहर, की आर.डी. 0.00 कि.मी. से आर.डी. 20.61 कि.मी., रेनुका वितरण नहर, डुंगरिया वितरण नहर की साफ-सफाई, मिट्टी का कार्य, सीमेन्ट कांक्रीट लाइनिंग एवं स्ट्रक्चर्स के मरम्मत एवं सुधार कार्य, चौकीदार हटमेन्ट एवं वेरीकेट्स का निर्माण कार्य।

निविदा क्रमांक	अनुमानित लागत (लाख रुपये में)	धरोहर राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने अवधि
05/सा.मु.अ./2020-21 दिनांक 01.07.2020	रु. 145.58 लाख (एक सौ पैंतालीस लाख अन्ठावन हजार मात्र) (यू.सी.एस.आर. 01/9/2017 पर लागू)	रु. 146000/- (एक लाख छियालीस हजार रुपये मात्र)	रु. 12500/- (बारह हजार पांच सौ रुपये मात्र)	12 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये **www.mptenders.gov.in** का अवलोकन करें।
2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इन्टरनेट एकाउंट से भुगतान करने के उपरांत केवल ऑनलाइन निविदा क्रय की जा सकती है।
3. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक एवं समय - **दिनांक 30.07.2020** सायं 17.30 बजे तक।
4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो वह केवल वेबसाइट पर दर्शाया जायेगा। समाचार पत्र में नहीं।

मुख्य अभियंता
जी-12698/44141/2020 रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

REGIONAL OFFICE, INDORE
(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
CIN : U51102MP1977SGC001392
101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore – 01 (M.P.)
Phone : (O) 0731-2970611, 2974363, 2971311, Fax No. : 0731-2972629
(Formerly M.P. Audyogik Kendra Vikas Nigam (I) Ltd.)
Website : invest.mp.gov.in, E-mail : ed.roind@mpidc.co.in
No. MPIDC/R.O.IND/ACCT/20/9749 Date : 20.07.2020

NOTICE INVITING TENDER IInd Call

On line tenders for the following work are invited through e-procurement system– **https://www.mptenders.gov.in**

Sr. No.	Name of work	P.A.C.	EMD	Cost of Tender Form
1.	House Keeping work, Pest Control & Supply of Consumable (Allied Services) for MP IDC Ltd. R.O. Indore (for 36 Months)	Rs. 66.17 Lacs	Rs. 66,170.00	Rs. 11,800/- (i/c GST)

Last date of tender purchase : 04.08.2020
Note : Form Fee and EMD exemptions for MSE are not applicable.
Details NIT along with other details can be viewed after publication in news paper within 3 working days on above mentioned portal and Website : **www.mpakvnindore.com** also.
M.P. Madhyam/97977/44154/2020 **SUPERINTENDENT ENGINEER**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

सागर, भदभदा रोड, भोपाल

क्रमांक/1052/मप्रपुआका/20 दिनांक : 20.07.2020

प्रेस विज्ञप्ति

कार्यालयीन प्रेस विज्ञप्ति क्रमांक 1040/मप्रपुआका/20 दिनांक 16.07.2020 जिसके द्वारा कार्यालय अधीक्षक पद पर संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे, एतद् द्वारा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।
म.प्र. माध्यम/97972/44153/2020 **प्रबंध संचालक**

Madhya Pradesh Public Service Commission
Residency Area, Indore (M.P.) 452001

Vigyapti No. 2008/29/P-10/2019 **Indore, Dated 17.07.2020**

Corrigendum - I

RFP for Answer Book Scanning & On-Screen Marking System
Tender Id No. - 2020_MPPSC_97410_1

Last Date of Pre-Bid Meeting, Bid Submission & Bid Opening are modified as :-

Pre Bid Meeting Date	-	22.07.2020 at 11.30 AM
The Last Date for Submission of Bid	-	08.08.2020 till 5.00 PM
Bid Opening Date	-	11.08.2020 at 12.00 PM.

All other Terms & Conditions of the RFP shall remain unchanged.

G-12717/44147/2020 **CONTROLLER OF EXAMINATIONS (I/C)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग भोपाल (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 12/2020/का.यं. **भोपाल, दिनांक 13.07.2020**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. जिला सीहोर में बसनीया खुर्द मार्ग पर बब्बर नदी पर जलमग्नीय पुल सहित पहुंच मार्ग एवं प्रोटेक्शन का निर्माण कार्य।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	भौतिकरूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
202_PWDRB_97622_1	सीहोर	पुल कार्य	प्रथम	230.47	मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल, द्वितीय तल निर्माण भवन, अरेरा हिल्स भोपाल

2. जिला सीहोर में रेहटी से नहलाई मार्ग पर टिमरन नदी पर जलमग्नीय पुल का निर्माण कार्य।

202_PWDRB_97612_1	सीहोर	पुल कार्य	प्रथम	198.69	मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल, द्वितीय तल निर्माण भवन, अरेरा हिल्स भोपाल
				429.16	

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 04.08.2020, (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज **दिनांक 06.08.2020, (17.30) बजे तक** सेतु परिक्षेत्र कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
जी-12712/44145/2020 लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग, भोपाल (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, खरगोन
फोन नं. 07282-231402, eephedkhr@nic.in

क्रमांक 1507/निविदा/2020 **खरगोन, दिनांक 13.07.2020**

निविदा सूचना क्रमांक 22/2020-21 (तृतीय आमंत्रण)

कार्य का विवरण :- खरगोन जिले के विभिन्न विकासखण्डों के अंतर्गत स्थापित हैण्डपंपों के लघु एवं वृहद सुधार कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल द्वारा जारी यू.एस.ओ.आर. जो दिनांक 03.07.0018 से प्रभावशील है एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक संशोधित दरें लागू होंगी। निविदा एपेंडिक्स "2.10" पर ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल (**http://www.mptenders.gov.in**) पर आमंत्रित की जाती हैं।

क्र.	सिस्टम टेंडर नं.	ग्राम/विकास खण्ड का नाम	कार्य की अनुमानित लागत रु. लाख में	धरोहर राशि (रु. लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी नवीन पंजीयन अंतर्गत
1.	2020_PHED_97521_1	खरगोन	4.03 लाख	8055/-	2000/-	06 माह	नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीयन
2.	2020_PHED_97779_1	गोगांवा	5.49 लाख	10990/-	2000/-	06 माह	
3.	2020_PHED_97801_1	भीकनगांव	6.46 लाख	12920/-	2000/-	06 माह	
4.	2020_PHED_97812_1	झिरन्या	7.50 लाख	15000/-	2000/-	06 माह	
5.	2020_PHED_97815_1	बड़वाह	7.74 लाख	15480/-	2000/-	06 माह	
6.	2020_PHED_97822_1	महेश्वर	4.48 लाख	8955/-	2000/-	06 माह	

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 27.07.2020 तक** सायं 5.30 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

कार्यपालन यंत्री
जी-12713/44146/2020 लोक स्वा. यांत्रिकी खण्ड खरगोन

कार्यालय मुख्य अभियंता, इंदिरा सागर परियोजना (नहरें) सनावद
जिला खरगोन (म.प्र.)

E-Mail : ceispnvdasand@gmail.com
Phone : 07280-234608, Fax : 07280-234608

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्र. 1/सा./2020-21 **दिनांक 13.07.2020**

निम्न कार्य की ऑनलाइन निविदा ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम पोर्टल से वेबसाइट **http://mpeproc.gov.in** पर जारी की गई है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है - **कार्य का विवरण - चिचोट कुटी छीपानेर जिला हरदा (म.प्र.) में नर्मदा नदी तट पर स्नान घाट का निर्माण तट संरक्षण कार्य एवं अन्य संबंधित कार्य (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार)** :-

1. अनुबंध की अनुमानित राशि (रु. करोड़ में)	-	12.08 करोड़
2. धरोहर राशि (रु. में)	-	रु. 10.00 लाख
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य	-	रु. 30000 (तीस हजार) (वापसी योग्य नहीं)
4. ऑनलाइन निविदा क्रय करने का दिनांक	-	**05.08.2020, 17.30 तक**
5. ऑनलाइन निविदा दस्तावेज जमा करने का दिनांक	-	06.08.2020, 17.30 तक
6. धरोहर राशि एवं पूर्व अर्हता प्रपत्र खोलने का दिनांक	-	10.08.2020, 10.30 से

निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाइट पर क्रेडिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग खाते से भुगतान करने के उपरान्त केवल ऑनलाइन क्रय किया जा सकता है। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन करें।

मुख्य अभियंता
जी-12721/44148/2020 इंदिरा सागर परियोजना (नहरें) सनावद जिला-खरगोन (म.प्र.)

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
ग्वालियर परिक्षेत्र, ग्वालियर

ई-मेल - sepheprocgwl@gmail.com, दूरभाष क्रमांक - 0751-2365438, 4031502
(पानी की टंकी के नीचे, मुरार, ग्वालियर)

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22.07.2020 से दिनांक 05.08.2020 सायं 5.30 बजे तक क्रय तथा **दिनांक 22.07.2020 से दिनांक 05.08.2020 सायं 5.30 बजे तक** ऑनलाइन प्रस्तुत किये जा सकते हैं। बिड खोलने का **दिनांक 07.08.2020** है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण :- 01. विकास खण्ड सागर के ग्राम सुरखी की आवर्धन नल जल प्रदाय योजना अंतर्गत आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी 425 कि.ली. 12 मीटर स्टेजिंग एवं आर.सी.सी. सम्पवैल 55 कि.ली. सहित अन्य विभिन्न सहायक कार्य।

नि.आ. सू.क्र./ दि.	टेण्डर आई.डी.	जिला	अनुमानित लागत (PAC) (रु. लाख में)	धरोहर राशि (EMD) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	आमंत्रण की संख्या	कार्य पूर्ण करने की अवधि
15/ 27.06.20 (Re-tender)	2020_PHED_95683_2	सागर	267.10 लाख	रु. 2,67,100/-	रु. 15000/-	तृतीय पुनः आमंत्रण	180 दिन वर्षाकाल छोड़कर

02. विकास खण्ड सागर के ग्राम कर्रापुर की आवर्धन नल जल प्रदाय योजना अंतर्गत 02 नग आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी 200 कि.ली. 15 मीटर स्टेजिंग एवं आर.सी.सी. सम्पवैल 40 कि.ली. सहित अन्य विभिन्न सहायक कार्यों की निविदा।

16/ 29.06.20 (Re-tender)	2020_PHED_96041_2	सागर	204.57 लाख	रु. 2,04,570/-	रु. 15000/-	चतुर्थ पुनः आमंत्रण	180 दिन वर्षाकाल छोड़कर

03. विकास खण्ड मेहगांव के ग्राम अमायन की नल जल प्रदाय योजना अंतर्गत आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी 500 कि.ली. 15 मीटर स्टेजिंग एवं आर.सी.सी. सम्पवैल 65 कि.ली. सहित अन्य विभिन्न सहायक कार्यों की निविदा।

17/ 21.07.20	2020_PHED_98722_1	भिण्ड	196.88 लाख	रु. 1,96,880/-	रु. 12500/-	द्वितीय	180 दिन वर्षाकाल छोड़कर

04. विकास खण्ड अम्बाह के ग्राम नावली की नल जल प्रदाय योजना अंतर्गत आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी 175 कि.ली. 15 मीटर स्टेजिंग एवं आर.सी.सी. सम्पवैल 25 कि.ली. सहित अन्य विभिन्न सहायक कार्य।

18/ 21.07.20	2020_PHED_98757_1	मुरैना	128.16 लाख	रु. 1,28,160/-	रु. 12500/-	द्वितीय	180 दिन वर्षाकाल छोड़कर

अधीक्षण यंत्री (प्रोक्योरमेंट)
कार्यालय मुख्य अभियंता
जी-12743/44149/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ग्वालियर परिक्षेत्र, ग्वालियर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड पन्ना (म.प्र.)

दूरभाष क्र. 07732-252084, ईमेल - eephedpan@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 12/2020-21 पन्ना, दिनांक : 20.07.2020
द्वितीय आमंत्रण

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 05.08.2020** को सायं 5.30 बजे तक क्रय तथा दिनांक 05.08.2020 तक सायं 5.30 बजे तक ऑनलाइन प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा से संबंधित आवश्यक समस्त दस्तावेज ऑनलाइन ही प्रस्तुत करना होगा। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	कार्य	अनुमानित लागत (PAC) (रु. लाख में)	धरोहर राशि (E_EMD) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	2020_PHE_98566_1	विकासखण्ड अजयगढ़ में 125/115 मि.मी. व्यास के 90 मी. गहरे 30 नग साधारण नलकूप खनन कार्य।	18.45	36900	2000	छः माह
2.	2020_PHE_98569_1	विकासखण्ड गुनौर में 125/115 मि.मी. व्यास के 90 मी. गहरे 30 नग साधारण नलकूप खनन कार्य।	18.45	36900	2000	छः माह
3.	2020_PHE_98571_1	विकासखण्ड पन्ना में 125/115 मि.मी. व्यास के 90 मी. गहरे 30 नग साधारण नलकूप खनन कार्य।	18.45	36900	2000	छः माह
4.	2020_PHE_98572_1	विकासखण्ड पवई में 125/115 मि.मी. व्यास के 90 मी. गहरे 30 नग साधारण नलकूप खनन कार्य।	18.45	36900	2000	छः माह
5.	2020_PHE_98575_1	विकासखण्ड शाहनगर में 125/115 मि.मी. व्यास के 90 मी. गहरे 30 नग साधारण नलकूप खनन कार्य।	18.45	36900	2000	छः माह

कार्यपालन यंत्री
जी-12744/44150/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड पन्ना

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, सागर, भदभदा रोड, भोपाल

क्रमांक/1047/पप्रपुआका/पयं/सागर/20 **दिनांक : 17.07.2020**

निविदा सूचना क्रमांक 04/2020-21

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, सागर संभाग के अंतर्गत छतरपुर, जिले में बाह्य विद्युत कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय की **अंतिम तिथि 30.07.2020 तक** है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/97971/44152/2020 **परियोजना यंत्री**

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, कला मंदिर रोड, स्वागत भवन, रीवा (म.प्र.)

एनआईटी नं. 18/2020/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/एपीडी/पी.आई.यू./3532 रीवा, दिनांक : 17.07.2020

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती हैं।

स. क्र.	पोर्टल टेण्डर आई.डी.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2020_PWPIU_98490_1	603 स्कीम आर.एम.एस.ए. के अंतर्गत ग्राम-वेलवा पैकान, ब्लॉक-गंगेव, जिला रीवा में हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)	रीवा	48.59	50000/-	5000/-	7 माह वर्षाकाल सहित
2.	2020_PWPIU_98494_1	603 स्कीम आर.एम.एस.ए. के अंतर्गत ग्राम-चौखण्डी, ब्लॉक-जवा, जिला रीवा में हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)	रीवा	48.59	50000/-	5000/-	7 माह वर्षाकाल सहित
3.	2020_PWPIU_98496_1	430 स्कीम आर.एम.एस.ए. के अंतर्गत ग्राम-चचाई, ब्लॉक-सिरमौर, जिला रीवा में हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)	रीवा	86.70	86700/-	10000/-	9 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित विड डॉक्यूमेंट वेवसाइट **http://mptender.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 20.07.2020 समय 9.00 AM से दिनांक 04.08.2020 समय 6.00 PM तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेवसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेवसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-12704/44142/2020 संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., रीवा

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग मंदसौर (म.प्र.)

ई-मेल - eepwdmandsaur0@gmail.com, फोन - 07422-255211

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 06/2020-21/एसएसी/ मंदसौर, दिनांक : 20.07.2020

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेवसाइट **mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर रिफरेन्स क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	भौतिक रूप से एनक्लप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) कार्यालयीन पता एवं अंतिम दिनांक व समय
1.	2020_PWDRB_98508	मंदसौर	आयोजना	सीतामऊ से छोटी पतलासी मार्ग का निर्माण कार्य लं. 1.90 कि.मी.।	प्रथम	128.70	कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन, दशहरा मैदान, उज्जैन , दिनांक 04.08.2020 सायं 05.30 तक
2.	2020_PWDRB_98509	मंदसौर	आयोजना	लावरी से तम्बोलिया, मुण्डला फौजी मार्ग का निर्माण कार्य लं. 4.50 कि.मी.।	प्रथम	246.19	कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन, दशहरा मैदान, उज्जैन , दिनांक 04.08.2020 सायं 05.30 तक
3.	2020_PWDRB_98510	मंदसौर	आयोजना	घसोई सेमली मार्ग के किमी 2/6 से लकुवा पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य लं. 0.80 कि.मी.।	प्रथम	77.61	कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन, दशहरा मैदान, उज्जैन , दिनांक 04.08.2020 सायं 05.30 तक
4.	2020_PWDRB_98511	मंदसौर	आयोजना	आलोट भानपुरा मार्ग के किमी 5/10 से खेताखेड़ी पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य लं. 0.90 कि.मी.।	प्रथम	93.75	कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन, दशहरा मैदान, उज्जैन , दिनांक 04.08.2020 सायं 05.30 तक
5.	2020_PWDRB_98512	मंदसौर	आयोजना	घसोई दलोद सेमली मार्ग के किमी 3/4 से बागरीखेड़ा पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य लं. 1.20 कि.मी.।	प्रथम	94.35	कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन, दशहरा मैदान, उज्जैन , दिनांक 04.08.2020 सायं 05.30 तक
6.	2020_PWDRB_98513	मंदसौर	आयोजना	वढ़केश्वर महादेव से बसई कुरावन मेलखेड़ा मार्ग का निर्माण कार्य लं. 3.50 कि.मी.।	प्रथम	215.96	कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन, दशहरा मैदान, उज्जैन , दिनांक 04.08.2020 सायं 05.30 तक
7.	2020_PWDRB_98514	मंदसौर	आयोजना	चंदवासा से खेड़ा मार्ग का निर्माण कार्य लं. 1.60 कि.मी.।	प्रथम	220.91	कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन, दशहरा मैदान, उज्जैन , दिनांक 04.08.2020 सायं 05.30 तक
8.	2020_PWDRB_98515	मंदसौर	नवीनीकरण	टकरावद देवरी हरिपुरा मार्ग किमी 1 से 5/6 = 4.60 में डामरीकरण का नवीनीकरण कार्य।	द्वितीय	38.41	कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन, दशहरा मैदान, उज्जैन , दिनांक 04.08.2020 सायं 05.30 तक
9.	2020_PWDRB_98516	मंदसौर	डिपॉजिट	वार्ड क्र. 35 मदारपुरा मंदसौर में सांस्कृतिक भवन का निर्माण कार्य।	प्रथम	4.46	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग मंदसौर, न्यू कोर्ट भवन प्रथम तल यशोधर्मन थाने के सामने, मंदसौर 04.08.2020 सायं 5.30 बजे
10.	2020_PWDRB_98517	मंदसौर	आयोजना	उपसंभाग गरोठ अंतर्गत ग्राम अजयपुर जिला मंदसौर में आयुर्वेदिक भवन का मरम्मत एवं नवीनीकरण का कार्य।	प्रथम	8.18	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग मंदसौर, न्यू कोर्ट भवन प्रथम तल यशोधर्मन थाने के सामने, मंदसौर 04.08.2020 सायं 5.30 बजे
					Total	1128.52	

उपरोक्त वेवसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (**www.mptenders.gov.in**) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की **अंतिम दिनांक 31.07.2020 सायं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेवसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज दिनांक 04.08.2020, 17.30 बजे तक दर्शित कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

जी-12711/44144/2020 कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग मंदसौर

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रीवा परिक्षेत्र रीवा (म.प्र.)

Website : www.mppwd.gov.in, E-mail : cepwdrewa@mp.nic.in, Phone : 07662-255200, Fax : 255680

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्र. 01/सा./2020-21 रीवा, दिनांक : 08.06.2020

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेवसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	कार्य की अनुमानित राशि (लाख में)	अमानत राशि	भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1.	2020_PWDRB_92724_1	उपसंभाग सतना जिला अंतर्गत ट्रान्सपोर्ट नगर, नई बस्ती भल्ला डेयरी फार्म से गहरवार पेट्रोल पम्प मार्ग निर्माण लं. 5.25 कि.मी.	प्रथम	12 माह वर्षाऋतु सहित	596.37	596370/-	कार्यालय मुख्य अभियंता लो.नि.वि., रीवा परिक्षेत्र, रीवा

उपरोक्त वेवसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा ऑनलाइन विड सबमिशन की **अंतिम तिथि 24.07.2020 सायं 17.30 बजे तक** निर्धारित है। ई.एम.डी. एवं दस्तावेज **दिनांक 27.07.2020 को सायं 17.30 बजे तक** दर्शित कार्यालय में केवल रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट से प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेवसाइट में किया जावेगा। पृथक से समाचार-पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-12706/44143/2020 मुख्य अभियंता, लो.नि.वि., रीवा, परिक्षेत्र रीवा

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

संभाग क्र.-2, डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002, ई-मेल : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.- 02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 07/2020-21 जिला चिकित्सालय उमरिया में 4 एफ, 4 जी, 4 एच टाईप आवास गृहों का निर्माण कार्य, सिविल अस्पताल विजयराघवगढ जिला, कटनी में 2 एफ, 2जी, 2 एच टाईप आवास गृहों का निर्माण कार्य, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रीठी जिला कटनी में 2 एफ, 2 जी, 2 एच टाईप आवास गृहों का निर्माण कार्य, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द, बहोरीबंद, जिला कटनी में 2 एफ, 2 जी, 2 एच टाईप आवास गृहों का निर्माण कार्य, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मानपुर, जिला उमरिया में 2 एफ, 2 जी, 2 एच टाईप आवास गृहों का निर्माण कार्य एवं सिविल अस्पताल ब्यौहारी, जिल शहडोल में 2 एफ, 4 जी, 4 एच टाईप आवास गृहों का निर्माण कार्य, (ऑनलाइन निविदा क्र. **2020_MPPHC_98658, 2020_MPPHC_98666, 2020_MPPHC_98670, 2020_MPPHC_98671, 2020_MPPHC_98672, 2020_MPPHC_98673**) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 08.08.2020 तक** खरीद कर सायं 18:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/97988/44156/2020 परियोजना यंत्री

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति देवास, जिला देवास

क्रमांक/मंडी/निर्माण/निविदा/2020-21/693 देवास, दिनांक 17.07.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

प्रमुख अभियन्ता, म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2020_MPSAM_98439_1, 2020_MPSAM_98440_1 व 2020_MPSAM_98441_1 के अंतर्गत ऑनलाइन निविदाएं दिनांक 13.08.2020 को शाम 5:30 बजे तक एवं भौतिक रूप से दिनांक 17.08.2020 को शाम 5:30 बजे तक जरिए स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डॉक से (वित्तीय ऑफर को छोड़कर) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard. gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट :- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/97992/44157/2020 सचिव

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन बालाघाट (म.प्र.)-481001

फोन : 07632-247289, Email : mpphcbalaghat01@gmail.com

प्रेस-विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग बालाघाट अंतर्गत बिरसा जिला बालाघाट में स्वास्थ्य विभाग के अपूर्ण (शेष) कार्य के निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रमांक 07/2020-21 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER NO. – 2020_MPPHC_98693_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 06.08.2020 तक ऑनलाइन खरीद कर समय 18.00 बजे तक ऑनलाइन सबमिट किये जा सकते हैं। उपरोक्त कार्य में पूर्व निविदा प्रकाशित **दिनांक 29.09.2018 तक** के ही संशोधन मान्य होंगे। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/97986/44155/2020 परियोजना यंत्री

किसानों की रुचि को ध्यान में रखकर बनाएं उद्यानिकी की कार्ययोजना

ग्वालियर, किसानों की रुचि एवं संभावनाओं को ध्यान में रखकर प्रत्येक जिले के लिये उद्यानिकी की कार्ययोजना बनाएं। कार्ययोजना ऐसी हो जो किसानों की आय का प्रमुख जरिया बने। इस आशय के निर्देश उद्यानिकी व खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा नर्मदा घाटी विकास राज्यमंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने ग्वालियर में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिए।

श्री कुशवाह ने कहा कि उद्यानिकी के क्षेत्र में ग्वालियर एवं चंबल संभाग के सभी जिलों में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की राय लेकर ठोस कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि विकासखंडवार सब्जियां, फल, फूल, औषधीय व मसाला फसलों की संभावनाओं का आकलन कर जिले की कार्ययोजना को अंतिम रूप दें। कार्ययोजना ठीक होने पर सरकार द्वारा धन की कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने उद्यानिकी फसलों का रकबा बढ़ाने पर विशेष जोर दिए जाने के निर्देश भी दिए।

श्री कुशवाह ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा भी उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण को विशेष बढ़ावा दिया जा रहा है। सभी अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ किसानों को उद्यानिकी फसलों के लिये प्रेरित करें। वर्तमान दौर में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण के लिये अनुकूल परिस्थितियां हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकार द्वारा संचालित आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत उद्यानिकी विभाग की योजनाओं को जोड़कर किसानों को लाभान्वित कराया जाए। जिससे किसान आत्मनिर्भर बन सकें। श्री कुशवाह ने कहा उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देकर हम कृषि कर्मण पुरस्कार की तरह राष्ट्रीय स्तर के सम्मान प्राप्त कर सकते हैं।

ग्वालियर एवं चंबल संभाग के सभी जिलों में फल, सब्जी, मसाला, पुष्प एवं औषधीय वनस्पतियों के उत्पादन की समीक्षा के साथ राज्यमंत्री ने नर्सरियों की वास्तविक स्थिति भी जानी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को भरोसा दिलाया कि उद्यानिकी को बढ़ावा देने में संसाधनों की कमी नहीं आने दी जायेगी। श्री कुशवाह ने कहा कि किसानों को कम दाम पर अपनी सब्जियां न बेचनी पड़ें, इसके लिये सरकार मंडी में कोल्ड रूम बनाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उद्यानिकी फसलों के लिये फसल बीमा योजना के तहत ली जाने वाली प्रीमियम राशि को कम करने एवं बीमा क्लेम बढ़ाने के लिये शासन स्तर पर बीमा कंपनी एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की जायेगी।

जनसम्पर्क विभाग की विज्ञापन व्यवस्था हुई ऑनलाइन

भोपाल, जनसम्पर्क विभाग द्वारा सभी शासकीय विभागों की निविदा और प्रदर्शन विज्ञापन व्यवस्था को ऑनलाइन कर दिया गया है, सभी विभाग अपने यूज़र आईडी का उपयोग करके dpradvt.mpinfo.org पर भेज सकेंगे।

आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े ने बताया कि समाचार माध्यमों और शासकीय विभागों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जनसम्पर्क विभाग द्वारा विज्ञापन प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है। यह व्यवस्था लागू होने से शासकीय विभाग अपने मुख्यालय के माध्यम से विभिन्न कार्यों से संबंधित निविदा तथा प्रदर्शन विज्ञापन अब ऑनलाइन भेज सकेंगे। निविदा के प्रकाशन की कार्रवाई होने पर निविदा का जी नंबर और किन-किन समाचार पत्रों में निविदा का प्रकाशन कराया गया है इसकी सूचना भी तुरंत संबंधित विभाग को प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था लागू हो जाने के बाद सभी शासकीय विभागों के अपने कार्यों में गति आएगी। इस नवीन व्यवस्था के तहत निविदा प्रकाशन के लिए पोस्ट या संदेश वाहक के माध्यम से भेजने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे शासकीय धन और समय दोनों की बचत होगी।

कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा

कोरोना से सावधान और सजग रहें कहीं भीड़ न लगाएं - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, अभी कोरोना गया नहीं है, निश्चिंत न हों। पूरी तरह सावधान एवं सजग रहें। कहीं भी भीड़ न लगाएं। अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं, फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करें तथा अन्य सभी सावधानियां बरतें। जरा-सी लापरवाही भी खतरनाक हो सकती है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल में कोरोना की पॉजिटिविटी दर लगभग 10 प्रतिशत आई है, अतः यहां विशेष सावधानी की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि भोपाल में निजी कार्यालय 50 प्रतिशत क्षमता से संचालित हों तथा दुकानों के बंद होने का समय रात्रि 10 बजे के स्थान पर 8 बजे किया जाए।

स्वतंत्रता दिवस समारोह सीमित रूप से मनाया जाए

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कोरोना संक्रमण के मद्देनजर सभी जिलों में स्वतंत्रता दिवस समारोह सीमित रूप से मनाया जाए तथा उनमें पूरी सतर्कता एवं सावधानी रखी जाए।

टेस्टिंग बढ़ाई जाए

सीहोर जिले की समीक्षा में पाया गया कि वहां टेस्टिंग कम है। वहां प्रति दस लाख सैम्पलिंग 1370 है, जबकि मध्यप्रदेश में टेस्टिंग 7096 प्रति दस लाख है। नसरुल्लागंज में पिछले दिनों में अधिक प्रकरण सामने आए हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वहां टेस्टिंग बढ़ाई जाए, आवश्यकता होने पर लॉकडाउन किया जा सकता है। सीहोर जिले में वर्तमान में एक्टिव मरीज 61 हैं, जबकि 29 स्वस्थ होकर घर जा चुके हैं।

एक्टिव प्रकरणों में 15वें स्थान पर

प्रदेश में कोरोना के एक्टिव प्रकरणों की तुलनात्मक समीक्षा में पाया गया कि मध्यप्रदेश एक्टिव प्रकरणों की दृष्टि से देश में 15वें स्थान पर है, वहीं पॉजिटिव प्रकरणों के मामले में 13वें स्थान पर है। मध्यप्रदेश की पॉजिटिविटी रेट 3.73 प्रतिशत, रिकवरी रेट 68.3 प्रतिशत तथा फैटिलिटी रेट 3.24 प्रतिशत है।

गाइडलाइन का पालन न करने पर कार्रवाई करें

विदिशा जिले की समीक्षा में पाया गया कि वहां शादी समारोहों में अधिक व्यक्ति संक्रमित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि शादी आदि समारोहों में शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित किया जाए। यदि कोई इसका पालन नहीं करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

सभी मेडिकल कॉलेज पूरी क्षमता से संचालित हों

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि प्रदेश के जिन जिलों में मेडिकल कॉलेज हैं, वे कॉलेज अपनी पूरी क्षमता के साथ संचालित हों। यदि वहां कोई कमी हो तो उसे तुरंत दूर कर पूर्ण सक्षम बनाया जाए। जो मेडिकल कॉलेज नए खुले हैं, उन्हें भी तुरंत पूरी क्षमता से संचालित करें।

जिन जिलों में पॉजिटिविटी दर ज्यादा है वे विशेष ध्यान दें

बैठक में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस ने निर्देश दिए कि जिन जिलों की कोरोना पॉजिटिविटी दर ज्यादा है वे विशेष सावधानी रखें। समीक्षा में पाया गया कि भोपाल, ग्वालियर, खरगौन, धार, सीहोर, श्योपुर, होशंगाबाद, नरसिंहपुर की पॉजिटिविटी दर अपेक्षाकृत अधिक है वहीं उज्जैन, सागर, शिवपुरी, दतिया आदि जिलों में दर कम आई है।

राज्य सरकार और सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के मध्य हुआ एमओयू

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सकलेचा की उपस्थिति में राज्य सरकार और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के मध्य एमओयू किया गया।

भोपाल, राज्य शासन की स्व-रोज़गार योजनाओं में विभिन्न बैंक शाखाओं द्वारा हितग्राहियों के मार्जिन मनी अनुदान, ब्याज अनुदान तथा सीजीटीएमएसई शुल्क अनुदान के क्लेम सेटलमेंट के लिये राज्य-स्तर पर एकमात्र नोडल बैंक के रूप में सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के साथ विभाग द्वारा एमओयू किया गया। इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा उपस्थित थे।

मंत्रालय में आयोजित बैठक के दौरान श्री सखलेचा ने निर्देश दिये कि एमएसएमई (माइक्रो, स्माल एंड मीडियम एन्टरप्रेन्युअर) लोन के प्रकरणों का बैंकों द्वारा समय-सीमा में निराकरण किया जाये। उन्होंने भारत सरकार की सीजीटीएमएसई योजनांतर्गत एमएसएमई के ऋण कवर किये जाने और आवेदक से कोलेटरल सिक्योरिटी नहीं लिये जाने को भी कहा। श्री सखलेचा ने इस बात पर जोर दिया कि एमएसएमई लोन के प्रकरणों में बैंकों द्वारा की जाने वाली अंडर फायनेंसिंग के चलते परियोजनाओं में एनपीए होने की संभावना अधिक होती है। अतएव राज्य-स्तरीय बैंकर्स समिति से अपेक्षा है कि वह इस अंडर फायनेंसिंग को रोकने के लिये जरूरी कदम उठाये।

श्री सखलेचा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा कोविड-19 महामारी के कारण एमएसएमई को राहत देने के लिये 3 से 6 माह का मॉरेटोरियम का लाभ दिये जाने के निर्देश दिये गये हैं, किन्तु जागरूकता के अभाव में बहुत से एमएसएमई इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऋण लेने वाले एमएसएमई को अवगत कराने के लिये व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये।

श्री सखलेचा ने एमएसएमई ऋण लेने वाले डिफाल्टर व्यक्तियों की जिलेवार एनपीए की जानकारी संकलित की जाने के भी निर्देश दिये, जिसमें अकाउंट एनपीए होने का कारण भी दर्ज किया जाये, ताकि इसका अध्ययन कर भविष्य में इन चूककर्ताओं के लिये राहत पैकेज अथवा योजना तैयार की जा सके।

प्रदेश में खरीफ सीजन के निर्धारित लक्ष्य की 80 प्रतिशत बुआई पूर्ण

भोपाल, मध्यप्रदेश में खरीफ फसल के लिये अब तक 118 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ फसलों की बुआई का कार्य पूर्ण हो चुका है, जो निर्धारित लक्ष्य का 80 प्रतिशत है। इस वर्ष खरीफ सीजन में 146.31 लाख हेक्टेयर बुआई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

खरीफ की मुख्य फसलों में सोयाबीन की बुआई के निर्धारित लक्ष्य 57.70 लाख हेक्टेयर के विरुद्ध 56.42 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बुआई पूर्ण हो चुकी है, जो निर्धारित लक्ष्य का 97.8 प्रतिशत है। मूंगफली के लिये निर्धारित लक्ष्य 2.56 लाख हेक्टेयर के विरुद्ध 2.14 लाख हेक्टेयर में किसान बुआई कर चुके हैं, जो निर्धारित लक्ष्य का 83.4 प्रतिशत है। इसी तरह तिल के निर्धारित लक्ष्य 3.81 लाख हेक्टेयर के विरुद्ध 2.25 लाख हेक्टेयर, रामतिल के निर्धारित लक्ष्य 0.66 लाख हेक्टेयर के विरुद्ध 0.17 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में और कपास के निर्धारित लक्ष्य 6.19 लाख हेक्टेयर के विरुद्ध 6.04 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बुआई का काम पूरा हो चुका है। अनाज एवं दलहन के क्षेत्र में धान 14.05 लाख हेक्टेयर, ज्वार 1.01 लाख हेक्टेयर, मक्का 14.62 लाख हेक्टेयर, बाजरा 1.83 लाख हेक्टेयर, कोदो एवं अन्य 0.69 लाख हेक्टेयर, तुअर 3.55 लाख हेक्टेयर, उड़द 14.01 लाख हेक्टेयर, मूंग 1.17 लाख हेक्टेयर, कुल्थी एवं अन्य 0.11 लाख हेक्टेयर में बुआई का कार्य पूर्ण हो चुका है।

कृषि विभाग द्वारा बुआई के समय उचित मार्गदर्शन देने के लिये किसानों से सतत सम्पर्क बनाया गया है। जिले के मैदानी कृषि अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि प्रदेश में कृषि रकबे को बढ़ाने के लिये किसानों को प्रोत्साहित करें, उन्हें विभाग की योजनाओं का लाभ भी दिलवायें।

निवेश के अनुकूल वातावरण निर्माण और योजनाओं का हो प्रभावी क्रियान्वयन

भोपाल, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने मंत्रालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय योजनाओं तथा गतिविधियों का प्रभावी व बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। उन्होंने प्रदेश में निवेश के अनुकूल वातावरण निर्माण व निवेशकों को आने वाली कठिनाइयों को तत्परता से दूर करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, जिससे मध्यप्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में निवेशक आकर्षित हों और अधिक से अधिक निवेश करें।

बैठक में इंदौर एवं धार जिलों के नवीन प्रस्तावित औद्योगिक पार्क एवं खाद्य प्रसंस्करण में नए निवेशकों द्वारा रुचि दिखाए जाने पर भी चर्चा की गई।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश में बदमाशों और अपराधियों पर की जायेगी कार्रवाई

लापरवाही हुई तो कलेक्टर और एस.पी. होंगे जिम्मेदार – मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले में सबसे पहले बड़े एवं सफेदपोश बदमाशों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। ड्रग्स का धंधा करने वाले, सम्पत्ति हड़पने वाले, सहकारी माफिया, हुक्का लाऊंज चलाने वाले, चिटफंड कम्पनी, राशन की कालाबाजारी करने वाले, मिलावटखोरों आदि सभी के विरुद्ध तत्परता से कार्रवाई की जाए। यदि किसी जिले में कार्रवाई में लापरवाही होती है तो इसके लिये कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक जिम्मेदार माने जाएंगे। ये निर्देश मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए दिए।

सुनिश्चित करना है गुड गवर्नेंस

श्री चौहान ने कहा कि हमें प्रदेश में गुड गवर्नेंस सुनिश्चित करना है। इसके लिए सभी जिलों में लॉ एण्ड ऑर्डर और डिलीवरी मैकेनिज्म दोनों पर ध्यान देना होगा। एक ओर जिलों में पूरी शांति व्यवस्था रहे, अपराधियों के मन में डर हो तथा जनता निश्चिंत हो, वहीं दूसरी ओर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के समुचित क्रियान्वयन के माध्यम से आम जनता तक हर आवश्यक सुविधा एवं सहायता पहुंचाई जाए।

बदमाशों को चिन्हित कर सबक सिखाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रग्स युवा पीढ़ी को खोखला बना रहे हैं, इनका व्यापार करने वालों को ढूंढ़ कर दंडित करना है। चिटफंड कंपनी वालों को जनता का पैसा हज़म नहीं करने देंगे। बड़े अपराधी जिला बदर हों, इनके अवैध निर्माण तोड़े जाएं। इनको चिन्हित कर सबक सिखाएं।

कोरोना को आने न दें
यूरिया को जाने न दें

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि खाद, बीज, कीटनाशक की कालाबाजारी करने वालों को जेल भिजवाने की कार्रवाई करें। सीमावर्ती जिलों को सतर्क करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना को आने न दें तथा यूरिया को दूसरे प्रदेशों में जाने न दें।

गरीब के राशन में गड़बड़ी करने वाले को छोड़ा नहीं जाएगा

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि गरीब के राशन में धांधली करने वाले को किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने जबलपुर में राशन वितरण में हुई अनियमितता पर दोषियों के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराने के निर्देश कलेक्टर को दिए।

अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों को मिलें वनाधिकार पट्टे

श्री चौहान ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि सभी पात्र अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों को जल्द से जल्द वनाधिकार पट्टों का वितरण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही सहरिया, बैगा, भारिया जनजाति की महिलाओं को नियमित रूप से कुपोषण से जंग योजना के अंतर्गत एक-एक हजार रुपये की राशि नियमित रूप से दिलवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

बेटियों के विरुद्ध अपराध करने वालों को नहीं छोड़ा जाएगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों के विरुद्ध अपराध करने वालों को बिल्कुल नहीं छोड़ा जाएगा। इस संबंध में सभी जिले विशेष रूप से सतर्क रहें। उन्होंने भोपाल में बेटियों के साथ ज्यादती के मामले में आरोपियों के विरुद्ध तत्परतापूर्वक कार्रवाई करने पर पुलिस की सराहना की।

इन विषयों पर हुई समीक्षा

श्री चौहान ने बैठक में जिलों की कानून व्यवस्था के साथ ही वहां राशन वितरण की स्थिति, वनाधिकार पट्टों के वितरण, स्ट्रीट वेंडर योजना, दुग्ध उत्पादक किसानों को केसीसी वितरण, खाद का वितरण, स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाना, जिले में चल रहे निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूरा करना आदि की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए।

अपराध की आर्थिक बैक बोन को तोड़ें

बैठक में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस ने निर्देश दिए कि बदमाशों के विरुद्ध कार्रवाई करते समय अपराध की आर्थिक बैक बोन को तोड़ना भी जरूरी है, जिससे अपराध जड़ से समाप्त हो सके। इस संबंध में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक संयुक्त रूप से कार्रवाई करें।

खाद का अवैध भण्डारण एवं परिवहन करने वालों के खिलाफ एफ.आई.आर.

भोपाल, राज्य शासन द्वारा उर्वरक के भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर सख्ती से निगरानी की जा रही है। सभी जिलों में यूरिया खाद वितरण व्यवस्था की मॉनीटरिंग के लिये जिला कलेक्टर्स एवं विभागीय अधिकारियों को आकस्मिक निरीक्षण के निर्देश भी दिये गये हैं। उक्त कार्यवाही के चलते प्रदेश में उर्वरक का अवैध भण्डारण करने वालों के खिलाफ पुलिस में 14 एफ.आई.आर. दर्ज करवाई गई, वहीं दूसरी ओर 9 प्रकरणों में लायसेंस निरस्त किये गये, 23 प्रकरणों में लायसेंस निलंबित कर 2 प्रकरणों में उर्वरक भण्डारण सीज किया गया।

उपलब्धता के अनुसार किसानों को खाद-बीज वितरण विक्रय करने के अभियान में राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी विक्रय केंद्रों का निरीक्षण भी करवाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान पाई जा रही अनियमितताओं के लिये संबंधित व्यक्ति एवं संस्था के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही के साथ कानूनी कार्यवाही भी की जा रही है।

छिन्दवाड़ा जिले में 154 विक्रय केंद्रों पर किये गये निरीक्षण के दौरान अवैध भण्डारण करने पर तीन एफ.आई.आर. दर्ज की गई। बिना बिल के उर्वरक विक्रय करने पर एक लायसेंस निरस्त कर 3 प्रकरणों में निलंबन की कार्यवाही की गई।

सिवनी जिले में 105 विक्रय केंद्रों पर किये गये निरीक्षण में अवैध यूरिया भण्डारण के 2 प्रकरणों में एफआईआर व 2 प्रकरणों में उर्वरक भण्डारण सीज कर एफ.आई.आर. की कार्यवाही और 1 प्रकरण में निलंबन की कार्यवाही की गई।

बड़वानी जिले में 26 विक्रय केंद्रों के निरीक्षण में यूरिया का अवैध भण्डारण करने पर एक प्रकरण में एफ.आई.आर. और 3 प्रकरणों में लायसेंस निलंबन की कार्यवाही की गई। छतरपुर जिले में 22 विक्रय केंद्रों के निरीक्षण में उर्वरक का अवैध भण्डारण करने के एक प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज की गई।

नरसिंहपुर जिले के 122 विक्रय केंद्रों के निरीक्षण में यूरिया के अवैध परिवहन एवं भण्डारण पर एक एफ.आई.आर. और 2 प्रकरणों में निलंबन की कार्यवाही की गई है। बैतूल जिले के 82 विक्रय केंद्रों के निरीक्षण में यूरिया के अवैध भण्डारण के 1 प्रकरण में लायसेंस निलंबित किया गया।

होशंगाबाद जिले में 43 विक्रय केंद्रों के निरीक्षण में अवैध परिवहन के 3 प्रकरणों में एफ.आई.आर., 9 प्रकरणों में लायसेंस निलंबन और 3 लायसेंस निरस्त किये गये। खरगोन जिले के 116 विक्रय केंद्रों के निरीक्षण में रिकार्ड संधारण सही न पाये जाने पर एक लायसेंस निलंबित किया गया।

सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल पर खाद-बीज न मिलने से संबंधित 488 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें उर्वरक से संबंधित 89 शिकायतें थीं, इनमें से 45 शिकायतें सहकारी समितियों से संबंधित हैं। विभाग द्वारा 61 शिकायतों का समाधान कर निराकरण किया जा चुका है।

आयुष विधाओं से प्रदेश का नाम रोशन करने की दिशा में हो काम

भोपाल, आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रामकिशोर कांवरे ने कहा है कि आयुष की विधाओं से प्रदेश का नाम रोशन करने की दिशा में कार्य किया जाए। उन्होंने कहा है कि कोविड संक्रमण में आयुर्वेद ने अपना सर्वोच्च स्थान बनाया है।

आयुष राज्यमंत्री ने कहा है कि औषधीय पौधे लगाने के लिये भी लोगों को प्रेरित किया जाए, साथ ही रिटायर्ड डॉक्टर्स एवं अधिकारियों से भी आयुर्वेद की दिशा में उनके अनुभवों का लाभ लिया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में पदस्थ अधिकारियों को सक्रिय किया जाये, जिससे विभाग की गतिविधियां और तेज हो सकें। श्री कांवरे ने कहा कि वे शीघ्र ही जिलों का दौरा कर निरीक्षण भी करेंगे। बैठक में विभाग में रिक्त पद, अधिकारी-कर्मचारियों को दिये जाने वाले समयमान-वेतनमान एवं कॉलेज की मान्यता संबंधी जानकारी के साथ विभाग की गतिविधियों की समीक्षा की गई।

गरीबों एवं मजदूरों के हित में संवेदनशीलता से करें कार्य

भोपाल, पर्यटन, संस्कृति एवं अध्यात्म मंत्री सुश्री ऊषा ठाकुर ने भोपाल स्थित पर्यटन भवन में अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक के दौरान पर्यटन विकास निगम के मुख्यालय में पदस्थ अधिकारियों से कहा कि कोरोना के इस संक्रमण काल में गरीबों एवं मजदूरों को रोज़गार उपलब्ध कराने की हमारी कोशिश होनी चाहिए। उनके हितों को ध्यान में रखते हुए संवेदनशीलता से उनकी मदद करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने मजदूरों के वेतन का भुगतान भी समय पर कराने के निर्देश दिए।

सुश्री ठाकुर ने कहा कि प्रकृति की जितनी अनुकूलता भारत को मिली है वह दुनिया में कहीं नहीं है। यदि हम सब मिलकर कोरोना से निबटने के लिए शासन के निर्देशों का पालन करें तो कोरोना पर विजय पा सकते हैं।

बैठक के पश्चात उन्होंने पर्यटन भवन में आयोजित स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गरीबों एवं श्रमिकों की मदद करना राष्ट्रहित का कार्य है। राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए हमें कार्य करना चाहिये।

नरसिंहपुर जिले में मिले प्राचीन शैलचित्र

नरसिंहपुर, मध्यप्रदेश में कई स्थानों पर हजारों साल पुराने शैलचित्र मौजूद हैं। हाल ही में नरसिंहपुर जिले के करेली वन परिक्षेत्र के दुर्गम विनैकी ग्राम के पास शक्कर नदी की गुफाओं में प्राचीन शैलचित्र मिले हैं। विनैकी में बमुश्किल 20-25 मकान हैं। खड़ी चढ़ाई वाली पहाड़ी पर स्थित विनैकी गांव में बाहरी व्यक्ति बिरले ही पहुंच पाते हैं। करेली वन परिक्षेत्र की टीम ने प्राकृतिक रूप से अतिरमणीय स्थान पर स्थित इन शैलचित्रों का मुआयना किया। शैलचित्रों की वास्तविक आयु पुरातत्व विभाग के विश्लेषण के बाद ही निर्धारित की जा सकेगी।

शैलचित्रों में हाथी, घोड़े और पैदल लोगों के साथ मानव शिकार खेलते हुए चित्रित हैं। चित्रों में भाला, तीर-कमान, फरसा आदि स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं। कुछ चित्र भीमबेटिका में मिले चित्रों के समान स्पष्ट लाल रंग के हैं, वहीं कुछ चित्र धूसर हो चुके हैं। चित्रों के बारे में किसी लिपि में वर्णन भी किया गया है, जिसे प्राचीन लिपि का कोई जानकार ही पढ़ सकेगा। शैलचित्र तक पहुंचने के लिए ग्राम हर्रई से चिखला तक 32 किलोमीटर की पक्की सड़क है। चिखला से विनैकी तक 4 किलोमीटर की कच्ची सड़क है। वहीं विनैकी गुफा तक पहुंचने के लिए 2 किलोमीटर का पैदल रास्ता तय करना पड़ता है। संपूर्ण क्षेत्र प्राकृतिक सौन्दर्य से सरावोर है। मध्यप्रदेश में भोपाल के पास स्थित भीमबेटिका शैलचित्र यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर घोषित है। भीमबेटिका से 5 किलोमीटर दूर पेंगावन क्षेत्र में भी हजारों साल पुराने 35 शैलचित्र मिले हैं।

कोरोना संक्रमण रोकने में नगरीय निकाय निभायें महत्वपूर्ण भूमिका

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह भोपाल में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, शहरों में कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने में नगरीय निकाय महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। राज्य स्तर पर एक नोडल अधिकारी बनायें, जो मॉनीटरिंग और प्लान बनाने का कार्य करें। इसकी डेली रिपोर्टिंग हो। यह निर्देश नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने कहा कि नगर में जिस क्षेत्र में कोरोना मरीज पाये जाते हैं, वहां सेनेटाइजेशन प्राथमिकता से करें। सेनेटाइजेशन की नवीनतम तकनीकों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में नगरीय विकास विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों का भी अध्ययन करें। चयनित कोविड सेंटर में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायें।

श्री सिंह ने कहा कि स्मार्ट सिटी में वही कार्य करवाये जायें, जो नागरिकों के लिये उपयोगी हों। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों से गैर जरूरी कार्य कराने की शिकायतें मिली हैं। श्री सिंह ने कहा कि स्मार्ट सिटी में चल रहे कार्यों की अलग से समीक्षा करेंगे।

दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना हर शहर में

श्री सिंह ने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना गरीब तबके के लिये बहुत उपयोगी है। इसे हर शहर में संचालित करने का प्लान बनायें।

समय-सीमा में मिले पथ व्यवसायी को लाभ

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्म-निर्भर निधि (पी.एम. स्व-निधि) योजना का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में दिलायें। हर नगरीय निकाय में एक अधिकारी की ड्यूटी लगायें, जो बैंक से को-ऑर्डिनेट करे, जिससे समय पर ऋण मिल सके।

श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के निराकरण के लिये प्लान बनायें। उन्होंने शहरी लोक परिवहन में चलाई जा रही इंटरसिटी बसों की उपयोगिता के संबंध में तुलनात्मक रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिये। श्री सिंह ने कहा कि मेट्रो ट्रेन के कार्यों में तेजी लायें। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने कहा कि हम सब मिलकर ऐसा कार्य करें कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित हों।

प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री नीतेश व्यास ने योजनाओं की जानकारी दी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

प्रदेश में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता

भोपाल, मध्यप्रदेश में किसानों के लिए यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की सभी जिलों में सेवा सहकारी समितियों एवं विपणन संघ के गोदामों में पर्याप्त उपलब्धता है। किसान भाई अपनी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक सेवा सहकारी समितियों अथवा विपणन संघ के केंद्रों से प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी उर्वरक की कोई कमी नहीं है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कहीं।

इस खरीफ वर्ष में प्रदेश में 13 जुलाई तक 10.26 लाख मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया है, जो गत वर्ष से 3.03 लाख मीट्रिक टन अधिक है। गत वर्ष विपणन संघ के माध्यम से इस अवधि तक 4.7 लाख मीट्रिक टन तथा सहकारिता क्षेत्र से 2.44 लाख मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया। वहीं इस बार इसी अवधि में विपणन संघ के केंद्रों से 6.17 लाख मीट्रिक टन तथा सहकारिता क्षेत्र से 4.09 लाख मीट्रिक टन यूरिया का किसानों को वितरण किया जा चुका है।

श्री चौहान ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सभी जिलों को गत वर्ष से अधिक मात्रा में उर्वरकों की आपूर्ति की गई है। भारत सरकार से जुलाई माह के लिए प्रदेश को 2.06 लाख मीट्रिक टन यूरिया का आवंटन किया गया है। अतिरिक्त आवंटन के लिए भी भारत सरकार ने अवगत करवा दिया है, जिसके अनुसार 11 हजार 400 मीट्रिक टन स्वदेशी और 31 हजार 764 मीट्रिक टन आयातित यूरिया प्रदेश को प्राप्त होगी। जुलाई माह के लिए 15 जिलों से अतिरिक्त यूरिया की मांग प्राप्त हुई है, जिसके अनुसार आपूर्ति की कार्रवाई की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि गत 6 जुलाई को केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री डी.वी. सदानंद गौड़ा से मुलाकात कर प्रदेश के लिए अतिरिक्त यूरिया आवंटन का अनुरोध किया गया था, जिसे केंद्रीय मंत्री ने स्वीकार करते हुए शीघ्र ही कोटा बढ़ाने और रैक प्वाइंट्स की संख्या में वृद्धि की सहमति प्रदान की थी। इस संदर्भ में केंद्र सरकार से पूरा सहयोग मिल रहा है।

श्री चौहान ने बताया कि इस वर्ष कोविड-19 के संकट के कारण इंदौर, खण्डवा और छिंदवाड़ा में रैक प्वाइंट पर रैक अनलोडिंग में अधिक समय लगने की समस्या आयी थी, लेकिन उसका तुरंत समाधान किया गया। खण्डवा रैक प्वाइंट के लिए जीएसएफसी की रैक 13 जुलाई को लग गई है। इसी तरह रतलाम, मेघनगर और धार में भी आपूर्ति की जा रही है। कृभको ने बड़वानी जिले में सड़क मार्ग से यूरिया आपूर्ति की है। इंदौर में एनएफएल की रैक भी 13 जुलाई को लग जाने से समाधान हुआ है। एक अन्य हाफ रैक ट्रांजिट में है जो बड़वानी, खरगोन और धार जिले में आपूर्ति करेगी। कृभको की तरफ से बुरहानपुर और खरगोन में आपूर्ति की जाएगी। सीहोर और विदिशा के लिए भी इसी सप्ताह व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी आवश्यकता के अनुरूप यूरिया आपूर्ति की जा रही है। छिंदवाड़ा, सिवनी, बड़वानी, छतरपुर, नरसिंहपुर, बैतूल, होशंगाबाद और खरगोन के विक्रय केंद्रों के निरीक्षण के बाद लायसेंस निलंबित करने और एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की गई है।

धान, मक्का, कपास की बुआई जल्दी हो जाने से 1.21 लाख मीट्रिक टन यूरिया की अतिरिक्त मांग हुई है। भारत सरकार से 1.50 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की अतिरिक्त मांग की पूर्ति के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल पर लंबित शिकायतों का निपटारा भी किया गया है। उर्वरक की आपूर्ति की शिकायतों और सहकारी समितियों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता से दूर किया गया है।

किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध लगेगा रासुका

किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल भोपाल में विभागीय समीक्षा करते हुये।

भोपाल, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने भोपाल स्थित मंत्रालय में विभागीय समीक्षा करते हुए कहा है कि किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध किसी प्रकार की रियायत नहीं बरती जाये। किसानों के साथ धोखा करने वालों के विरुद्ध रासुका के प्रकरण बनवाये जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिये।

श्री पटेल ने खरीफ की बोनी, उर्वरक भण्डारण एवं वितरण व्यवस्था और खरीफ फसलों की कीट-व्याधि के संबंध में आदान की उपलब्धता एवं व्यवस्था और बीज उपलब्धता की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में गत वर्ष की तुलना में अब तक 30 प्रतिशत अधिक यूरिया और 50 प्रतिशत अधिक डीएपी का वितरण किया जा चुका है। प्रदेश में आवश्यकतानुसार यूरिया की नियमित आपूर्ति की जा रही है। अब तक 2 लाख 6 हजार मीट्रिक टन के विरुद्ध 83 प्रतिशत यूरिया का उठाव किया जा चुका है। श्री पटेल ने बताया कि 43 हजार मीट्रिक टन यूरिया और आ रही है। अगले 3 दिन में मेघनगर, मांगलिया, सतना, मुरैना, राजगढ़, खण्डवा और कटनी में यूरिया की रैक उतर जायेगी। यूरिया की कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यूरिया वितरण का बेहतर प्रबंध सुनिश्चित किया जाये, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में बताया गया कि यूरिया की आपूर्ति में गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। भण्डारण केन्द्रों को न केवल सीज किया गया है, बल्कि एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

छोटे किसानों को फसल सुरक्षा की गारंटी

श्री पटेल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीमा योजना का लाभ छोटे किसानों को मिलना सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक कदम उठायें। उन्होंने कहा कि अधिकतम छोटे किसानों को बीमा योजना का लाभ मिलना जरूरी है। किसानों को लाभान्वित करने के लिये समुचित प्रयास किये जायें। सरकार किसान हितैषी है, किसानों के हित में सभी आवश्यक निर्णय करने के लिये सरकार कृत-संकल्पित है। किसानों को फसल सुरक्षा की गारंटी देना है।

मुरैना में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता हो

बैठक में कृषि राज्यमंत्री श्री गिर्राज दण्डोतिया ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुरैना में सभी सोसायटियों में समय पर खाद पहुंचाया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद की कमी किसी भी स्थिति में नहीं आने दी जाये। बैठक में बताया गया कि अगले तीन दिनों में मुरैना में यूरिया की एक रैक आ रही है। रैक उतरते से ही सभी सोसायटियों में खाद उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएं - स्वास्थ्य मंत्री

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी भोपाल में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, लोक स्वास्थ्य ऐसा विभाग जो प्रदेश के प्रत्येक नागरिक से जुड़ा है, प्रदेश का विकास जनता के स्वास्थ्य से सीधे तौर से प्रभावित होता है अतः जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। यह बात लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने विभागीय योजना की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा कोरोना पीड़ित को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार हो। आमजन को फीवर क्लीनिक की जानकारी हो। कोरोना संक्रमितों की प्राथमिक स्तर पर ट्रेसिंग कर तत्काल इलाज मुहैया कराया जाए।

डॉ. चौधरी ने कहा कि डेडीकेटेड कोविड सेंटर्स में मरीजों के इलाज और दी जा रही सुविधाओं की मॉनीटरिंग की जाए। कोविड मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। उन्होंने कहा कि कोविड सेंटर में साइकोलाजिस्ट की व्यवस्था भी की जाए, जो मरीजों को स्ट्रेस मैनेजमेंट, पॉजिटिव थिंकिंग और मेंटल पीस से जोड़ें। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आशा कार्यकर्ता को भी पल्स ऑक्सीमीटर और टेम्प्रेचर गन उपलब्ध करायी जाए। कोरोना संक्रमण से बचने के लिये सावधानियों का सख्ती से पालन कराया जाए।

अधिकारियों ने बैठक में जानकारी दी कि प्रत्येक जिला अस्पताल में 10 बिस्तर का और सभी संभागों में 20 बिस्तर का आईसीयू इस माह के अंत तक तैयार हो जाएगा। किल कोरोना अभियान के माध्यम से डोर-टू-डोर सर्वे कर प्राथमिक स्तर के कोरोना संक्रमितों की ट्रेसिंग की गई। फीवर क्लीनिक खोली गई है, ताकि कोरोना के प्राथमिक लक्षणों के पाए जाने पर तुरंत जांच हो सके। अभी तक प्रदेश में 4 हजार 592 बेड उपलब्ध हैं जिनकी संख्या बढ़ाकर 7 हजार 293 कर दी गई है।

घर में जन्में बच्चों का प्राथमिकता से करायें टीकाकरण

डॉ. चौधरी ने कोरोना से भिन्न अन्य गंभीर स्वास्थ्य मुद्दों की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन की समयावधि में संस्थागत प्रसव में कमी आई है। अतः घर पर जन्में बच्चों का प्राथमिकता से टीकाकरण कराया जाये।

वेक्टर जनित रोगों का नियंत्रण

डॉ. चौधरी ने कहा कि बरसात के मौसम में होने वाले वेक्टर जनित (मच्छर के काटने से) रोगों के नियंत्रण का कार्य भी गंभीरता से किया जाए। मलेरिया, डेंगू आदि रोगों के बचाव के लिये कीटनाशक छिड़काव, मेडिकेटेड मच्छरदानी वितरण, रोग से बचाव के लिये व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाए।

सभी जिला अस्पतालों में हेल्प डेस्क

स्वास्थ्य मंत्री ने सभी जिला अस्पतालों में हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिये जिससे आमजन को कौन सी सेवा कहां उपलब्ध है, की जानकारी के लिये यहां-वहां भटकना न पड़े।

डॉ. प्रभुराम चौधरी ने बैठक में कहा कि सभी जिला अस्पताओं में डायलिसिस, सीटी स्कैन, एक्स-रे आदि उपकरणों की सुविधाएं सुचारु रूप से आमजन को उपलब्ध हों। डॉ. चौधरी ने राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, आयुष्मान योजना, मरीजों के भोजन, सुरक्षा, अस्पतालों की साफ-सफाई, बायोमेडिकल वेस्ट, नेशनल अर्बन हेल्थ मिशन एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर आदि की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सोमवार को समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी। सभी कार्य त्वरित गति से पूर्ण किये जायें।

शहरों के मास्टर प्लान को रिव्यू करें - श्री भूपेन्द्र सिंह

भोपाल, निर्धारित प्रावधानों के अनुसार शहरों के मास्टर प्लान को रिव्यू करें। जरूरत हो तो इसके लिये एक्सपर्ट एजेंसी की सेवाएं ली जा सकती हैं। यह निर्देश नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने नगर एवं ग्राम निवेश संचालनालय के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने कहा कि कई शहरों का विस्तार इतना हो गया है कि मास्टर प्लान में निर्धारित कृषि भूमि शहर के अंदर आ गयी है। उन्होंने कहा कि इस भूमि का डायवर्सन नहीं होने से किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पाता है। श्री सिंह ने कहा कि मास्टर प्लान के रिव्यू होने से इनको लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि कृषि भूमि के उपयोग के संबंध में अलग से भी नीति बनायें, जिससे किसानों को फायदा मिल सके। बैठक में बताया गया कि भोपाल मास्टर प्लान में दावे-आपत्ति 9 अगस्त, 2020 तक बुलायी गयी हैं।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने कहा कि नगरीय निकायों की आय बढ़ाने की योजना बनायें। उन्होंने कहा कि निकायों को आत्मनिर्भर बनाना बहुत जरूरी है। श्री सिंह ने लैण्ड पूलिंग के प्रावधानों की सराहना की।

भूमि उपयोग की जानकारी ऑनलाइन

बैठक में आयुक्त नगर एवं ग्राम निवेश श्री अजीत कुमार ने बताया कि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर एवं जबलपुर में वेब बेस्ड एप्लीकेशन अल्पास के माध्यम से भूमि उपयोग की जानकारी एवं विकास अनुज्ञा ऑनलाइन दी जा रही है। प्रदेश के 16 अन्य शहरों में भी भूमि उपयोग का प्रमाण-पत्र ऑनलाइन दिया जा रहा है। जीआईएस आधारित विकास योजना बनायी जा रही है।

निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने प्रदेश के नगरीय निकायों के आम निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पुराने नगरीय निकायों के साथ ही नवगठित नगरीय निकायों में वार्ड परिसीमन और वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही समय-सीमा में करवायें।

पौधों की खरीदी शासकीय नर्सरियों से की जाये

भोपाल, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण स्वतंत्र प्रभार एवं नर्मदा घाटी राज्यमंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने भोपाल स्थित मंत्रालय में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के कार्यक्रमों और योजनाओं की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि विभिन्न शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों में किसानों को उपलब्ध करवाए जाने वाले पौधों की खरीदी केवल शासकीय नर्सरियों से की जाए।

श्री कुशवाह ने कहा कि शासकीय नर्सरियों को उन्नत ढंग से विकसित किया जायेगा।

नर्सरियों में स्थानीय किसानों की मांग और आवश्यकता को ध्यान में रखा जाये। जहां जिस फल, फूल, सब्जी आदि उद्यानिकी फसलों की पौध की जरूरत है वहां किसानों कि मांग अनुसार पौध रोपण किया जाये। उन्होंने यह भी कहा कि नर्सरियों में वही पौध विकसित की जाये जिसकी किसानों द्वारा मांग की जाती है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

रोशनी नाडर मल्होत्रा

एचसीएल की चेयरपर्सन बनीं

भारत की सबसे अमीर महिला 38 वर्षीय रोशनी नाडर

मल्होत्रा अब एचसीएल टेक्नोलॉजीज की चेयरपर्सन बन गई हैं। आईटी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज ने बताया कि वर्तमान चेयरमैन शिव नाडर के इस्तीफे के बाद ही रोशनी को चेयरपर्सन बनाया गया है। रोशनी का नाम फोर्ब्स की दुनिया की 100 सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची में 2017 से 2019 तक रहा है।

समृद्धि कालिया

योगासन में बनाया विश्व रिकॉर्ड

दुबई में रहने वाली भारत की समृद्धि कालिया ने सीमित

स्थान में 100 आसन कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। 11 साल की समृद्धि ने तीसरी बार विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। उन्होंने एक माह के अंदर दूसरी बार यह कीर्तिमान स्थापित किया है। सीमित स्थान में सबसे तेजी से योग के 100 आसन कर उन्होंने रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले 21 जून को विश्व योग दिवस के मौके पर समृद्धि ने 1 मिनट में 40 उन्नत योग आसन कर अपना दूसरा विश्व रिकॉर्ड बनाया था।

रियर एडमिरल इकबाल

बांग्लादेश नौसेना के नये प्रमुख नामित

रियर एडमिरल मोहम्मद शाहीन इकबाल को बांग्लादेश

नौसेना का अगला प्रमुख नियुक्त किया गया है। रियर एडमिरल इकबाल ने पनडुब्बी रोधी युद्ध कला में भारत में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वह अभी सहायक नौसेना प्रमुख के तौर पर कार्यरत हैं। रियर एडमिरल इकबाल इसी माह सेवानिवृत्त हो रहे वाइस एडमिरल औरंगजेब चौधरी का स्थान लेंगे।

वासोंस ग्लेशियर से

वर्ष 1966 के भारतीय अखबार मिले

फ्रांस के मोंट ब्लैंक पर्वत के पिघलते वासोंस ग्लेशियर से

दर्जनभर से अधिक भारतीय अखबारों की प्रतियां मिली हैं। ये अखबार वर्ष 1966 के हैं। उस समय के राजनीतिक परिदृश्यों की जानकारी इनमें दर्ज है। दरअसल इस पर्वत पर 54 साल पहले एयर इंडिया का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और यह अखबार उसी के अवशेष हैं। मोंट ब्लैंक पर्वतमाला पर तकरीबन 1,350 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस ग्लेशियर के पास कैफे और रेस्तरां चलाने वाले 33 साल के टिमोथी मोटिन को यह अखबार मिले हैं।

झारखंड में

खुदाई के दौरान मिले मुगलकालीन सिक्के

झारखंड के पलामू में पांकी इलाके में खुदाई के दौरान खजाना मिला है। नौडीहा गांव के भलही में खुदाई के

दौरान मिले सुराही जैसे बर्तन में चांदी के सैकड़ों सिक्के भरे थे। सिक्के 902, 1100 और 1080 ईस्वी के हैं। इन पर उर्दू और अरबी भाषा में नाम दर्ज हैं। ग्रामीणों का मानना है कि पूर्व में यहां किसी मुगल राजा का किला रहा होगा।

ब्रिजर वॉकर

वर्ल्ड चैंपियन का मानद खिताब मिला

वर्ल्ड वॉकिंग काउंसिल ने 6 वर्षीय ब्रिजर वॉकर को

अपनी बहन को कुत्ते द्वारा किये गये हमले से बचाने के लिये पुरस्कार स्वरूप वर्ल्ड चैंपियन का मानद खिताब दिया है। कुत्ते ने ब्रिजर को इतना काटा कि उसके मुंह पर 90 टांके लगाने पड़े। इसे लेकर डब्ल्यूवीसी ने कहा कि काउंसिल मासूम को मानवता के लिये सम्मानित कर रही है।

सोलर ऑर्बिटर ने

सूर्य की सबसे नजदीकी तस्वीरें लीं

नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष यान



सोलर ऑर्बिटर ने सूर्य की अब तक की सबसे नजदीकी तस्वीरें ली हैं। इनमें हर जगह छोटी-छोटी अनगिनत आग की लपटें उठती दिखाई दे रही हैं। वैज्ञानिकों ने सोलर ऑर्बिटर द्वारा ली गई पहली तस्वीर जारी कर दी है। वैज्ञानिकों के अनुसार ऑर्बिटर ने जब यह तस्वीरें लीं तब वह सूर्य से 7 करोड़ 70 लाख किलोमीटर दूर था। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के परियोजना वैज्ञानिक डेनियल मूलर ने इन लपटों को 'कैम्फायर्स' नाम दिया है।

चीन ने

हांगकांग के होटल में राष्ट्रीय सुरक्षा कार्यालय बनाया

चीन ने हांगकांग के एक होटल में राष्ट्रीय सुरक्षा

कार्यालय बना लिया है। यह होटल लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनों के प्रमुख स्थल सिटी सेंटर पार्क में है। इसके साथ ही हांगकांग के स्कूलों में गाये जाने वाले लोकतंत्र समर्थकों के गीत 'ग्लोरी टू हांगकांग' पर भी बैन लगा दिया गया है। गौरतलब है कि चीन ने हाल ही में हांगकांग में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू किया है।

फ्रांस

सैंट पियरे एंड सैंट पॉल चर्च में लगी आग

फ्रांस के नांट्स शहर स्थित सैंट पियरे एंड सैंट पॉल चर्च

में आग लग गई। इस चर्च का निर्माण 1434 में शुरू हुआ था। यह 1891 में बनकर तैयार हुआ था। इस चर्च में आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। इस चर्च में 1972 में भी आग लगी थी। गौरतलब है कि पेरिस स्थित ऐतिहासिक चर्च नोट्रे-ड्रैम में 2019 में भी भीषण आग लग गई थी।

जस्टिस यू.यू. ललित

कॉलेजियम के पांचवें सदस्य होंगे

सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस आर. भानुमति के रिटायर

होने के साथ ही जस्टिस यू.यू. ललित सुप्रीम कोर्ट के पांचवें वरिष्ठ जज बन गये हैं। इसी के साथ वे कॉलेजियम के नये सदस्य होंगे। सुप्रीम कोर्ट के पांच वरिष्ठतम न्यायाधीश कॉलेजियम के सदस्य होते हैं। कॉलेजियम सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति के लिये नामों का चयन तथा संस्तुति करता है। चीफ जस्टिस एस.ए. बोबडे, जस्टिस एन.वी. रमना, जस्टिस अरूण मिश्रा और जस्टिस आर.एफ. नरीमन कॉलेजियम के सदस्य हैं।

सूमो रेसलिंग

जापान में 2500 दर्शक देखने पहुंचे

कोरोना संक्रमण के बीच जापान में 7 महीने बाद

दोबारा सूमो रेसलिंग शुरू हुई है। यह टूर्नामेंट 2 अगस्त तक चलेगा। रयोगुकू कोकुगिकन एरिना में हो रहे टूर्नामेंट में कोरोना के कारण 2500 दर्शकों को ही एंट्री दी गई है। हालांकि इस एरिना में ग्यारह हजार लोग बैठ सकते हैं। एरिना में लाइव सूमो रेसलिंग देखने आने वाले दर्शकों को मास्क लगाना अनिवार्य था।

डीजाह स्टीवेंस

डोप टेस्ट नहीं देने के कारण अठारह महीने का बैन लगा

अमेरिका की फर्राटा धाविका डीजाह स्टीवेंस टोक्यो

ओलिंपिक से बाहर हो गई हैं। स्टीवेंस 2016 रियो ओलिंपिक में 200 मीटर रेस के फाइनल में पहुंची थीं। एथेलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट के अनुसार वे पिछले साल हुये तीन डोप टेस्ट में नहीं पहुंची थीं। इसलिये उन पर बैन लगाया गया है। बैन 17 फरवरी 2020 से टोक्यो ओलिंपिक 2021 के समापन समारोह के बाद तक जारी रहेगा।

इलियास फाखफाख

ट्यूनीशिया के प्रधानमंत्री ने दिया इस्तीफा

ट्यूनीशिया के प्रधानमंत्री इलियास फाखफाख ने अपने

पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके कचरा निस्तारण कंपनी में शेयर थे और उसी कंपनी को 1 करोड़ 50 लाख यूरो का सरकारी ठेका भी हासिल हुआ। उन्होंने कंपनी में शेयर होने की बात छुपा ली थी। विपक्ष ने उन पर आरोप लगाये थे, जिसके बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

मैट फ्रेडरिक्सन

डेनमार्क की प्रधानमंत्री ने शादी की

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मैट फ्रेडरिक्सन ने आखिरकार

शादी कर ली। इससे पहले दो-तीन बार उन्होंने शादी का प्लान बनाया था, लेकिन कोई न कोई मुश्किल आ ही जाती थी। प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन ने सोशल मीडिया पर शादी की तस्वीर साझा की है, जिस पर उन्हें दुनियाभर में शुभकामनायें मिल रही हैं।

सारा गिडियन

भारतीय मूल की अमेरिकी ने जीती प्राइमरी

भारतीय मूल की अमेरिकी राजनीतिज्ञ सारा गिडियन ने

मेन राज्य से अमेरिकी सीनेट सीट के लिये डेमोक्रेटिक पार्टी की प्राइमरी जीत ली है। अब नवंबर में होने वाले चुनाव में सारा रिपब्लिकन सीनेटर सूसन कोलिन्स को चुनौती देंगी। गिडियन अभी विधानसभा में अध्यक्ष हैं। इस बार सीनेट प्राइमरी की दौड़ में जीतने वाली 48 वर्षीय सारा दूसरी भारतीय-अमेरिकी हैं।

अशोक कुमार

मोहन बागान लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से होंगे सम्मानित

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के पुत्र और भारत की 1975 विश्वकप जीत के नायकों में शामिल अशोक

कुमार को मोहन बागान फुटबॉल क्लब के स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। गौरतलब है कि मोहन बागान दिवस हर साल 29 जुलाई को मनाया जाता है।

चंद्रिका प्रसाद संतोखी

सूरीनाम के राष्ट्रपति बने

भारतीय मूल के चंद्रिका प्रसाद संतोखी सूरीनाम के

अगले राष्ट्रपति होंगे। प्रोग्रेसिव रिफॉर्म पार्टी के नेता संतोखी निर्विरोध राष्ट्रपति चुने गये। 51 सदस्यीय नेशनल असेंबली ने उन्हें अगले पांच साल के लिये चुना है। उन्होंने पूर्व सैन्य तानाशाह डेसी बॉउटर्स की जगह ली है।

स्मृति शेष

अमेरिकी नागरिक अधिकारों के चैंपियन जॉन लुईस नहीं रहे

अमेरिका में नागरिक अधिकारों के लिये आंदोलन

करने वाले सांसद जॉन लुईस का 80 साल की उम्र में निधन हो गया। दिसम्बर 2019 में लुईस को कैंसर से पीड़ित होने का पता चला था। लुईस नागरिक अधिकारों के लिये आंदोलन करने वाले बिग सिक्स नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं में से एक थे।

प्रख्यात गणितज्ञ सीएस शेषाद्रि का निधन

प्रख्यात गणितज्ञ कांजीवरम श्रीरंगाचारी शेषाद्रि

यानि सीएस शेषाद्रि का निधन हो गया है। बीज गणितीय ज्यामिति के क्षेत्र में उनके योगदान के लिये 2009 में उन्हें देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मभूषण से नवाजा गया था। उनके निधन पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

पूर्व विश्व जूनियर स्केटिंग चैंपियन एकेटरिना का निधन

पूर्व विश्व जूनियर पेयर्स फिगर स्केटिंग

चैंपियन एकेटरिना का निधन हो गया। ऑस्ट्रेलियाई ओलिंपिक समिति ने 20 वर्षीय एकेटरिना एलेक्सांद्रोवस्काया के निधन की घोषणा की। एकेटरिना ने 2016 में रूस छोड़कर ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता ग्रहण कर ली थी। 2018 में उन्होंने पेयोंगचांग ओलिंपिक में हिस्सा लिया था।

बॉलीवुड निर्देशक रजत मुखर्जी का निधन

गंभीर रूप से बीमार बॉलीवुड निर्देशक रजत

मुखर्जी का जयपुर में निधन हो गया। प्यार तूने क्या किया, रोड, लव इन नेपाल जैसी फिल्मों के निर्देशक के निधन पर बॉलीवुड इंडस्ट्री ने शोक व्यक्ति किया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

आपके पास समय कम है, किसी और का जीवन जीने में जाया न करें – नीना सिमोन

स्मृति शेष

वेस्टइंडीज क्रिकेट के स्वर्णिम दौर के सूत्रधार सर एवर्टन वीक्स

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लंबे समय तक वेस्टइंडीज का बोलबाला रहा है। मौजूदा समय में वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम सीमित ओवर क्रिकेट विशेषकर टी-20 क्रिकेट की एक्सपर्ट मानी जाती है। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने वन-डे के पहले दो विश्वकप जीते हैं, साथ ही दो टी-20 विश्वकप जीतने वाली एकमात्र टीम है। एक समय ऐसा भी था जब टेस्ट क्रिकेट में भी वेस्टइंडीज का दबदबा था। वेस्टइंडीज क्रिकेट को अर्श पर पहुंचाने में दिग्गज बल्लेबाज सर एवर्टन वीक्स का बहुत बड़ा योगदान रहा है। वीक्स ने वेस्टइंडीज क्रिकेट को संवारा और नई ऊंचाईयां प्रदान की हैं। सर एवर्टन वीक्स का हाल ही में बारबाडोस में निधन हो गया, वें 95 वर्ष के थे। वीक्स को वर्ष 2019 में हार्ट अटैक आया था, इसके बाद से ही उनकी तबीयत खराब थी।

क्लाइव लॉयड, सर विवियन रिचर्ड, रिची रिचर्डसन, गॉर्डन ग्रीनिज, सर गारफील्ड सोबर्स, मैल्कम मार्शल, एंडी रॉबर्ट्स और ब्रायन लारा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को वेस्टइंडीज क्रिकेट के स्वर्णिम दौर के लिए जाना जाता है, लेकिन इस स्वर्णिम दौर के सूत्रधार के रूप में एवर्टन वीक्स को पहचाना जाता है। वीक्स ने ऐसे समय में क्रिकेट में धाक जमाई जब विश्व में ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज सर डॉन ब्रैडमेन का डंका बजता था। उस समय विश्व क्रिकेट की धुरी इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के इर्द-गिर्द ही घूमती थी।

'द थ्री डब्ल्यूज' तिकड़ी हुई विश्व में मशहूर

वेस्टइंडीज क्रिकेट के उत्थान में 'द थ्री डब्ल्यूज' (3WS) तिकड़ी का अहम योगदान माना जाता है। इस तिकड़ी में एवर्टन वीक्स के अलावा क्लाइड वाल्कॉट और फ्रैंक वारेल शामिल थे। ये तीनों अपने समय के दिग्गज क्रिकेटर थे। इस तिकड़ी में शामिल तीनों खिलाड़ियों का उपनाम अंग्रेजी के डब्ल्यू शब्द से शुरू होता था। उस दौर में वीक्स, वारेल और वाल्कॉट के साथ जॉर्ज हैडली भी वेस्टइंडीज की टीम में थे। इन चारों बल्लेबाजों के कारण वेस्टइंडीज टीम का बल्लेबाजी क्रम विश्व का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी क्रम माना जाता था। वीक्स, वारेल और वाल्कॉट का जन्म बारबाडोस में अगस्त 1924 से जनवरी 1926 में मध्य 18 महीने के भीतर हुआ था। इन तीनों ने साथ-साथ घरेलू क्रिकेट खेला। यही नहीं इन तीनों ने एक ही सीरीज के दौरान टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। द थ्री डब्ल्यूज तिकड़ी अपने समय में सिर्फ वेस्टइंडीज में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में विख्यात थी। इस तिकड़ी के दो सदस्य वारेल का वर्ष 1967 तथा वाल्कॉट का वर्ष 2006 में निधन हो गया था, अब वीक्स भी इस दुनिया से चले गए हैं।

बेहतरीन रहा है क्रिकेट कॅरियर

सर एवर्टन वीक्स जिस दौर में क्रिकेट खेलते थे, तब सिर्फ टेस्ट क्रिकेट ही चलन में था। उनका क्रिकेट कॅरियर बेहतरीन रहा। जनवरी 1948 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने वाले वीक्स ने अपने कॅरियर में 48 टेस्ट मैचों में 58.61 की औसत से 4455 रन बनाए हैं, इनमें 15 शतक और 19 अर्धशतक शामिल हैं। भारत के खिलाफ वीक्स का प्रदर्शन शानदार रहा है। वीक्स ने भारत के खिलाफ 10 टेस्ट मैचों में 1495 रन बनाए हैं। भारत के खिलाफ वीक्स के बल्ले से 7 शतक निकले हैं। वीक्स ने क्रिकेट में अपना सर्वोच्च स्कोर (207 रन) भारत के खिलाफ ही बनाया था। मार्च 1958 में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान वीक्स के पैर में चोट लग गई। इस मैच के बाद वीक्स ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। एवर्टन वीक्स ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में भी बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। वीक्स ने 152 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं और 12010 रन बनाए हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वीक्स के नाम तिहरा शतक भी है। वीक्स ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 36 शतक और 54 अर्धशतक जड़े हैं।

लगातार पांच पारियों में शतक बनाने का रिकॉर्ड

सर एवर्टन वीक्स ने अपने समय में क्रिकेट में कई रिकॉर्ड बनाए थे, उनमें से कुछ रिकॉर्ड आज भी बरकरार हैं। वीक्स के नाम टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 1 हजार रन पूरे करने का रिकॉर्ड है। टेस्ट क्रिकेट में एवर्टन वीक्स और इंग्लैंड के हर्बर्ट सटक्लिफ के नाम 12 पारियों में 1 हजार रन बनाने का रिकॉर्ड है। इसके अलावा वीक्स ने टेस्ट क्रिकेट में लगातार 5 पारियों में 5 शतक बनाने का अनोखा रिकॉर्ड भी बनाया है। वीक्स ने यह कारनामा अपने क्रिकेट कॅरियर के पहले साल में ही किया था यह रिकॉर्ड आज भी कायम है। वीक्स ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में 141 रनों की पारी खेली। इसके बाद भारत दौरे पर पहले टेस्ट मैच में 128, दूसरे टेस्ट मैच में 194 और तीसरे टेस्ट मैच में 162 और 101 रनों की शतकीय पारियां खेलीं। वीक्स लगातार छठवीं पारी में भी शतक लगाने के करीब थे, लेकिन वे 90 रन के स्कोर पर रन आउट हो गए। वीक्स ने पांच मैचों की उस सीरीज में 779 रन बनाए थे।

राहुल द्रविड़ पहुंचे थे वीक्स के नजदीक

टेस्ट क्रिकेट में अब तक कई बल्लेबाजों ने लगातार पारियों में शतक बनाए हैं, लेकिन कोई भी बल्लेबाज वीक्स के रिकॉर्ड को तोड़ नहीं पाया। पिछले 70 सालों में वीक्स के इस रिकॉर्ड के सबसे नजदीक सिर्फ भारत के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ ही पहुंच सके हैं। द्रविड़ टेस्ट क्रिकेट में लगातार चार पारियों में शतक बना चुके हैं। द्रविड़ ने वर्ष 2002 में इंग्लैंड के खिलाफ नॉटिंघम टेस्ट में 115, लीड्स टेस्ट में 148 और ओवल टेस्ट में 217 रनों की लगातार शतकीय पारियां खेलीं। इसके बाद द्रविड़ ने मुंबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में नाबाद 100 रन बनाए। दूसरे टेस्ट में द्रविड़ के पास वीक्स के रिकॉर्ड की बराबरी करने का मौका था, लेकिन द्रविड़ इस मौके को भुनाने में कामयाब नहीं हो पाए और पहली पारी में 11 रन पर आउट हो गए। द्रविड़ से पहले ऑस्ट्रेलिया के जैक फिंग्लेटन और दक्षिण अफ्रीका के एलेन मेलविले ने भी टेस्ट क्रिकेट में चार लगातार पारियों में शतक बनाए हैं, लेकिन इन दोनों बल्लेबाजों ने यह कारनामा एवर्टन वीक्स के रिकॉर्ड से पहले किया था। ऐसे में वीक्स के बाद लगातार चार शतक बनाने वाले बल्लेबाज सिर्फ द्रविड़ ही हैं। टेस्ट क्रिकेट में ऐसे कई बल्लेबाज हैं, जिन्होंने लगातार तीन पारियों में शतक बनाए हैं। श्रीलंका के कुमार संगाकारा ने 3 बार लगातार तीन पारियों में शतक बनाये हैं। इनके अलावा सुनील गावस्कर, अरविंद डि सिल्वा और डेविड वॉर्नर ने 2 बार लगातार तीन पारियों में शतक जड़े हैं, लेकिन वे इस क्रम को आगे नहीं ले जा पाये।

संन्यास के बाद भी जुड़े रहे क्रिकेट से

वर्ष 1958 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी वीक्स वर्ष 1964 तक घरेलू क्रिकेट खेलते रहे। वीक्स ने संन्यास लेने के बाद क्रिकेट कोच के रूप में अपनी सेवाएं दीं। वीक्स ने कई वर्षों तक बारबाडोस क्रिकेट संघ में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया है। वीक्स ने अंतर्राष्ट्रीय टीमों को भी कोचिंग दी है। इसके अलावा वीक्स रेडियो और टेलीविजन पर क्रिकेट कॉमेंट्री कर चुके हैं। वर्ष 1994 में आईसीसी ने वीक्स को मैच रेफरी नियुक्त किया था। वीक्स ने 4 टेस्ट और 3 वन-डे मैचों में रेफरी की भूमिका निभाई है। वीक्स वेस्टइंडीज में कई खेल प्रशासक पदों पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

विश्व क्रिकेट ने दी श्रद्धांजलि

सर एवर्टन वीक्स के निधन के बाद विश्व क्रिकेट ने इस महान खिलाड़ी को उनके योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। आईसीसी ने कहा कि एवर्टन वीक्स वेस्टइंडीज क्रिकेट के शानदार इतिहास और विरासत का हिस्सा थे। वहीं मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने कहा कि वीक्स के निधन से सभी क्रिकेट प्रेमी दुखी हैं। उन्हें बेहतरीन क्रिकेटर के रूप में याद किया जाएगा।

सर एवर्टन वीक्स की पहचान एक बेहतरीन क्रिकेटर के साथ-साथ आकर्षक व्यक्तित्व के रूप में भी की जाती है। वीक्स के बाद कई खिलाड़ी आए और गए, लेकिन ऐसे कम ही खिलाड़ी हैं जो वीक्स के कद के आस-पास पहुंचे हैं। निसंदेह वीक्स के निधन से क्रिकेट ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण खेल जगत को क्षति पहुंची है।

एवर्टन वीक्स को मिले प्रमुख सम्मान

- सर एवर्टन वीक्स को वर्ष 1995 में नाइटहुड (सर) की उपाधि मिली।
- वर्ष 2009 में आईसीसी ने वीक्स को सम्मानित करते हुए हॉल ऑफ फेम में शामिल किया था।
- ब्रिजटाउन का राष्ट्रीय स्टेडियम 'द थ्री डब्ल्यूज' तिकड़ी के नाम पर थ्री डब्ल्यूज ओवल नाम से जाना जाता है।
- 'द थ्री डब्ल्यूज' तिकड़ी के नाम पर बारबाडोस में एक विश्वविद्यालय का नाम डब्ल्यूज ओवल रखा गया है।
- एवर्टन वीक्स वर्ष 1979 के क्रिकेट विश्वकप में कनाडा के कोच थे।
- स्वतंत्रता पश्चात कोलकाता के ईडन गार्डन मैदान में शतक बनाने वाले पहले क्रिकेटर हैं वीक्स।
- ईडन गार्डन में बनने वाले क्रिकेट संग्रहालय में एवर्टन वीक्स को भी दिया जाएगा स्थान।

- मोहन सिंह पाल

(लेखक, खेल एवं समसामयिक विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न - खेल सामान्य ज्ञान

1. **भारत ने अब तक कितनी बार सुल्तान अजलान शाह कप हॉकी टूर्नामेंट जीता है?**
(अ) तीन (ब) चार
(स) पांच (द) छह

2. **इनमें से कौन-सा ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ग्रास कोर्ट पर खेला जाता है?**
(अ) विंबलडन (ब) फ्रैंच ओपन
(स) यूएस ओपन
(द) ऑस्ट्रेलियन ओपन

3. **बैडमिंटन खिलाड़ी ताई जु यिंग किस देश का प्रतिधित्व करती हैं?**
(अ) जापान (ब) ताइवान
(स) सिंगापुर (द) हांग कांग

4. **मैग्नस कार्लसन किस खेल से संबंधित हैं?**
(अ) शतरंज (ब) स्नूकर
(स) जिम्नास्टिक (द) टेबल टेनिस

5. **वर्ष 2019 में एफआईएच वूमेन प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार किसे मिला था?**
(अ) स्टेसी मिशेलसन
(ब) ओलिविया मैरी
(स) इवा डि गोएड
(द) डेलफिना मेरिना

6. **जमैका के एथलीट उसैन बोल्ट ने ओलिंपिक खेलों में कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?**
(अ) सात (ब) नौ
(स) दस (द) आठ

7. **सर्जियो पेरेज का संबंध किस खेल से है?**
(अ) बास्केटबॉल
(ब) फॉर्मूला वन
(स) गोल्फ
(द) घुड़सवारी

8. **वर्ष 2009 में आईपीएल किस देश में आयोजित किया गया था?**
(अ) दक्षिण अफ्रीका
(ब) न्यूजीलैंड
(स) संयुक्त अरब अमीरात
(द) अमेरिका

9. **वर्ष 2010 में नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने कितने स्वर्ण पदक जीते थे?**
(अ) 74 (ब) 38
(स) 37 (द) 26

10. **टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक बनाने का रिकॉर्ड किसके नाम है?**
(अ) बेन स्टोक्स
(ब) ब्रैंडन मैक्कुलम
(स) नाथन एस्ले
(द) वीरेन्द्र सहवाग

11. **एक कैलेंडर ईयर में चारों ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाली खिलाड़ी हैं?**
(अ) सेरेना विलियम्स
(ब) मार्ग्रेट कोर्ट
(स) मार्टिना हिंगिस
(द) स्टेफी ग्राफ

12. **वर्ष 2010 में एशियाई खेल कहां आयोजित किए गए थे?**
(अ) इंचियोन (दक्षिण कोरिया)
(ब) दोहा (कतर)
(स) ग्वांग्झू (चीन)
(द) जकार्ता (इंडोनेशिया)

13. **इनमें से कौन-सा पूर्व क्रिकेटर दक्षिण अफ्रीका का अब तक का सबसे सफल विकेट कीपर है?**
(अ) मार्क बाउचर
(ब) ए.बी. डिविलियर्स
(स) क्विंटन डि कॉक
(द) हेनरिक क्लासेन

14. **एंजेलिक कर्बर किस देश के लिए टेनिस खेलती हैं?**
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) फ्रांस
(स) रूस (द) जर्मनी

15. **टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज हैं?**
(अ) अनिल कुंबले
(ब) जिम लेकर
(स) जोएल गार्नर
(द) डेनिस लिली

16. **फ्लैग्रेंट फाउल शब्द किस खेल से संबंधित है?**
(अ) बास्केटबॉल (ब) बेसबॉल
(स) पोलो (द) रग्बी

17. **आशीष कुमार किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) कबड्डी (ब) निशानेबाजी
(स) हॉकी (द) जिम्नास्टिक

18. **एशियाई खेल महासंघ का मुख्यालय कहां स्थित है?**
(अ) तेहरान (ब) नई दिल्ली
(स) मनीला (द) टोक्यो

19. **इनमें से किस खिलाड़ी के नाम बतौर कप्तान आईसीसी टूर्नामेंट्स में सबसे ज्यादा शतक बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है?**
(अ) सौरव गांगुली
(ब) सचिन तेंदुलकर
(स) विराट कोहली
(द) रिकी पोंटिंग

20. **राहुल द्रविड़ ने टेस्ट क्रिकेट में कितने शतक बनाये हैं?**
(अ) 34 (ब) 36
(स) 32 (द) 35

21. **वर्ष 2006 में फीफा फुटबॉल वर्ल्ड कप किस देश में खेला गया था?**
(अ) जर्मनी (ब) फ्रांस
(स) द. अफ्रीका (द) इटली

22. **इनमें से किस खिलाड़ी ने इस वर्ष ऑस्ट्रियन ग्रांप्री फॉर्मूला वन रेस जीती हैं?**
(अ) चार्ल्स लेकलर्क
(ब) लुइस हैमिल्टन
(स) वाल्टेरी बोटास
(द) एस्टाबेन ओकेन

23. **वन-डे क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं?**
(अ) वसीम अकरम
(ब) मुथैया मुरलीधरन
(स) चमिंडा वास
(द) ग्लेन मैक्ग्राथ

24. **अगला एएफसी एशियन कप टूर्नामेंट किस देश में खेला जायेगा?**
(अ) ईरान (ब) कजाखिस्तान
(स) जॉर्डन (द) चीन

25. **रोहित शर्मा ने किस देश के खिलाफ वन-डे क्रिकेट में पदार्पण किया था?**
(अ) बांग्लादेश (ब) आयरलैंड
(स) कनाडा (द) जिम्बाब्वे

उत्तरमाला

1. (स), 2. (अ), 3. (ब), 4. (अ), 5. (स), 6. (द), 7. (ब), 8. (अ), 9. (ब), 10. (स), 11. (द), 12. (स), 13. (अ), 14. (द), 15. (ब), 16. (अ), 17. (द), 18. (ब), 19. (अ), 20. (ब), 21. (अ), 22. (स), 23. (ब), 24. (द), 25. (ब)।

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

विश्व शतरंज दिवस 20 जुलाई

सबसे प्राचीन, बौद्धिक और सांस्कृतिक खेलों में से एक है शतरंज

खेल के माध्यम से स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थायी विकास, शांति, सहयोग, एकजुटता और सामाजिक समावेश जैसे मुद्दों को काफी हद तक सुधारा जा सकता है। अगर बात करें शतरंज की तो यह दुनिया का ऐसा एक खेल है, जिसमें चपलता के साथ-साथ बौद्धिक और रणनीतिक ज्ञान का होना बहुत आवश्यक है। शतरंज एक वैश्विक खेल है जो निष्पक्षता, समावेश और आपसी सम्मान को बढ़ावा देता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार यह खेल लोगों और विभिन्न देशों के बीच समझ तथा सहिष्णुता का वातावरण बनाने में योगदान कर सकता है।

शतरंज एक ऐसा खेल है, जिसमें वैज्ञानिक सोच और कला के तत्व समाहित हैं। यह दुनिया के सबसे प्राचीन, बौद्धिक और सांस्कृतिक खेल में से एक है। इसमें भाषा, उम्र, लिंग, शारीरिक क्षमता या सामाजिक स्थिति जैसी किसी प्रकार की बाधा नहीं होती है। इस खेल को दो लोगों के बीच कभी भी, कहीं भी खेला जा सकता है।

सतत विकास लक्ष्यों की पूर्ति में शतरंज निभा सकता है अहम भूमिका

संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि खेल, कला और शारीरिक गतिविधियों में ऐसी शक्ति है, जिससे पूर्वाग्रहों, धारणाओं और व्यवहार को बदला जा सकता है, लोगों को प्रेरित किया जा सकता है, नस्लीय और राजनीतिक बाधाओं को तोड़ा जा सकता है, भेदभाव को दूर किया जा सकता है और संघर्ष रोकने के साथ ही शिक्षा का प्रसार भी किया जा सकता है। वैश्विक परिदृश्य में देखा जाये तो शतरंज सतत विकास और सतत विकास लक्ष्यों के लिए 2030 एजेंडा के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर सकता है। इस एजेंडे में शिक्षा को मजबूत करना, लैंगिक समानता, महिलाओं तथा लड़कियों को सशक्त बनाना, समावेश, सहिष्णुता, आपसी समझ और सम्मान को बढ़ावा देना शामिल है।

शतरंज की उत्पत्ति को लेकर हैं कई मत

शह और मात का खेल शतरंज, जितना पुराना है उतना ही इसकी उत्पत्ति को लेकर भ्रम है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि इस खेल की उत्पत्ति प्राचीन भारत में खेले जाने वाले खेल 'चतुरंग या चतुरंगा' से हुई है। वहीं चीन और यूरोप का मानना है कि शतरंज की शुरुआत उनके देश से हुई है। बाणभट्ट रचित हर्षचरित में उल्लेख है कि हर्षवर्धन ने सेना को 24 भाग में बांटकर कई युद्ध जीते, इसी आधार पर 24 खाने के चतुरंग खेल की शुरुआत हुई। इसमें भी युद्ध की तरह हाथी सवार, घुड़सवार और पैदल योद्धा होते थे, चतुरंग में 8-8 मोहरों से चार खिलाड़ी खेलते थे। कौन-सा मोहरा कब व कितना चलेगा, यह पासा तय करता था। जर्मनी के इतिहासकार एजे ईडर व डेनमार्क के डॉ. जैकब ने कई वर्षों के शोध के बाद माना है कि शतरंज, हर्षवर्धन काल के चतुरंग का आधुनिक स्वरूप है।

शतरंज की सर्वोच्च संस्था वर्ल्ड चेस फेडरेशन (फ्रेंच भाषा में FIDE) के अनुसार चेस यानी शतरंज की शुरुआत भारत से हुई और छठीं शताब्दी के आसपास ये खेल भारत से होते हुये पर्सिया पहुंचा, जहां इसका नाम चौरंगा से शतरंज पड़ा। इसी दौरान इसके नियमों में भी बदलाव हुये, जो भारत के नियमों से अलग थे। 9वीं सदी के आसपास ये खेल पर्सिया से होते हुये पश्चिमी यूरोप और रूस पहुंचा। इसके बाद समय के साथ-साथ यह खेल दुनिया के अलग-अलग देशों में पहुंचा और विभिन्न नामों और नियमों से लोकप्रिय हुआ। दक्षिणी यूरोप में शतरंज के नियमों में लगभग 1200 बदलाव किये गये हैं, वहीं 1475 बड़े बदलाव से गुजरने के बाद आज चेस का वैश्विक स्वरूप हमारे समक्ष है।

वर्ल्ड चेस फेडरेशन (FIDE)

शतरंज की वैश्विक नियामक संस्था का नाम वर्ल्ड चेस फेडरेशन है। इसकी

स्थापना 20 जुलाई 1924 को पेरिस में हुई थी। इस संस्था का मुख्यालय स्विट्जरलैंड के लुसाने में स्थित है। वर्ल्ड चेस फेडरेशन को फ्रांसीसी भाषा में Federation Internationale des Echecs के नाम जाना जाता है, जिसका संक्षिप्त रूप फिडे (FIDE) है। वर्ष 1999 में इस संस्था को अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक कमेटी (आईओसी) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय खेल महासंघ के रूप में मान्यता प्रदान की गई। इस संस्था द्वारा ही वैश्विक स्तर पर शतरंज के नियम और दिशा-निर्देश तय होते हैं, यह संस्था इस खेल की निगरानी करती है। यह संस्था अंतर्राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए गवर्निंग बॉडी के रूप में काम करती है।

12 दिसंबर 2019 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE) की स्थापना की तारीख को चिन्हित करने के लिए 20 जुलाई को विश्व शतरंज दिवस के रूप में घोषित किया है।

वर्ल्ड चेस फेडरेशन द्वारा शुरू की गई 'टूर्नामेंट ऑफ नेशंस' और 'चेस ओलिंपियाड्स' से चेस दुनिया में काफी लोकप्रिय हुआ। वर्तमान में 191 सदस्य संघों के साथ फिडे दुनिया के सबसे बड़े खेल संगठनों में से एक है। इस संस्था द्वारा युवाओं, पुरुषों, महिलाओं और वरिष्ठों के लिये आधिकारिक तौर पर 40 से ज्यादा चैम्पियनशिप्स आयोजित की जाती हैं। कोरोना संकट काल में इस संगठन द्वारा ऑनलाइन चेस ओलिंपियाड आयोजित किया जा रहा है।

चेस बोर्ड और उसमें मोहरों की जमावट का सही तरीका

शतरंज की आधारभूत जानकारी

एक जनवरी 2018 से वर्ल्ड चेस फेडरेशन द्वारा प्रभावी दिशा-निर्देश के अनुसार शतरंज के नियम इस प्रकार हैं :-

- इस खेल में दो प्रतिभागी आमने-सामने बैठकर काली और सफेद मोहरों से खेलते हैं।
- प्रत्येक खिलाड़ी बारी-बारी से अपनी चाल तब तक चलते हैं जब तक खेल में शह या मात नहीं हो जाती या खेल ड्रॉ नहीं होता।
- चेस बोर्ड में 8x8 की ग्रिड में 64 काले व सफेद चौकोर खाने (Box) होते हैं।
- यह खेल कुल 32 मोहरों के साथ खेला जाता है।
- प्रत्येक प्रतिभागी के पास कुल 16 मोहरे होती हैं। जिसमें एक किंग, एक क्वीन, दो रूक्स, दो बिशप्स, दो नाइट्स और 08 पॉन्स होते हैं।
- जिस प्रतिभागी का राजा यानी किंग पहले चेकमेट हो जाता है वह प्रतिभागी खेल हार जाता है।
- प्रतिद्वंद्वी की सभी मोहरों (राजा को छोड़कर) पर कब्जा करके भी शह और मात दी जा सकती है, लेकिन यदि विपक्षी खिलाड़ी के पास कुछ प्यादे बचे हुए हैं तो खेल ड्रॉ, स्टेलमेट या टाई हो सकता है।

शतरंज के खेल में ड्रॉ की स्थिति

- **स्टेलमेट** : जिस खिलाड़ी की चाल चलने की बारी है वो शह में तो न हो परंतु, उसके पास राजा या अन्य किसी मोहरे के पास कोई लीगल चाल, चलने के लिए उपलब्ध नहीं हो। ऐसा आवश्यक तो नहीं है परंतु आमतौर पर यह तभी होता है जब एकमात्र बचा हुआ मोहरा राजा ही होता है और उसके पास अवैध चाल चल कर शह वाले खाने में जाने के अतिरिक्त और कोई चाल नहीं बची होती है।
- **अपर्याप्त मोहरे** : बोर्ड पर बचे हुए मोहरे इतने अपर्याप्त होते हैं कि किसी भी खिलाड़ी के राजा को शह और मात नहीं दी जा सकती है परिणामस्वरूप, किसी भी खिलाड़ी की जीत नहीं हो सकती है।
- **तिहरी पुनरावृत्ति** : बोर्ड पर स्थित सभी मोहरों की स्थिति तीन बार दोहराई जा चुकी हो, जैसे कि खिलाड़ियों द्वारा अपने मोहरों को आगे और पीछे चलना।
- **50 चाल वाला नियम** : किसी भी मोहरे पर कब्जा होने या किसी भी प्यादे के अंतिम चाल चलने के बाद प्रत्येक खिलाड़ी कम से कम पचास चालें चल चुका हो।
- **आपसी सहमति** : दोनों खिलाड़ी ड्रॉ के लिए सहमत हो जायें।

मोहरों की चाल

- शतरंज के पूरे खेल में विभिन्न चालों से जहां एक ओर राजा को बचाया

जाता है, वहीं दूसरी ओर प्रतिद्वंद्वी के मोहरों को शिकस्त देते हुये राजा पर हमला करना होता है। राजा खत्म खेल खत्म।

- **रूक्स (Rooks)** इसे आम बोलचाल में हाथी भी कहते हैं, यह आगे-पीछे एक सीध में अपनी चाल चलता है।
- **नाइट्स (Knights)** इसे आम बोलचाल में घोड़ा भी कहते हैं, यह अपने आसपास गोलाई में चाल चलता है, लेकिन यह चाल एक समान रैंक में नहीं होती है। यह ढाई घर की चाल चलता है।
- **बिशप (Bishop)** इसे आम बोलचाल में ऊंट भी कहते हैं, यह आगे-पीछे एक सीध में तिरछी चाल चलता है। एक रंग के रैंक में इसकी चाल होती है।
- **क्वीन (Queen)** इसे आम बोलचाल में वजीर भी कहते हैं, यह सभी दिशा में किसी भी रैंक में अपनी चाल चल सकता है।
- **राजा (King)** या बादशाह यह अपने चारों ओर एक घर या खाने की चाल चल सकता है।
- **प्यादा (Pawn)** इसे आम बोलचाल में सैनिक भी कहते हैं, इसकी पहली चाल दो घर या खाने की होती है। उसके बाद यह एक घर ही आगे एक सीध में बढ़ सकता है।
- **कैसलिंग** : यह एक प्रकार की बचाव की मुद्रा है, जिसमें राजा और हाथी को एक साथ चल सकते हैं। यही सिर्फ एक मात्र ऐसा नियम है, जिसमें 2 मोहरें राजा और हाथी को एक साथ चला जा सकता है। कैसलिंग करने की अपनी अलग शर्तें हैं।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- स्पेनिस चर्च लुइस रैमिरेज़ डी लुसैना द्वारा 1497 में सलामांका से "Repetition of Love and the Art of Playing Chess" नामक पुस्तक प्रकाशित की गई। यह दुनिया की सबसे पुरानी संरक्षित मुद्रित शतरंज पुस्तक है।
- 18वीं शताब्दी में शतरंज का खेल दक्षिण यूरोपीय देशों से फ्रांस पहुंचा।
- 19वीं सदी में शतरंज के कई संगठन जल्दी-जल्दी विकसित हुये, इस दौरान कई पत्रिकाएं, किताबें और क्लब की शुरुआत भी हुई।
- दुनिया का पहला मॉडर्न चेस टूर्नामेंट 1851 के दौरान लंदन में आयोजित किया गया था।
- वूमेन्स वर्ल्ड चेस चैम्पियनशिप की शुरुआत 1927 में हुई थी।
- चेक, चेकमेट, स्टेलमेट, कैसल, कैसलिंग, बिशप, ब्लिट्ज, प्यादा, ग्रैंड मास्टर जैसे शब्द शतरंज से जुड़े हुये हैं।
- भारत के होनहार शतरंज खिलाड़ियों में विश्वनाथन आनंद, पी. हरिकृष्णा, संतोष गुजराती विदित, शशिकिरण कृष्णन, सूर्य शेखर गांगुली, कोनेरु हंपी, हरिका द्रोनावाली, वैशाली आर, तानिया सचदेव, भक्ति कुलकर्णी, पद्मनी राउत जैसे नाम शामिल हैं।
- दुनिया के प्रसिद्ध शतरंज खिलाड़ियों में मैग्नस कार्लसन, गैरी कास्परोव, एंटोली कारपोव, विलियम स्टेनेटिज, जोस रॉल, बॉबी फिक्सचर, एजेक्जेंडर एल्खाइन, मिखेल वोटविन्कि और पॉल मर्फी जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

- रश्मि रंजन
(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

आईटीआई के बच्चों को क्रिप्स द्वारा दिया जायेगा प्रशिक्षण

भोपाल, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा है कि प्रदेश के आईटीआई के बच्चों को डिजिटली अपग्रेड करने में सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफारमेंस (क्रिस्प) की मदद ली जायेगी। तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास के अधिकारियों के साथ क्रिस्प की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कही।

श्रीमती सिंधिया ने जानकारी दी कि प्रदेश के चिन्हित आईटीआई के बच्चों को क्रिस्प द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए सेल गठित होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कोरोना के कारण बेरोजगारी बढ़ी है, ऐसे समय में हम विभिन्न विधाओं में युवाओं, महिलाओं तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर रोजगार प्रदान कर सकते है। श्रीमती सिंधिया ने कहा कि क्रिस्प की ब्रांडिंग आवश्यक है।

तकनीकी शिक्षा मंत्री श्रीमती सिंधिया ने बताया कि सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफारमेंस (क्रिस्प) द्वारा उन आईटीआई की ग्रेडिंग की जायेगी, जिन्हें विभाग द्वारा चिन्हित किया जायेगा। इसके लिए क्रिस्प के साथ एमओयू किया जायेगा। क्रिस्प ग्रेडिंग कर विभाग को परफारमेंस डाटा उपलब्ध कराएगी।

जनपद पंचायत कर्मियों ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में दिया पांच लाख रुपये का चैक

भोपाल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया को जनपद पंचायत कर्मियों ने कोरोना महामारी निदान के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष के लिए 5 लाख रुपये राशि का चैक सौंपा।

श्री सिसौदिया ने जनपद पंचायत कर्मियों द्वारा दिये गये इस सहयोग के लिये धन्यवाद देते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण से निपटने के लिये जनपद पंचायतें भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि हमे कोरोना के प्रति सजगता और जागरूकता लाने के साथ सावधानियां भी बरतना होंगी। शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन किया जाये और ग्रामीणों को भी प्रोत्साहित किया जाये। श्री सिसौदिया ने कहा कि सभी के मिले जुले प्रयासों से हम कोरोना पर जीत हासिल करेंगे।

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन बालाघाट (म.प्र.) - 481001
फोन नं. : 07632-247289, E-mail : mpphcbalaghat01@gmail.com

प्रेस-विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग बालाघाट अंतर्गत (1) नक्सलाइट कंपनी हेडक्वार्टर पितकोना जिला बालाघाट के नये भवन में 7.5 के.व्ही.ए. डीजल, जनरेटर सेट प्रतिस्थापन कार्य (2) नक्सलाइट थाना गढ़ी जिला बालाघाट के नये भवन में 15 के.व्ही.ए. डीजल, जनरेटर सेट प्रतिस्थापन कार्य हेतु निविदा क्रमांक 08/2020-21 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. – 2020_MPPHC_98870_1, - 2020_MPPHC_98871_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 06.08.2020 तक ऑनलाइन खरीद कर, दिनांक 06.08.2020 को समय 18:00 बजे तक ऑनलाइन सबमिट किये जा सकते है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते है एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/98008/44160/2020 **परियोजना यंत्री**

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

"चयन भवन", मेन रोड नं. 1, घिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल 462011
फोन नं. : +91-755-2578801, 02, 03, 04, Fax : +91-755-2550498
Email : vyapam@mp.nic.in, Website : www.peb.mp.gov.in

विज्ञापन क्रमांक-29/2020

जेल मुख्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल के अन्तर्गत जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा-2020 के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं

ऑनलाइन आवेदन-पत्र			
आवेदन पत्र भरने की प्रारम्भ तिथि : 27.07.2020		आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि : 10.08.2020	
आवेदन पत्र में संशोधन करने की प्रारम्भ तिथि : 27/07/2020		आवेदन पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि : 15.08.2020	
परीक्षा दिनांक व दिन	3 - 10 नवम्बर 2020		
परीक्षा शुल्क			
सीधी भर्ती/संविदा पदों हेतु	अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिये		रुपये 500/-
	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/निःशक्तजन अभ्यर्थियों के लिये (केवल म.प्र. के मूल निवासियों के लिये)		रुपये 250/-
	सीधी भर्ती - बैकलॉग		कोई शुल्क नहीं

ऑनलाइन आवेदन - कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एमपीऑनलाइन का पोर्टल शुल्क रुपये 60/- देय होगा। इसके अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लागिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क 20/- रुपये देय होगा।

ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी

परीक्षा दिनांक एवं दिन	परीक्षा की पाली	अभ्यर्थियों के लिये रिपोर्टिंग समय	महत्वपूर्ण निर्देश पढ़ने का समय	उत्तर अंकित का समय
3-10 नवम्बर 2020	प्रथम	प्रातः 7:00 से 8:00 बजे तक	08:50 से 09:00 बजे तक (10 मिनट)	प्रातः 09:00 से 12:00 बजे तक (3:00 घंटे)
	द्वितीय	दोपहर 12:00 से 1:00 बजे तक	01:50 से 02:00 बजे तक (10 मिनट)	प्रातः 02:00 से 05:00 बजे तक (3:00 घंटे)

आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश -

1. वेबसाइट **www.peb.mp.gov.in** के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
2. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
3. बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेनकार्ड, आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, तथा पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई (UIDAI) के द्वारा सत्यापित (Verify) होने पर ही ई-आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
4. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड/आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
5. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है।
6. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
7. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस यथा मोबाइल फोन, केल्कुलेटर, लॉग टेबल्स एवं नकल पर्चा आदि का उपयोग पूर्णतः वर्जित है।
8. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अतः आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभालकर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
9. परीक्षा केन्द्र पर आवेदक को काला बाल प्वाइंट पेन तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मंडल की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
10. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
11. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण पी.ई.बी. द्वारा नहीं किया जाता है। अतः कम्प्यूटर आधारित online परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णतः प्रावधिक (Provisional) होगी।
12. उपरोक्त सभी पदों के लिए अभ्यर्थियों का मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा।
13. विभाग के पद कार्यपालिक होने की स्थिति में भर्ती हेतु आदिम जनजाति, (बैगा, सहारिया/सहरिया एवं भारिया) के अभ्यर्थियों को परीक्षा से छूट का प्रावधान नहीं होगा वे अभ्यर्थी अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करें। (ऐसी स्थिति में नियम पुस्तिका की बैगा, सहारिया एवं भारिया से संबंधित सभी कण्डिकायें विलोपित मान्य होंगी।

विशेष नोट :

1. बोर्ड अपनी सुविधा अनुसार परीक्षा तिथि/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।
2. परीक्षा संबंधी जानकारी हेतु टोल फ्री नम्बर- 18002337899 पर संपर्क करें (कार्यालयीन समय में)।

माध्यम/98033/44162/2020 **संचालक**

प्रत्येक पांच ग्राम पंचायतों पर होगा एक उद्यानिकी मित्र

भोपाल, कौशल विकास से प्रशिक्षित युवा कृषकों को स्व-रोज़गार की दिशा में ले जाया जायेगा। विभाग की विभिन्न गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित कर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिये विभाग महती भूमिका निभाएगा। ये बातें उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने मंत्रालय स्थित कार्यालय में खाद्य प्रसंस्करण, विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान कहीं।

श्री कुशवाह ने कहा कि कौशल विकास के साथ समन्वय स्थापित कर एक सप्ताह में कार्य योजना बनाई जाये। उन्होंने कहा कि फल, सब्जी के उत्पादन, विपणन और फूड प्रोसेसिंग के व्यवसाय को स्थापित करने पर बहुत बड़े वर्ग खासतौर पर ग्रामीण अंचल के छोटे, लघु सीमांत कृषक परिवारों के युवाओं को खुद के रोज़गार के साथ अन्य को रोज़गार देने की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित युवा कृषक फल, फूल, सब्जी के उन्नत उत्पादन और प्रोसेसिंग का व्यवसाय अपना सके इसके लिए विभाग की योजनाओं में कौशल विकास से प्रशिक्षित युवा कृषकों को प्राथमिकता मिले। योजना में ऐसे सभी प्रावधान शामिल किए जाएं।

श्री कुशवाह ने एक जिला एक उत्पाद की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश के जिस जिले में जिस फल, सब्जी, फसल का उत्पादन, पैदावार अधिकता में होती हैं जैसे बुरहानपुर में केला की पैदावार होती है। श्री कुशवाह ने कहा कि उद्यानिकी विभाग प्रदेश के हर किसान से जो उद्यानिकी फसलों के पैदावार से जुड़ा है उससे सीधा संपर्क स्थापित करे। इसके लिए ऐसे किसानों का पंजीयन कर डेटा बेस तैयार किया जाये।

श्री कुशवाह ने कहा कि ऐसे जानकार उद्यानिकी कृषकों को कृषक मित्र बनाया जाये जो उद्यानिकी फसलों का उत्पादन कर रहे हैं, जिनको पर्याप्त जानकारी है और जो दूसरे किसानों को उन्नत फल, फूल, सब्जी के उत्पादन, विपणन और प्रोसेसिंग की जानकारी दें, सलाह दें, सहयोग दें और प्रेरित करें। प्रत्येक पांच ग्राम पंचायतों पर एक उद्यानिकी मित्र बनाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि फल, फूल, सब्जी का उत्पादन कर रहे किसानों को उनके खेत की आवारा मवेशियों आदि से सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग की योजना को इसी वर्ष से शुरू करना है। उन्होंने कहा कि यह बहुत जरूरी है गर्मी के दिनों में यह किसान पानी आदि होने के बाद भी खेत की सुरक्षा के अभाव में सब्जी आदि की फसल नहीं ले पाते। इन छोटे फल, सब्जी उत्पादक किसानों के खेत में विभाग कि मदद से चेन फेंसिंग होने से यह साल में तीन फसल ले सकेंगे। इसकी योजना तैयार कर पहले चिन्हित कुछ क्षेत्रों में पायलट योजना क्रियान्वित की जाये।

महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित मास्क शत-प्रतिशत बिके

भोपाल, कोरोना संकट काल में नागरिकों को कम कीमत पर मास्क उपलब्ध करवाने और महिला उद्यमियों को रोज़गार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शुरू की गयी जीवन शक्ति योजना में अभी तक महिला उद्यमियों द्वारा 10 लाख 22 हजार से अधिक मास्क बनाये जा चुके हैं।

महिला उद्यमियों द्वारा बनाये गये मास्कों में से 4 लाख 75 हजार मास्क की बिक्री हो चुकी है। छिन्दवाड़ा, सीधी, हरदा और बैतूल जिले में महिला उद्यमियों द्वारा बनाये गये शत-प्रतिशत मास्कों की बिक्री जिला कलेक्टर्स द्वारा करवाई जा चुकी है। जीवन शक्ति योजना में शहरी क्षेत्र की महिला उद्यमियों को कोरोना संकट काल में रोज़गार उपलब्ध करवाने के लिये मास्क निर्माण का कार्य सौंपा गया है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग दतिया (म.प्र.)

Phone No. 237622, Fax : 238787, E-mail : eepwddatia@mp.nic.in

क्रमांक 145/टेंडर/2020-21 दिनांक 23.07.2020

निविदा संशोधन सूचना

निम्नानुसार कार्य की निविदा NIT No. 06/2020-21/Datia Date 01.07.2020 वेबसाइट **https://mptenders.gov.in/**पर ऑनलाइन आमंत्रित की है। निविदा का प्रकाशन समाचार पत्रों में न होने के कारण दिनांकों में संशोधन किया जाता है।

टेंडर आईडी	कार्य का नाम	लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा राशि
2020_PWDRB_96306_1	दरियापुर से सासुति मार्ग निर्माण लं. 5.00 कि.मी.	233.75	2,33,750/-	15000/-
2020_PWDRB_96307_1	भेदपुरा से बागदेही मार्ग निर्माण लं. 3.80 कि.मी.	171.05	1,71,050/-	12500/-
2020_PWDRB_96308_1	उझीना से फतेहपुर मार्ग निर्माण लं. 4.70 कि.मी.	217.02	2,17,020/-	15000/-
2020_PWDRB_96309_1	पठरा से आसेर मार्ग निर्माण लं. 3.60 कि.मी.	166.63	1,66,630/-	12500/-
2020_PWDRB_96310_1	पाथर हाउस भाण्डेर मुख्य मार्ग से थड़ेरा मार्ग निर्माण लं. 1.40 कि.मी.	62.85	62,850/-	10000/-
2020_PWDRB_96311_1	कुम्हरिया से कुड़ीला सरकार होते हुये लिधौरा मार्ग निर्माण लं. 7.00 कि.मी.	333.49	3,33,490/-	15000/-
2020_PWDRB_96312_1	धनपीपरी से डीमरपुरा मार्ग निर्माण लं. 1.30 कि.मी.	65.77	65,770/-	10000/-
2020_PWDRB_96313_1	सरसई से माधौदाता मार्ग निर्माण लं. 2.30 कि.मी.	109.24	1,09,240/-	12500/-
2020_PWDRB_96314_1	सिलौरी से थैली मार्ग निर्माण लं. 2.64 कि.मी. (द्वितीय आमंत्रण)	143.67	1,43,670/-	12500/-
	कुल योग	1503.47 लाख		

1. निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करने की **अंतिम दिनांक 31.07.2020 समय 17.30 तक।** 2. कार्यालय मुख्य अभियंता उत्तर परिक्षेत्र लोक निर्माण विभाग थाटीपुर ग्वालियर (म.प्र.) के कार्यालय में भौतिक रूप से मूल अमानत राशि एवं अन्य दस्तावेज प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 04.08.2020 है। किसी ठेकेदार के द्वारा ऑनलाइन अमानत राशि जमा कराई गई है तो भौतिक रूप से दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य नहीं है। जिस ठेकेदार के पक्ष में निविदा स्वीकृत की जाती है, उसे निविदा के समय स्केन किया गया शपथ पत्र अनुबंध के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 3. निविदा ऑनलाइन खोलने का **दिनांक 05.08.2020।** अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
जी-12774/44161/2020 लो.नि.वि. संभाग, दतिया (म.प्र.)

पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन से धान की रोपाई हुई आसान

भोपाल, खेती में उन्नत तकनीक और आधुनिक कृषि यंत्रों का इस्तेमाल कर कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने की बात को समझते हुए किसान अब कृषि कार्य में मशीनों का उपयोग करने लगे हैं। ऐसी ही एक प्रगतिशील किसान हैं जबलपुर जिले के पाटन विकासखंड के ग्राम दिधौरा की सरला देवी पल्हा। जो खेत में धान की रोपाई के लिए पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन का उपयोग कर रही हैं। हाथ से रोपा लगाने की तुलना में इस मशीन से कम समय में खेत में धान की रोपाई हो जाती है। मजदूरी की भी बचत हो रही है। धान की खेती की लागत कम और उत्पादन अधिक होता है।

धान की रोपाई कर रहे सरला देवी पल्हा के पुत्र आनंद मोहन पल्हा ने बताया कि पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन से धान रोपाई की लागत करीब एक हजार रुपये प्रति एकड़ आती है। साथ ही मजदूरों से एक एकड़ धान की रोपाई करवाने पर करीब 4 हजार रुपये की लागत आती थी और 15 से 20 मजदूरों की एक टोली दिन भर में मात्र एक एकड़ खेत की ही रोपाई कर पाते थे। इस प्रकार मशीन से धान की रोपाई से करीब तीन हजार रुपये प्रति एकड़ की बचत हो रही है।

पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन को सरला देवी के पौत्र कुशाग्र पल्हा चला रहे थे, जो शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर के पांचवें सेमेस्टर के आईटी संकाय के छात्र हैं। कुशाग्र ने खुशी से चहकते हुए बताया कि कॉलेज बंद है तो खेती-किसानी में परिवार का हाथ बंटा रहा हूं। इस मशीन से एक साथ छह लाइनों में धान की रोपाई हो जाती है। मशीन द्वारा एक दिन में 8 से 10 एकड़ के खेत में आसानी से रोपाई हो जाती है। कृषक आनंद मोहन पल्हा ने बताया कि हाथ से धान का रोपा लगाने के लिए मजदूरों को समस्या का भी सामना करना पड़ता था। लेकिन पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन से अब यह समस्या दूर हो गई है।

खेलचर्चा

विश्व लीग फोरम में शामिल हुआ आईएसएल

नई दिल्ली, भारत की प्रतिष्ठित फुटबॉल लीग इंडियन सुपर लीग को विश्व लीग फोरम में शामिल किया गया है। इस फोरम में इंग्लिश प्रीमियर लीग, ला लिगा और बुंदेसलिगा जैसी विश्व की बड़ी लीग भी शामिल हैं। आईएसएल विश्व लीग फोरम में शामिल होने वाली दक्षिण एशिया की पहली तथा एशिया की सातवीं लीग बन गई है। इस समय विश्व लीग फोरम में पांच महाद्वीपों की विभिन्न लीगें शामिल हैं। इस फोरम से दुनियाभर के 1200 क्लब जुड़े हैं। यह फोरम फुटबॉल की वैश्विक संस्था फीफा के साथ मिलकर फुटबॉल के विकास पर काम करता है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया नियुक्त करेगा मेंटल हेल्थ एडवाइजर

सिडनी, खिलाड़ियों को मानसिक तनाव से बचाने के लिये क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) जल्द ही मेंटल हेल्थ एडवाइजर की नियुक्ति करेगा। सीए ने इस पद के लिये विज्ञापन जारी कर दिया है। सीए ने कहा कि पुरुष और महिला टीमों के लिये अलग-अलग एडवाइजर रखे जायेंगे। सीए ने कहा कि पिछले कुछ समय में ग्लैन मैक्सवेल और निक मेडिनसन जैसे कई खिलाड़ियों को मानसिक तनाव से गुजरना पड़ा था। सीए ने कहा कि मेंटल हेल्थ एडवाइजर सभी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के साथ इंडिविजुअल तौर पर काम करेंगे।

लुईस हेमिल्टन ने जीती हंगेरियन ग्रांप्री

बुडापेस्ट, ब्रिटेन के फॉर्मूला-वन चैम्पियन लुईस हैमिल्टन ने हंगेरियन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस अपने नाम की है। 70 लैप की इस रेस को हैमिल्टन ने 1 घंटा, 36 मिनट और 12.473 सेकेंड में पूरी की। यह इस सत्र में हैमिल्टन की दूसरी जीत है। इससे पहले हैमिल्टन स्टायरियन ग्रांप्री रेस भी जीत चुके हैं। इस जीत के साथ हैमिल्टन ड्राइवर स्टैंडिंग्स में पहले पायदान पर पहुंच गए हैं।

दिसंबर माह में आयोजित की जायेगी बिग बैश लीग

सिडनी, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने लोकप्रिय ट्वेंटी-20 लीग बिग बैश के आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। सीए ने बिग बैश लीग का कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह टूर्नामेंट तीन दिसंबर 2020 से शुरू होगा और 6 फरवरी 2021 तक चलेगा। इस टूर्नामेंट में कुल 61 मैच खेले जायेंगे। सीए ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण टूर्नामेंट के कार्यक्रम में बदलाव से इनकार नहीं किया जा सकता है।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम का इंग्लैंड दौरा रद्द

मुंबई, बीसीसीआई ने सितंबर में प्रस्तावित भारतीय महिला क्रिकेट टीम के इंग्लैंड दौरे को रद्द कर दिया है। विश्वभर में कोरोना महामारी के बढ़ते संक्रमण को देखते हुये यह फैसला लिया गया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम को जून माह में इंग्लैंड दौरे पर 3 वन-डे और 3 ट्वेंटी-20 मैचों की सीरीज खेलना थी, जो कि कोरोना के कारण टाल दी गई थी। इसके बाद इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने कहा था कि वह सितंबर माह में ट्राई सीरीज के लिये भारत और दक्षिण अफ्रीका से बात कर रहा है।

ऑस्ट्रेलिया में होने वाला आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप हुआ स्थगित

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) ने इस वर्ष अक्टूबर और नवंबर माह में आयोजित होने वाले आईसीसी ट्वेंटी-20 क्रिकेट विश्वकप को स्थगित कर दिया है। आईसीसी ने यह फैसला एक्जीक्यूटिव बोर्ड की टेलीकॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई बैठक में लिया। आईसीसी के इस फैसले से इंडियन प्रीमियर लीग के आयोजन की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

आईसीसी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि ऑस्ट्रेलिया में प्रस्तावित पुरुष ट्वेंटी-20 विश्वकप को कोरोना महामारी के कारण स्थगित किया गया है। आईसीसी ने कहा कि कोरोना के कारण प्रभावित क्रिकेट को पूरा करने के लिये अगले तीन वर्षों के कैलेंडर में ज्यादा स्पष्टता लाने की कोशिश की जायेगी।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी निक हॉक्ले ने कहा कि हम आईसीसी के पुरुष आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप को स्थगित करने के फैसले का स्वागत करते हैं। यह फैसला खिलाड़ियों, प्रशंसकों, अधिकारियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा को ध्यान में रखकर लिया गया है। हॉक्ले ने कहा कि कोरोना वायरस का संक्रमण पूरे विश्व में खेल टूर्नामेंट्स पर असर डाल रहा है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मई माह में ही आईसीसी को सूचित कर दिया था कि मौजूदा परिस्थिति में विश्वकप की मेजबानी करना

लगभग असंभव होगा, क्योंकि 16 टीमों के लिये पृथकवास का इंतजाम करना मुश्किल है।

टूर्नामेंट के टिकट रहेंगे वैध

आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप-2020 के टिकट खरीद चुके खेल प्रेमियों को आईसीसी ने राहत दी है। आईसीसी ने कहा कि अगर यह टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया में वर्ष 2021 में आयोजित किया जाता है, तो दर्शकों के टिकट वैध रहेंगे। वहीं अगर ऑस्ट्रेलिया वर्ष 2022 में इस टूर्नामेंट की मेजबानी करता है, तो सभी दर्शकों के टिकट वापस किये जायेंगे। आईसीसी ने कहा प्रशंसक तब तक टिकट अपने पास रख सकते हैं, जब तक वर्ष 2021 के पुरुष ट्वेंटी-20 विश्वकप के आयोजन स्थल का फैसला नहीं हो जाता है। जिन लोगों ने विश्वकप के टिकट खरीदे थे, वे 15 दिसंबर तक रिफंड के लिये आवेदन कर सकते हैं।

- **वर्ष 2021 में आईसीसी पुरुष ट्वेंटी-20 विश्वकप का आयोजन भारत में होना है, लेकिन इसमें बदलाव की संभावना है।**
- **भारत को वर्ष 2023 में आईसीसी वन-डे विश्वकप की भी मेजबानी करना है।**
- **वन-डे विश्वकप मार्च-अप्रेल 2023 में आयोजित होना था, लेकिन कोरोना वायरस के कारण अब यह अक्टूबर-नवंबर में खेला जायेगा।**
- **वर्ष 2021 में महिला वन-डे विश्वकप न्यूजीलैंड की मेजबानी में खेला जाना प्रस्तावित है।**

आईपीएल के आयोजन की संभावना बढ़ी

आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप के स्थगित होने के बाद आईपीएल के आयोजित होने की संभावनायें बढ़ गई हैं। बीसीसीआई विश्वकप की खाली विंडो का इस्तेमाल आईपीएल के लिये कर सकता है। माना जा रहा है कि आईपीएल सितंबर से नवंबर माह के बीच आयोजित किया जा सकता है।

बीसीसीआई के क्रिकेट परिचालन प्रमुख सबा करीम ने दिया इस्तीफा

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के क्रिकेट परिचालन प्रमुख सबा करीम ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि बीसीसीआई ने सबा करीम के इस्तीफे पर आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। बताया जा रहा है कि बीसीसीआई उनके कामकाज से संतुष्ट नहीं था। बीसीसीआई का मानना है कि सबा करीम कोरोना को देखते हुये घरेलू क्रिकेट के लिये कोई ठोस योजना नहीं तैयार कर पाये थे। उल्लेखनीय है कि सबा करीम दिसंबर 2017 को बीसीसीआई क्रिकेट परिचालन प्रमुख के पद पर नियुक्त किये गये थे। सबा करीम पूर्व क्रिकेटर हैं। उन्होंने भारत के लिये एक टेस्ट और 34 वन-डे मैच खेले हैं। सबा करीम भारतीय क्रिकेट टीम में विकेट कीपर के रूप में खेलते थे।

एक अगस्त से शुरू होगा नेशनल शूटिंग कैंप

नई दिल्ली, अगले वर्ष जापान में आयोजित होने वाले ओलिंपिक खेलों की तैयारी के लिये निशानेबाजों का ट्रेनिंग कैंप एक अगस्त से शुरू होगा। यह जानकारी नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने दी। एनआरएआई ने बताया कि कर्णी सिंह शूटिंग रेंज पर आयोजित होने वाले इस कैंप में कोर ग्रुप के 34 निशानेबाज हिस्सा लेंगे। कैंप में कोच पावेला स्मिरनोव और ओलेव मिखाइलोव खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे।

टोक्यो ओलिंपिक-2020

हॉकी का शेड्यूल किया गया जारी

लुसाने, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने अगले वर्ष टोक्यो में आयोजित होने वाले ओलिंपिक खेलों के लिए हॉकी स्पर्धा का शेड्यूल जारी किया है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 24 जुलाई 2021 को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। वहीं महिला हॉकी टीम भी 24 जुलाई को नीदरलैंड्स के खिलाफ आगाज करेगी।

टोक्यो ओलिंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को ग्रुप- ए में रखा गया है। ग्रुप-ए में भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, जापान, न्यूजीलैंड और स्पेन को भी जगह मिली है। वहीं ग्रुप- बी में बेल्जियम, कनाडा, जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, नीदरलैंड्स और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

भारतीय महिला हॉकी टीम को भी ग्रुप- ए में जगह मिली है। ग्रुप- ए में जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, आयरलैंड, नीदरलैंड्स और दक्षिण अफ्रीका को भी शामिल किया गया है। महिला वर्ग के ग्रुप- बी में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, चीन, जापान, न्यूजीलैंड और स्पेन को शामिल किया गया है।

उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के कारण ओलिंपिक खेल एक वर्ष के लिए स्थगित कर दिए गए हैं। अब टोक्यो ओलिंपिक वर्ष 2021 में 23 जुलाई से 8 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा, लेकिन इसे टोक्यो ओलिंपिक-2020 नाम से ही जाना जाएगा।

- **भारत ने ओलिंपिक खेलों की पुरुष हॉकी स्पर्धा में सर्वाधिक 8 बार स्वर्ण पदक जीता है।**
- **भारत ने वर्ष 1928, 1932, 1936, 1948, 1952, 1956, 1964 और 1980 में यह उपलब्धि हासिल की थी।**

इंग्लैंड ने दूसरा टेस्ट मैच जीतकर सीरीज में की बराबरी

मेनचेस्टर, पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज के हाथों मिली करारी हार के बाद इंग्लैंड ने शानदार पलटवार किया है। इंग्लैंड की क्रिकेट टीम ने मेनचेस्टर के ओल्ड ट्रेफर्ड स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को 113 रनों से हराया।

मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कैरेबियाई गेंदबाजों ने 81 रन पर 3 विकेट झटककर अपने कप्तान के फैसले को सही साबित किया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज डोम सिबले और बेन स्टोक्स ने पारी को संभाला और चौथे विकेट के लिए 260 रनों की विशाल साझेदारी की। सिबले 120 तथा स्टोक्स ने 176 रन बनाए। इंग्लैंड ने पहली पारी 9 विकेट खोकर 469 रनों पर घोषित की।

वेस्टइंडीज के लिए पहली पारी में मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने बढ़िया प्रदर्शन किया, लेकिन निचले क्रम की बल्लेबाजी पूरी तरह नाकाम रही। वेस्टइंडीज के लिए सलामी बल्लेबाज क्रेग ब्रेथवेट ने 75, सामाराह ब्रूक्स ने 68 और रोस्टन चेस ने 51 रनों का योगदान दिया। वेस्टइंडीज

की पहली पारी 287 रन पर सिमट गई।

दूसरी पारी में इंग्लैंड ने तेज बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवरों में 129 रन बनाकर पारी घोषित की। बेन स्टोक्स ने दूसरी पारी में 78 रनों की नाबाद पारी खेली इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के सामने जीत के लिए 312 रनों का लक्ष्य रखा। वेस्टइंडीज को हार टालने के लिए टेस्ट मैच के आखिरी दिन पूरी समय बल्लेबाजी करनी थी, लेकिन वेस्टइंडीज के बल्लेबाज सिर्फ 70 ओवर ही बल्लेबाजी कर सके। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को विकेट पर टिकने नहीं दिया। वेस्टइंडीज के सामाराह ब्रूक्स (62), जर्मेन ब्लैकवुड (55) और जेसन होल्डर (35) ही इंग्लिश गेंदबाजों का सामना कर सकें। वेस्टइंडीज की टीम 198 रनों पर सिमट गई।

ला लिगा

रियल मैड्रिड ने 34वीं बार जीता खिताब

मैड्रिड, स्पेन के मशहूर फुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा का खिताब अपने नाम किया है। रियल मैड्रिड ने 34वीं बार यह टूर्नामेंट जीता है। रियल मैड्रिड ने विलारियल के खिलाफ अपने आखिरी मैच में 2-1 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

ला लिगा चैम्पियनशिप में रियल मैड्रिड ने कुल 38 मैचों में 26 मैच जीतते हुए 87 अंक अर्जित कर पहला स्थान हासिल किया। खिताब की दौड़ में रियल मैड्रिड को अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी क्लब बार्सिलोना से कड़ी टक्कर मिली। बार्सिलोना ने 38 मैचों में 82 अंक हासिल किए। टूर्नामेंट में रियल मैड्रिड को 9 मैचों में ड्रॉ और 3 मैचों में हार का सामना करना पड़ा।

टूर्नामेंट में रियल मैड्रिड ने अपने अंतिम 10 मैचों में लगातार जीत दर्ज की। कोरोना वायरस के कारण यह टूर्नामेंट 3 महीने तक ठप्प रहा था। इसकी वापसी के बाद रियल मैड्रिड एकमात्र ऐसी टीम है, जिसने अपने सभी मैच जीते हैं।

खिताब जीतने के बाद रियल मैड्रिड के प्रबंधक जिनेदिन जिडान ने कहा कि यह मेरी पेशेवर जिंदगी के सबसे अच्छे दिनों में से एक है। मैं चाहता था कि हम अपने प्रशंसकों के साथ इसका जश्न मनाएं, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि अपनी टीम को खिताब जीतता देखकर प्रशंसक भी खुश होंगे।

- **रियल मैड्रिड ने 34 बार यह टूर्नामेंट जीता है और 23 बार उपविजेता रहा है।**
- **बार्सिलोना ने 26 बार यह टूर्नामेंट जीता है।**
- **रियल मैड्रिड ने बार्सिलोना के लगातार तीन बार खिताब जीतने के क्रम को तोड़ा।**
- **रियल मैड्रिड की जीत में करीम बेंजमा का अहम योदान रहा। बेंजेमा ने इस सत्र में 21 गोल किए हैं।**

मेसी ने सातवीं बार जीता गोल्डन बूट अवॉर्ड

बिटोरिया, अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में रिकॉर्ड सातवीं बार एक सत्र में सर्वाधिक गोल करने के लिये गोल्डन बूट अवॉर्ड हासिल किया है। मेसी ने यह उपलब्धि बार्सिलोना की ओर से खेलते हुये अलावेस के खिलाफ मैच के दौरान हासिल की। इस मैच में बार्सिलोना ने अलावेस को 5-0 से हराया। इस मैच में मेसी ने दो गोल किये। मेसी ने इस लीग में कुल 25 गोल किये हैं, जो उनके सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी करीम बेंजेमा से चार गोल ज्यादा हैं। इसके अलावा मेसी ने इस टूर्नामेंट के पिछले तीन सत्रों में भी यह पुरस्कार जीता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

अलास्का में 7.4 तीव्रता का भूकंप

अमेरिका के अलास्का प्रायद्वीप में जोरदार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की



तीव्रता 7.4 मापी गयी है। इसके बाद सुनामी की वॉर्निंग जारी कर दी गई है। नेशनल ओशिनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार भूकंप की गहराई सतह से 10 किलोमीटर नीचे थी। फिलहाल इस भूकंप से जान-माल के नुकसान की कोई जानकारी नहीं मिली है।

इंडिया आइडियाज समिट

संभावनाओं की भूमि के तौर पर उभर रहा भारत - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका-भारत व्यापार परिषद् (यूएसआईबीसी) द्वारा आयोजित इंडिया आइडियाज समिट को संबोधित किया। उन्होंने भारत-अमेरिका आर्थिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए यूएसआईबीसी नेतृत्व की प्रतिबद्धता के लिए उनका धन्यवाद दिया।

मजबूत घरेलू आर्थिक क्षमताओं से वैश्विक अर्थव्यवस्था होगी फिर से सशक्त

प्रधानमंत्री ने विकास के एजेंडे के मूल में गरीबों और कमजोरों को रखने की जरूरत के बारे में बात की। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'ईज ऑफ लिविंग' उतना ही महत्वपूर्ण है जितना 'ईज ऑफ बिजनेस'। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'आत्मनिर्भर भारत' के आह्वान के जरिए भारत एक समृद्ध और सशक्त दुनिया बनाने में अपना योगदान कर रहा है।

खुलेपन, अवसरों और विकल्पों का आदर्श सम्मिश्रण प्रस्तुत करता है भारत

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को लेकर दुनियाभर में आशावाद है क्योंकि यह खुलेपन, अवसरों और विकल्पों का आदर्श सम्मिश्रण प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि पिछले छह वर्षों में हमारी अर्थव्यवस्था को ज्यादा खुली और सुधार उन्मुख बनाने के प्रयास किए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि सुधारों से प्रतिस्पर्धात्मकता, ज्यादा पारदर्शिता, डिजिटलीकरण का विस्तार, ज्यादा नवाचार और ज्यादा नीतिगत स्थिरता सुनिश्चित हुई है।

विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के व्यापक अवसर

प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि भारत के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करने के व्यापक अवसर मौजूद हैं। उन्होंने हाल ही में कृषि क्षेत्र में किए गए ऐतिहासिक सुधारों के बारे में बात की और कहा कि कृषि सामग्री और मशीनरी, कृषि आपूर्ति श्रृंखला, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र, मत्स्य पालन और जैविक उत्पाद समेत कई क्षेत्रों में निवेश के अवसर हैं। भारत में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र हर साल 22 प्रतिशत से ज्यादा की रफ्तार से बढ़ रहा है और चिकित्सा-प्रौद्योगिकी, टेली-मेडिसिन और डायग्नोस्टिक्स उत्पादन में भारतीय कंपनियों ने काफी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि भारत ने बीमा क्षेत्र में एफडीआई कैप को बढ़ाकर 49 प्रतिशत और बीमा मध्यस्थों में निवेश के लिए 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दी है।

निवेश करने का सबसे अच्छा समय

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास वह है, जो वैश्विक आर्थिक रिकवरी को ताकत प्रदान करने के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत के उदय का मतलब एक ऐसे राष्ट्र के साथ व्यापार के अवसरों में वृद्धि, जिस पर भरोसा किया जा सकता है। अमेरिका और भारत को स्वाभाविक साझेदार कहते हुए उन्होंने कहा कि यह साझेदारी महामारी के बाद विश्व के तेजी से पुरानी स्थिति में लौटने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। अमेरिकी निवेशकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में निवेश करने के लिए यह सबसे अच्छा समय है।

पोम्पिओ की लंदन यात्रा

चीन के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन ज़रूरी

अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ पिछले दिनों लंदन की यात्रा पर थे। इस दौरान उन्होंने चीन के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन बनाने पर जोर देते हुए कहा कि दक्षिण चीन सागर में बीजिंग ने आक्रामकता की नीति अपना रखी है। उन्होंने कहा कि इससे महासागर के छोटे द्वीपीय राष्ट्रों की संप्रभुता के लिए एक बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। इस दौरान पोम्पिओ ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और विदेश सचिव डॉमिनिक रैब के साथ चीन के मुद्दे पर विस्तृत बातचीत भी की। पोम्पिओ ने हुआवेई और हांगकांग पर ब्रिटेन के स्टैंड का स्वागत किया। उन्होंने लाइव स्ट्रीम के दौरान कहा कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने हांगकांग की स्वतंत्रता का हरण किया है।

छात्रों को मनो-सामाजिक सहायता प्रदान करने के लिए 'मनोदर्पण' पहल की शुरुआत

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए उन्हें मनो-सामाजिक सहायता प्रदान करने हेतु 'मनोदर्पण' पहल शुरू की। यह पहल मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है। इस अवसर श्री पोखरियाल ने बताया कि जहां शैक्षणिक मोर्चे पर निरंतर शिक्षा पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है, वहीं छात्रों की मानसिक तंदुरुस्ती को भी बनाए रखने पर समान जोर दिया जाना चाहिए।

'मनोदर्पण' में कोविड महामारी के दौरान और उसके बाद भी छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बनाए रखने के लिए उन्हें मनो-सामाजिक सहायता प्रदान करने हेतु विभिन्न तरह की गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल की गई है।

इसके साथ ही शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और मनो-सामाजिक मुद्दों से जुड़े विशेषज्ञों का एक कार्यकारी समूह गठित किया गया है, जो मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों और छात्रों की चिंताओं पर नजर रखेगा और परामर्श सेवाएं, ऑनलाइन संसाधनों और हेल्पलाइन के माध्यम से कोविड-19 की वजह से लगे लॉकडाउन के दौरान और उसके बाद भी छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और मनो-सामाजिक पहलुओं से निपटने में मदद उपलब्ध कराएगा। साथ ही एक टोल-फ्री हेल्पलाइन 8448440632 भी स्थापित की गई है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से छात्रों को उनके मानसिक स्वास्थ्य और मनो-सामाजिक मुद्दों के समाधान के लिए टेली-काउंसलिंग प्रदान की जाएगी। **http://manodarpan.mhrd.gov.in/** लिंक के जरिए मनोदर्पण वेबसाइट पर जाया जा सकता है।

भारत और अमेरिका के बीच संयुक्त नौसेना अभ्यास संपन्न

अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क टी एस्पर ने भारत और अमेरिका के बीच हुए नौसेना अभ्यास के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर बधाई देते हुए कहा कि 'हम 21वीं सदी के सभी महत्वपूर्ण रक्षा संबंधों में से एक भारत के साथ अपने बढ़ते रक्षा सहयोग पर प्रकाश डालना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले नवंबर में पहला संयुक्त सैन्याभ्यास सफलतापूर्वक किया गया था।' गौरतलब है कि भारत ने हाल ही में अमेरिका नौसेना के

साथ अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के नज़दीक युद्धाभ्यास किया था। इसमें दक्षिण चीन सागर से लौट रहे अमेरिकी विमानवाहक युद्धपोत यूएसएस निमित्ज ने भी हिस्सा लिया था।

यूएई का मार्स मिशन 'होप' लॉन्च

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का मार्स मिशन 'होप' जापान के तानेगशिमा स्पेस सेंटर से लॉन्च हुआ। हालांकि खराब मौसम की वजह से इसकी लॉन्चिंग में कुछ देरी हुई। यह अरब जगत का पहला अंतरिक्ष मिशन है। होप आर्बिटर के फरवरी 2021 तक मार्स की कक्षा में पहुंचने की उम्मीद है। आर्बिटर कम से कम दो साल तक मंगल की कक्षा के चक्कर लगाएगा। इसमें ऐसे इंस्ट्रूमेंट लगे हैं, जो मंगल ग्रह के ऊपरी वायुमंडल का अध्ययन करेंगे और क्लाइमेट चेंज के बारे में जानकारी जुटाएंगे।

भूटान की जमीन पर चीन का दावा

चीन ने भूटान के भारत से सटे सकतेंग वाइल्ड लाइफ सेंचुरी पर अपना दावा जताया है। चीन ने कहा कि इस क्षेत्र में सीमा

- **चीन ने भूटान के भारत से सटे सकतेंग वाइल्ड लाइफ सेंचुरी पर अपना दावा जताया है।**

निर्धारण नहीं होने से विवाद की स्थिति बन गई है, जबकि भूटान ने इस मुद्दे को सिरे से नकार दिया है।

चीन ने ग्लोबल इन्वायरमेंट फेसिलिटी काउंसिल की 58वीं बैठक में भूटान के

सकतेंग वन्यजीव अभ्यारण्य की जमीन को 'विवादित' बताया था। साथ ही इस परियोजना को होने वाली फंडिंग का 'विरोध' करने का प्रयास किया था।

वॉल्व लगे एन-95 मास्क का प्रयोग न करने के निर्देश

स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर चेतावनी देते हुए वॉल्व लगे एन-95 मास्क के उपयोग पर

- **महंगे होने के बावजूद भी आम लोग वॉल्व लगे मास्क प्रयोग में ला रहे हैं। एन-95 वॉल्व वाले मास्क से संक्रमण की आशंका रहती है।**

प्रतिबंध के निर्देश दिए हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार ऐसे मास्क वायरस को फैलने से रोकने में कारगर नहीं हैं।

इनका इस्तेमाल वायरस को रोकने में नाकामयाब रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक ने स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध एडवाइजरी का जिक्र किया था। इस एडवाइजरी को सरकार ने अप्रैल में जारी किया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी वॉल्व वाले मास्क से बेहतर ट्रिपल लेयर मास्क को बताया है। इस संबंध में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने निर्देश भी जारी किये हैं।

यूक्रेन में

राष्ट्रपति से ट्वीट कराने के बाद छोड़े गये बंधक

यूक्रेन में अपहरण का अनोखा मामला सामने आया है। कई घंटे तक चले इस बंधक संकट का अंत करने के लिए अपहरणकर्ताओं ने अनोखी शर्त रखी थी। उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदयमयर जेलेंस्की से बात की, जिसमें बंदूकधारियों ने राष्ट्रपति के समक्ष वीडियो मैसेज जारी करने की शर्त रखी। वीडियो में राष्ट्रपति को लोगों से अपील करते हुये सिर्फ इतना कहना था कि

- **2005 में आयी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'अर्थलिंग्स' में पशुओं के अधिकारों के बारे में बताया गया है, इस फिल्म के अभिनेता हॉलीवुड स्टार जोआकिन फोनिक्स हैं।**

'सभी लोगों को वर्ष 2005 में आई फिल्म 'अर्थलिंग्स' को देखना चाहिए।' राष्ट्रपति ने तुरंत देशहित में वीडियो पोस्ट कर लोगों से यह फिल्म देखने की अपील की। इसके बाद बंदूकधारियों ने सभी बंधक यात्रियों को तुरंत रिहा कर दिया। हालांकि पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

मध्यप्रदेश शासन

Industrial Training Institute

तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग

मध्यप्रदेश शासन

आईटीआई प्रवेश प्रारंभ

- अगस्त 2020 से प्रारंभ नये सत्र में शासकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश की प्रक्रिया एमपी ऑनलाइन के पोर्टल iti.mponline.gov.in के माध्यम से प्रारंभ।
- समस्त आवेदकों को रजिस्ट्रेशन तथा च्वाइस फिलिंग करना अनिवार्य।
- प्रवेश विवरण एवं अन्य जानकारी निम्न वेबसाइट पर उपलब्ध।

www.dsd.mp.gov.in, iti.mponline.gov.in

93 आकर्षक व्यवसाय
44000 से अधिक सीट्स

रजिस्ट्रेशन एवं च्वाइस फिलिंग

1 जुलाई, 2020 से 31 जुलाई, 2020

संचालक

कौशल विकास

सी.ई.ओ., म.प्र. राज्य कौशल विकास एवं रोज़गार निर्माण बोर्ड

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

रोज़गार की पढ़ाई चलें आईटीआई

प्रदेश के युवाओं को कौशलवान बनाने की दिशा में हम लगातार कार्य कर रहे हैं। इसके लिए प्रदेश के सभी आई.टी.आई. में कई नये आकर्षक व्यवसायों के लिए प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। हमारा प्रयास है कि कौशल के आधार पर युवाओं को रोज़गार के अधिक से अधिक अवसर प्राप्त हों, बेहतर भविष्य मिले और वह प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे सकें, इसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, मंत्री
खेल एवं युवा कल्याण
तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार, म.प्र. शासन

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11046/R-44159/2020

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. मुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-जी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। समाचक - पूर्णेन्द्र पाल सिंह।

आकल्प : म.प्र. माध्यम/2020